आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* ताम्हा पोला ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 41 | इंदौर, शुक्रवार 11 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद अमावस्या संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

चीनी राष्ट्रपति का गलवान झड़प के बाद भारत का पहला दौरा, प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की उम्मीद

## ब्रिक्स समिट में जिनपिंग और पुतिन दोनों भारत आएंगे

### दिल्ली में 15 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 200 पैरामिलिट्री कंपनियां भी रहेंगी, 7 राज्यों की ट्रेनिंग उड़ानों पर रोक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों भारत आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जिनपिंग के भारत दौरे की पुष्टि की। इससे दो दिन पहले रूस ने भी पुतिन के भारत आने की पुष्टि की थी।

जिनपिंग का यह 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत का पहला दौरा होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की भी उम्मीद है। 15 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। चीन ने बाद में अपने चार सैनिकों के मारे जाने की बात मानी थी। नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को ब्रिक्स समिट आयोजित होगा।



इसमें चीन और रूस समेत 11 सदस्य देशों के नेता शामिल होंगे।

भारत और चीन के रिश्ते 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद बुरी तरह बिगड़ गए थे। इस झड़प में दोनों देशों के सैनिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को लेकर तनाव काफी बढ़ गया। हालांकि, इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी की कई मौकों पर मुलाकात हुई है। दोनों नेता दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान आमने-सामने आए हैं। पिछले साल चीन में हुई शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक के दौरान भी दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। इस बार नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक होने की उम्मीद है।

#### ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता कर रहा है भारत

इस साल ब्रिक्स की कमान भारत के पास है। ब्रिक्स दुनिया की बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, ईरान, इथियोपिया, यूएई और इंडोनेशिया भी शामिल हैं।

भारत की अध्यक्षता में पूरे साल अलग-अलग शहरों में बैठकें, मंत्रीस्तरीय सम्मेलन और कई स्तर की चर्चाएं हो रही हैं। भारत का फोकस ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करने, आर्थिक सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, आतंकवाद से निपटने और सप्लाई चेन मजबूत करने पर है। यानी ब्रिक्स को सिर्फ राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि व्यापार, निवेश और विकास के बड़े मंच के तौर पर आगे बढ़ाने की कोशिश है।

#### 14 सितंबर तक ट्रैफिक डायवर्ट

दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर मनीष कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि ब्रिक्स समिट में दिल्ली पुलिस के करीब 15 हजार जवान और पैरामिलिट्री फोर्स की 200 कंपनियां तैनात रहेंगी। स्पेशल कमिश्नर के मुताबिक, एयरपोर्ट, होटल, भारत मंडपम और विदेशी मेहमानों के आने-जाने वाले रास्तों पर खास सुरक्षा रहेगी। प्रतिनिधिमंडलों की आवाजाही के कारण 10 से 14 सितंबर तक ट्रैफिक में बदलाव किया जा सकता है और कुछ रास्तों पर रोक भी लग सकती है। समिट को देखते हुए डीजीसीए ने 7 राज्यों के फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन की उड़ानों पर रोक लगा दी है। यह पाबंदी 11 सितंबर सुबह 7 बजे से 13 सितंबर रात 11 बजे तक रहेगी। इस दौरान इन राज्यों के ट्रेनिंग सेंटर से किसी भी विमान को उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी। इनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। ब्रिक्स समिट नई दिल्ली के भारत मंडपम में 12-13 सितंबर को होगी। इस साल समिट की थीम बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी रखी गई है। विदेशी प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस कई एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है और उनके आने-जाने वाले सभी प्रमुख रास्तों की पहले से जांच की जा चुकी है।

## देश विदेश

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले प्रिंस रहीम आगा खान पंचम

**नई दिल्ली।** भारत के आधिकारिक दौरे पर आए शिया इस्माइली समुदाय के 50वें इमाम प्रिंस रहीम आगा खान पंचम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास और महिला व युवा सशक्तिकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि प्रिंस रहीम आगा खान पंचम से मिलना बेहद सुखद रहा। इस दौरान उनके दिवंगत पिता, स्वर्गीय आगा खान चतुर्थ के विकास कार्यों और सामाजिक योगदान को भी याद किया गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के साथ भारत की मौजूदा साझेदारी को आगे बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में लालू-तेजस्वी समेत 9 पर आरोप तय

**पटना।** आईआरसीटीसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को लालू, तेजस्वी, राबड़ी समेत 9 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। कोर्ट ने 7 आरोपियों को बरी कर दिया है। मामले में ईडी ने 16 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने कहा- राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर अपराध से इनकम और पद के गलत इस्तेमाल का मजबूत शक है। दोनों पटना की उस जमीन का फायदा उठा रहे हैं, जिसे कथित तौर पर 2005 से 2014 के बीच लालू यादव के कहने पर उनके पक्ष में ट्रांसफर किया गया था। तब लालू रेल मंत्री थे। लालू परिवार ने निचली अदालत के अक्टूबर 2025 के उस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे।

### कर्नाटक में वंदे मातरम के दो पैरा ही गाए जाएंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को सरकारी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के सिर्फ पहले 2 अंतरे गाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश राज्य में होने वाले सरकारी कार्यक्रमों पर लागू होगा। लेकिन राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या राज्यपाल के शामिल होने वाले कार्यक्रमों को इससे बाहर रखा गया है। इसी साल 9 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया था कि सभी सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान जन-गण-मन के साथ वंदे मातरम के सभी 6 पद गाए जाएं। इसके बाद 19 अगस्त को कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने वंदे मातरम को लेकर 1937 के अपने प्रस्ताव का पालन करने का फैसला किया। इस प्रस्ताव के तहत पार्टी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के केवल 2 पैरा जाते हैं।

### सैयारा स्टार अनीत पड्डा की सीरीज हुंकार का ट्रेलर रिलीज



**लॉन्च इवेंट में एक्ट्रेस की इंटेंस स्पीच ने सन्नाटा बिखेरा, फातिमा सना भी पहुंचीं**

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा से स्टार बनीं अनीत पड्डा अब सीरीज हुंकार में नजर आने वाली हैं। आज इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट मुंबई में हुआ, जहां सीरीज की पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही, हालांकि इस दौरान अन्य सेलेब्स की मौजूदगी से ज्यादा अनीत पड्डा की एक स्पीच ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। इवेंट में शोर के बीच अनीत पड्डा ने सीरीज और उसकी कहानी से जुड़ी एक इंटेंस स्पीच दी। जैसे ही अनीत ने बोलना शुरू किया, वैसे ही इवेंट का शोर सन्नाटे में तब्दील हो गया। अनीत पड्डा ट्रेलर लॉन्च पर मिनी ड्रेस पहने पहुंचीं। वहीं फातिमा सना शेख फॉर्मल लुक में नजर आईं। मंच पर दोनों की खास बॉन्डिंग दिखी। उनकी अपकमिंग सीरीज 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। सीरीज हुंकार में अनीत पड्डा के साथ फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब नजर आएंगे। सीरीज 17 साल की मीनू रावत की कहानी है, जो प्रभावशाली धर्मगुरु बापजी पर यौन शोषण का आरोप लगाती है। एक बड़े शख्स पर आरोप लगाने के बाद मीनू को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, सीरीज की कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमेगी।

### नैनो न्यूज

- **गुरुग्राम :** दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात, बाइक सवार बदमाशों ने युवक की गोली मारकर की हत्या।
- **नई दिल्ली :** सीजेपी के सौरव दास, आशुतोष रांका को बड़ा झटका, दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा मानहानि केस में पोस्ट हटाना होगा।
- **वाशिंगटन :** ट्रम्प बोले-मिडटर्म चुनाव जीता तो हर वोटर को 5 लाख, इस पर 128 लाख करोड़ खर्च करने होंगे, यह पाकिस्तान की इकोनॉमी का 3 गुना।
- **नई दिल्ली :** भारत ने नेपाल के लिए 8वीं राहत खेप भेजी, 35 टन राहत सामग्री काठमांडू पहुंची, बाढ़ में अब तक 1367 शव बरामद।
- **मुंबई :** आईफोन-18 प्रो सीरीज में अब तक का सबसे पावरफुल प्रोसेसर, कम रोशनी में भी अच्छे फोटो-वीडियो लेगा, पिछली सीरीज से 30 हजार महंगा।
- **नई दिल्ली :** सोनम वांगचुक ने कहा- 19 से 24 सितंबर तक आंदोलन करेंगे, लद्दाख मुद्दे पर सरकार से आश्वासन नहीं मिला।
- **नई दिल्ली :** एसबीआई, पीएनबी और यूको बैंक कल से लगातार 4 दिन बंद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का प्रकोप गहराता जा रहा

## दो दिन में 85 नए मरीज मिले

### कुल आंकड़ा 344 पहुंचा, अकेले रायपुर में 50 एक्टिव केस

**एजेंसी ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का प्रकोप लगातार गहराता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, बीते महज दो दिनों के भीतर प्रदेश में 85 नए मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 344 हो गई है। फिलहाल प्रदेश भर में 122 सक्रिय मरीज हैं, जिनमें से 90 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है और 32 मरीज होम आइसोलेशन में हैं।

स्वाइन फ्लू का सबसे ज्यादा असर राजधानी रायपुर में देखने को मिल रहा है। शहर में 19 नए केस मिलने के बाद जिले में कुल मामलों की संख्या 146 तक पहुंच गई है। रायपुर में इस वक्त 50 एक्टिव केस हैं, जिनमें से 33 मरीजों की गंभीर स्थिति को देखते हुए




उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल, डॉ। भीमराव आंबेडकर अस्पताल और एम्स रायपुर में लगभग डेढ़ दर्जनों मरीजों का इलाज चल रहा है, जबकि अन्य मरीजों का इलाज निजी अस्पतालों में जारी है।

रायपुर के अलावा महासमुंद में 10, बिलासपुर में 3, कांकेर में 2 तथा दुर्ग, रायगढ़ और मुंगेली में 1-1 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। राहत की बात यह है कि अब तक किसी मरीज की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### त्योहारों के सीजन में संक्रमण का खतरा

आगामी त्योहारों के चलते बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ उमड़ रही है, जिससे एच1एन1 संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सकों ने आम जनता को सतर्क रहने की अपील की है। **स्वाइन फ्लू के प्रमुख लक्षण:** तेज बुखार, लगातार खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, अत्यधिक थकान और बदन दर्द। भीड़भाड़ वाली जगहों पर अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करें।

### अल्पेश यशवंत बने मप्र हाईकोर्ट के 30वें नए चीफ जस्टिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

जबलपुर स्थित मप्र हाईकोर्ट को उसका नया मुखिया मिल गया है। न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे ने राज्य के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में औपचारिक तौर पर अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है। भोपाल के लोक भवन के सांदीपनि सभागार में एक भव्य और गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल मंगुभाई



पटेल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जहरीली शराबकांड के आरोपियों के मकानों पर चला बुलडोजर



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सागर**

जहरीली शराब से प्रदेश के सागर में दो दर्जन से अधिक मौतों के बाद सागर के बंडा में प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ बड़ा बुलडोजर एक्शन शुरू किया है। नकली शराब माफिया व करणी सेना के संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत उर्फ चंदू समेत तीन आरोपियों के अवैध निर्माण और मकानों पर कार्रवाई की जा रही है। मौके पर तीन जेसीबी के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। सागर के बंडा-शाहगढ़ में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद प्रशासन ने आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गुरुवार को पुलिस और प्रशासन की टीम करणी सेना के संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत उर्फ चंदू के मकान पर पहुंची और कथित अवैध निर्माण को बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई शुरू की।

मुंबई-गोवा हाईवे में देरी

### नितिन गडकरी ने कहा उद्घाटन में नहीं जाऊंगा

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, मुझे मुंबई-गोवा हाईवे के चौड़ीकरण में हो रही देरी को लेकर शर्मिंदगी महसूस होती है। ये काम 2016 तक पूरा होना था, लेकिन 15 साल में सिर्फ 94% ही पूरा हुआ है।

गडकरी ने यह बात बुधवार को पणजी में छह लेन वाले एलिवेटेड रोड कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा, 'हाईवे का काम पूरा होने के बाद मैं इसके उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं होऊंगा। मैं ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने का रिकॉर्ड बनाना चाहता हूं।' गडकरी ने इस साल 22 जुलाई को राज्यसभा में बताया था कि पिछले 3



साल में नेशनल हाईवे निर्माण में खराब गुणवत्ता वाले काम के लिए 103 ठेकेदार और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया। मुंबई-गोवा हाईवे का चौड़ीकरण का काम 2011 में शुरू हुआ था। इसके बाद भी यह अब तक पूरा नहीं हुआ है। 440 किलोमीटर लंबे इस हिस्से में काम पूरा होने के बावजूद कई जगह सड़क पर गड्ढे, पानी भरने, मरम्मत और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

### तीन दिनों की गिरावट के बाद संभला शेयर बाजार, लेकिन डूबे 1.87 लाख करोड़

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों के बीच भारतीय शेयर बाजार ने तीन दिनों से जारी गिरावट के सिलसिले पर ब्रेक लगा दिया है। शुरूआती उतार-चढ़ाव के बाद बाजार हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहा, हालांकि स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में बिकवाली के कारण निवेशकों की संपत्ति में लगभग 1.87 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। कारोबार के अंत में इरए सेंसेक्स 138.36 अंक (0.19%) चढ़कर 74,902.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 46.30 अंक (0.20%) की मजबूती के साथ 23,477.80 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में आज 1,802 शेयरों में तेजी और 2,224 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

### अमृता फडणवीस बोलीं- मुझे ट्रोल होने वाली पॉलिटिकल वाइफ बना रहे

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने गरबा में मुस्लिमों की एंट्री के समर्थन में फिर से अपनी बात दोहराई। उन्होंने कहा- मुझे इस मुद्दे पर पॉलिटिकल वाइफ बनाकर ट्रोल किया जा रहा है। लेकिन मैं पॉलिटिकल नहीं हूं। मैं एक सोशल एक्टिविस्ट और नागरिक के तौर पर अपनी राय रखती हूं। अमृता ने बुधवार रात नागपुर में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से कहा- नवरात्रि और गरबा जैसे त्योहार सभी को साथ लेकर चलने वाले हैं। इनमें जाति-धर्म का भेद नहीं होना चाहिए। पहचान पत्र जांचना अच्छी प्रैक्टिस है, लेकिन धर्म के आधार पर लोगों की जांच सही नहीं है।

कारोबारी विजय माल्या ने कहा- ब्रिटेन छोड़ने पर रोक

### भारत कैसे लौटूं, सोचता हूं कॉकरोच बन जाऊं

**एजेंसी ▸▸ लंदन**

लंदन में रह रहे कारोबारी विजय माल्या ने बुधवार देर रात फिर भारत सरकार पर अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में चल रही कानूनी प्रक्रिया के कारण वे भारत नहीं लौट पा रहे हैं।

माल्या ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दाखिल हलफनामे में माना है कि उनकी 14 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति से



बैंकों को वसूली हुई है। यह रकम उन बैंकों को लौटाई गई, जिनका पैसा किंगफिशर एयरलाइंस के कर्ज के रूप में बकाया था।

विजय माल्या पर किंगफिशर एयरलाइंस के लिए एसबीआई समेत कई बैंकों से करीब 9 हजार करोड़ का कर्ज लेने और उसे नहीं चुकाने का आरोप है। बैंकों का कर्ज नहीं चुकाने और सीबीआई-ईडी की जांच के बीच 2 मार्च 2016 यानी 10 साल 6 महीने पहले पहले माल्या भारत छोड़कर ब्रिटेन चले गए। बाद में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया गया था। माल्या ने बुधवार देर रात भी एक्स पर पोस्ट में यह भी कहा, मेरे साथ हो रहे अन्याय को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझे कॉकरोच बन जाना चाहिए। शायद कॉकरोच बनकर बेहतर जिंदगी जी सकूं। मैं भगोड़ा नहीं हूं। ब्रिटेन की कानूनी प्रक्रिया ने मुझे भारत लौटने से रोक रखा है।

अमेरिकी थिंक टैंक फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की रिपोर्ट

## भारत के पास 190 परमाणु बम

### 35 और बनाने लायक प्लूटोनियम भी, समुद्र में बना रहा न्यूक्लियर कवच

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

भारत के पास 190 परमाणु हथियार हैं। अगले कुछ सालों में यह 35 और बना सकता है, इस तरह यह संख्या 225 तक पहुंच सकती है। यह जानकारी अमेरिकी थिंक टैंक फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की नई रिपोर्ट में सामने आई है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत समुद्र से परमाणु हमला करने की क्षमता को भी लगातार मजबूत कर रहा है। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों के



बेड़े के जरिए भारत समुद्र में अपना न्यूक्लियर कवच बना रहा है। इन 190 परमाणु हथियारों में से 160 से ज्यादा मौजूदा मिसाइलों के लिए हैं, बाकी नई मिसाइलों के लिए तैयार रखे गए हैं। एफएएस का अनुमान है कि आने वाले समय में भारत के परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ सकती है।

#### भारत के पास 730 किलो प्लूटोनियम

भारत लगातार अपनी परमाणु ताकत को आधुनिक बना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कई नए परमाणु सक्षम हथियार सेना में शामिल किए गए हैं। वहीं, कुछ नए हथियार सिस्टम अभी तैयार किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की शुरूआत तक भारत के पास करीब 730 किलो हथियार बनाने वाला प्लूटोनियम होने का अनुमान है। इतने प्लूटोनियम से 225 तक वॉरहेड बनाए जा सकते हैं। हालांकि रिपोर्ट खुद साफ करती है कि यह सिर्फ अनुमान है, वास्तविक संख्या वॉरहेड के डिजाइन और रिजर्व में रखी सामग्री पर निर्भर करती है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### फिटनेस चेकअप आवश्यक

एक बार फिर से सवारी निकलने के बाद पुजारी के बेहोश होने की स्थिति बनी है। इससे कुछ वर्षों पूर्व सवारी कांधों पर उठाने वाले एक सेवक का स्वास्थ्य बिगड़ने एवं बाद में दुःखद स्थिति बनी थी। उसके बाद कुछ सालों तक सवारी को कांधों पर उठाने वालों के स्वास्थ्य का परीक्षण बराबर करवाया जाता रहा है। इस बार ऐसा कुछ सामने नहीं आया और न ही मंदिर में सेवा देने वालों का ही स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर ही कोई गंभीरता ही रखी जा रही है। पिछले कुछ सालों से मंदिर की वृहद होती व्यवस्था के तहत अब मंदिर से जुड़े हर व्यक्ति के स्वास्थ्य परीक्षण की सालाना स्थिति को नियमितता देने को लेकर विचार किया जाना चाहिए। ये इसलिए भी जरूरी है कि हम सेवा की भावना को सामने रखते हुए श्रद्धालुओं के हित में काम करने की और आगे निरंतर आगे बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में हमने श्रद्धालुओं के आगमन के पिछले सभी रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया है और बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने के लिए हम आगे आए हैं। देश के अन्य मंदिरों मे जहां साल भर में एक करोड़ श्रद्धालु पहुंचते हैं हमारे यहां मात्र एक डेढ़ माह में ही वह आंकड़ा हम पार कर रहे हैं। ऐसे में हमें मंदिर से जुड़े सभी कर्मचारी, पुजारी, पुरोहित एवं अन्य कर्मचारी अधिकारियों के स्वास्थ्य जांच को लेकर गंभीर होना होगा। वैसे भी मंदिर के पास अपना एक अस्पताल है जिसमें इस तरह की जांच के लिए बेहतर आयोजन मंदिर की समिति कर सकती है, जिससे आकस्मिक रूप से होने वाले घटनाक्रमों को रोकने की दिशा में एक पहल हो सकेगी। स्वास्थ्य जांच होने पर अगर किसी को कोई समस्या निकलती है तो ऐसे में समयानुकूल बेहतर उपचार की दिशा में भी आगे बढ़ा जा सकेगा। खुसूर-फुसूर है कि मंदिर को अपने कर्मचारियों के साथ ही पुरोहितों एवं पुजारियो के स्वास्थ्य जांच को लेकर संवेदनशीलता बरतना ही चाहिए। वार्षिक तौर पर स्वास्थ्य जांच के लिए कैंप किया जाना चाहिए। इसमें देश की बड़ी स्वास्थ्य संस्थाएं निःशुल्क अपनी सेवाएं भी देने को तैयार हो सकती है। जिस तरह से देश के अनेक भागों से यजमान पुजारी एवं पुरोहितों के साथ कर्मचारियों अधिकारियों की प्रेरणा से दान को प्रेरित होते हैं वैसे स्वास्थ्य संस्थाएं भी इसमें सहयोग करेगी और सभी स्वस्थ्य एवं मस्त होंगे।

## न्यूज कॉलम


### सड़क चौड़ीकरण में खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने का कांग्रेस ने किया विरोध

**उज्जैन।** सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने की प्रशासन की योजना के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रशासन की हठधर्मिता का विरोध करते हुए विधायक महेश परमार, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता राम धुन गाते हुए खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे। दिनेश जैन बॉस और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कार्यकर्ता भगवा ध्वज और ढोल-धमाकों के साथ कांग्रेस कार्यालय से कंठाल होते हुए मंदिर पहुंचे। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि मंदिर पहुंचकर नेताओं ने भगवान श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन कर उन्हें श्रीफल भेंट किया।

## नैनो न्यूज

- **पर्यावरण संरक्षण** का संदेश लेकर महिलाओं ने खुद बनाए मिट्टी के गणपति, पंजाबी महिला समाज समिति की निशुल्क कार्यशाला में नीता अग्रवाल ने दिया प्रशिक्षण
- **शक्कर व्यापारियों** को तय सीमा में ही स्टॉक रखने के सख्त निर्देश, उचित मूल्य पर चीनी की उपलब्धता के लिए प्रशासन की बैठक, ऑनलाइन पोर्टल पर घोषित करना होगा स्टॉक
- **संत रविदास महाराज** की 650वीं जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा और वाहन रैली, संकल्प समरसता अभियान के तहत नगर निगम सभापति कलावती यादव के नेतृत्व में हुआ आयोजन
- **छात्रों की गूंज,** युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का लिया संकल्प, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं से हुआ संवाद, विधायक महेश परमार व मुकेश भाटी रहे मौजूद

## ट्रेंडिंग




खड़े हनुमान जी की दक्षिण मुखी प्रतिमा विस्थापन में उत्तरमुखी होने की स्थिति

# अब कहीं नहीं जाना है, वो मेरा निर्णय था, अब समग्र सनातन समाज निर्णय करेगा- खड़े हनुमान पुजारी

## मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत तकनीकी रूप से कार्य करेगा नगर निगम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के बडा सराफा में अडिग खड़े हनुमान जी के यहां श्रद्धालुओं की कतार बढती चली जा रही है। बुधवार को भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते रहे। यहां तक की बाहर से श्री महाकालेश्वर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु भी यहां जुटने लगे हैं। इधर खड़े हनुमान मंदिर के पुजारी महेश बैरागी ने विस्थापन के स्थल को लेकर कहा कि अब वहां नहीं जाना है वो मेरा निर्णय था। अब समग्र सनातन समाज निर्णय करेगा।

कंठाल से गोपाल मंदिर के बीच छत्रीचौक के समीप खड़े हनुमान जी की विशाल 8 फीट प्रतिमा निरंतर 6 दिनों से केनोपी बरसात रहित टेंट के अंदर है। उनकी बराबर पूजा अर्चना का क्रम चल रहा है। इस दौरान जैसे-जैसे सोशल मीडिया एवं प्रचार माध्यमों में खड़े हनुमान के विस्थापन में असफलता की स्थिति सामने आ रही है वैसे-वैसे यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।



### जो भी होगा समग्र समाज के निर्णय से

प्रतिमा के वर्तमान स्थापन दक्षिणमुखी एवं विस्थापन में छत्रीचौक पुरानी पानी की टंकी के स्थल पर उत्तरमुखी को लेकर पुजारी बैरागी से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि अब प्रतिमा कहीं नही जाना है वो मेरा निर्णय था और अब समग्र सनातन समाज इसका निर्णय करेगा। जब उनसे पूछा गया कि पुरातन काल में प्रतिमा स्थापना यंत्र, तंत्र और मंत्र आधारित होती थी ऐसे में इस प्रतिमा की स्थापना किस पद्धति पर है तो उनका कहना था कि मेरे पास मंदिर के दस्तावेज मेरे पूर्वजों के पक्ष के हैं। पूर्व समय में प्रतिमा स्थापना में सोना-चांदी भी डाले जाते थे, मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि प्रतिमा की स्थापना किस पद्धति की है। अब प्रतिमा दक्षिण मुखी ही रहना है और वहीं रहेगी।

### महाकाल आने वाले श्रद्धालु भी पहुंच रहे दर्शन को

अडिग खड़े हनुमान के दर्शन करने कतार में लगे जसलोक दसई कानपुर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे श्री महाकालेश्वर दर्शन के लिए उज्जैन आए थे। सोश्यल मीडिया पर जानकारी लगी की यहां कोई खड़े हनुमान की प्रतिमा को प्रशासन हटाने के कई प्रयास कर चुका है और प्रतिमा टस से मस नहीं हो रही है तो कोतुहल भगवान के दर्शन करने यहां परिवार जनों के साथ आए और दर्शन किए हैं। बुधवार को 6ठे दिन भी तोड़े गए मंदिर और यहां सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस गार्ड लगी रही। इसके साथ ही हिन्दुवादी संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। मंदिर के सामने श्रद्धालुओं की कतार को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं और उसी में श्रद्धालुओं की कतार को चलाकर खड़े हनुमान के दर्शन करवाए जा रहे हैं। कुछ लोग यहां झाड़नी भी डलवा रहे हैं और ताबीज भी प्राप्त करते हुए धागा भी बंधवा रहे हैं।

- **प्रदेश ही नहीं देश की राजधानी तक पहुंचा मामला-** इधर बुधवार दोपहर के बाद से इस पूरे मामले में गर्मी आ गई है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक पूरा मामला गमार्या हुआ है। मामले को हर स्तर से आंका जा रहा है। राजनैतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, पुलिस, स्तर पर जानकारियां जुटाई जा रही है। नगर निगम से अब तक किए गए प्रयासों को लेकर भी पूरी रिपोर्ट ले ली गई है। आंतरिक रूप से माहौल के एक दम गर्माने की स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है। अधिकारिक स्तर पर प्रमुख अधिकारियों की बैठक राजधानी से ली जा रही थी। देर शाम तक मामले से जुड़े सभी तथ्यों का विश्लेषण किये जाने की स्थिति भी सामने आ रही थी।
- **तकनीकी महाविद्यालय की रिपोर्ट पहुंची-** इधर बुधवार को नगर निगम के गलियारों में यह बात सामने आने लगी की मंगलवार को एसजीएस आईटीएस एवं आईआईटी की टीम उज्जैन पहुंची थी। टीमों ने स्थल पर सामान्य रूप से पहुंचकर जानकारी जुटाई है। आईआईटी इंदौर की टीम कुछ विशेष तथ्य नहीं जूटा सकी है लेकिन एसजीएस आईटीएस की टीम ने एक पूरी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाकर नगर निगम को भेज दी है। उसके अनुसार ही आगे कार्रवाई की जाना प्रस्तावित किया गया है। सूत्रों का कहना है कि एसओपी के तहत प्रतिमा के दो और गड्ढों को अंजाम देकर पुरी स्थिति से अवगत होकर आगे की प्रक्रिया को बढ़ा जाना ही बेहतर होगा।

# पं. कमल किशोर नागर को धमकी भरे पत्र के विरोध में नागर ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

## उज्जैन में बड़ी संख्या में समाजजन एसपी कार्यालय पहुंचे, दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध संत एवं श्रीमद्भागवत कथावाचक पंडित कमल किशोर नागर जी को विगत दिवस एक कार्यक्रम के दौरान प्राप्त हुए धमकी भरे पत्र को लेकर संपूर्ण नागर ब्राह्मण समाज सहित सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले भक्तों, अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं में आक्रोश है। घटना की समाजजनों और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुरजोर निंदा की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में इस मामले को लेकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है और पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

इसी क्रम में बुधवार, 9 सितंबर 2026 को उज्जैन नगर के नागर ब्राह्मण समाज की ओर से बड़ी संख्या में समाजजन माधव नगर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। दोपहर करीब 12.30 बजे समाजजनों ने एकजुट होकर अपना विरोध दर्ज कराया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा को ज्ञापन सौंपकर धमकी भरे पत्र की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच की मांग की।

एसपी कार्यालय परिसर में समाज के बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने से माहौल में घटना को लेकर आक्रोश स्पष्ट दिखाई दिया। समाजजनों ने कहा कि पंडित कमल किशोर नागर जी केवल नागर ब्राह्मण समाज ही नहीं, बल्कि सनातन धर्म और धार्मिक परंपराओं में आस्था रखने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा के केंद्र हैं। ऐसे में उन्हें धमकी भरा पत्र मिलना अत्यंत गंभीर विषय है।

ज्ञापन के माध्यम से पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि धमकी भरे पत्र के पीछे कौन लोग हैं, इसका शीघ्र पता लगाया जाए। पत्र की जांच के साथ-साथ उससे जुड़े सभी संभावित पहलुओं को गंभीरता से लेते हुए दोषियों की पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। समाजजनों ने कहा कि धार्मिक संत एवं कथावाचकों की सुरक्षा से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस को इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

समाजजनों ने यह भी कहा कि इस प्रकार की धमकियों से धार्मिक एवं सामाजिक वातावरण प्रभावित होता है। सनातन परंपरा, संत-महात्माओं और धार्मिक आयोजनों के प्रति श्रद्धा रखने वाले लोगों में ऐसी घटनाओं से चिंता उत्पन्न होती है। इसलिए प्रशासन को मामले को प्राथमिकता से लेते हुए दोषियों तक पहुंचना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान उज्जैन नगर के विभिन्न क्षेत्रों से नागर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समाजजनों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराते रहेंगे, लेकिन संत समाज और धार्मिक आस्था से जुड़े किसी भी व्यक्ति को धमकी दिए जाने की घटना को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

समाज ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र जांच, दोषियों की पहचान, कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा पंडित कमल किशोर नागर जी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### नागर ब्राह्मण परिषद ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल एवं महासचिव पंडित हेमंत व्यास ने बताया कि परिषद की ओर से इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ई-मेल के माध्यम से शिकायत एवं ज्ञापन भेजे गए हैं। इसमें धमकी देने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों की तत्काल पहचान कर निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में परिषद की विभिन्न शाखाओं द्वारा भी अपने-अपने जिलों के पुलिस अधीक्षकों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। ज्ञापनों के माध्यम से गुरुदेव पंडित कमल किशोर नागर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और धमकी के पीछे किसी भी प्रकार की साजिश होने की स्थिति में उसकी गहराई से जांच करने की मांग की गई है।

# शहर के बाजारों में बप्पा की धूम

## टावर चौक पर सजी गणेश प्रतिमाएं आकर्षक रूपों में नजर आ रहे विघ्नहर्ता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में उत्सव और पर्वों की गूंज निरंतर बनी रहती है। गणेश चतुर्थी को लेकर शहर के बाजारों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्य व्यापारिक केंद्र फ्रीगंज स्थित टावर चौक पर जन्माष्टमी से ही भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं बिक्री के लिए सज गई हैं। विभिन्न आकार और रूपों में तैयार की गई बप्पा की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं और राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

इन प्रतिमाओं में भगवान गणेश के अलग-अलग मनमोहक स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। कहीं बप्पा अर्धचंद्र पर विराजमान हैं तो कहीं कमल के फूल पर आसीन हैं। कुछ प्रतिमाओं में उन्हें रत्नजड़ित सिंहासन पर विराजमान दिखाया गया है। वहीं सिंह पर सवार, मयूर पर विराजित और मूषक पर बैठे गणेशजी की प्रतिमाएं भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

### पगड़ी और रंग-बिरंगी पोशाक में बप्पा

गणेश चतुर्थी से काफी पहले ही गणेश प्रतिमाओं ने बाजार की रौनक बढ़ा दी है। मूर्तिकारों ने इस बार प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने के लिए अलग-अलग डिजाइन की पगड़ियां और रंग-बिरंगी पोशाकें पहनाई हैं। सजी-धजी प्रतिमाओं में बप्पा की मोहक छवि देखते ही बन रही है। बाजार से गुजरने वाले लोग कुछ देर रुककर इन प्रतिमाओं को निहार रहे हैं और पसंदीदा प्रतिमा के बारे में जानकारी लेते नजर आ रहे हैं।

भगवान महाकालेश्वर से पहले अव्यवस्थाओं के दर्शन... जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान...

# सवारी का क्रम खत्म होने के बाद भी बैरिकेट्स नहीं हटाए

## सड़क पर जगह घेरे पड़े बैरिकेट्स बन रहे हैं यातायात में बाधक, सवारी का क्रम खत्म होने के बाद भी नहीं ली जा रही सुध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल क्षेत्र में सवारी के लिए जगह-जगह बैरिकेट्स लगाए गए थे जो वर्तमान में सड़क पर ही पड़े हैं। सोमवार को आखिरी सवारी के साथ ही सवारी का क्रम भी खत्म हो गया है। लेकिन उसके बाद भी सड़क पर पड़े बैरिकेट्स नहीं हटाया गये है इधर-उधर मार्ग पर लापरवाही पूर्वक पड़े बैरिकेट्स को किसी सुरक्षित स्थान पर नहीं रखा गया है इस कारण यह यातायात में बाधक बन रहे हैं।

श्रावण भादो में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी के दौरान पूरे सवारी मार्ग पर भीड़ नियंत्रण को लेकर बैरिकेट्स लगाए गए थे तथा सवारी निकलने के बाद इन बैरिकेट्स को सड़क से हटाकर वही साइड में रख दिया जाता है ताकि अगली सवारी में इनका उपयोग किया जा सके। जब से ही यह बैरिकेड्स सवारी मार्ग पर इधर-उधर पड़े हुए थे। लेकिन बिते सोमवार आखिरी सवारी के साथ ही सवारी का क्रम भी खत्म हो गया। लेकिन बेतरतीब पूरे सवारी मार्ग पर पड़े बेरिकेट्स को अभी तक नहीं हटाया गया है जिससे यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है वही आने जाने वाले लोगों को सड़क पर पड़े बैरिकेट्स की वजह से निकलने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वैसे तो महाकाल क्षेत्र के सभी मार्गों पर पूरे दिन यातायात व्यवस्था बिगड़ी रहती है लेकिन सड़क घेरे पड़े बेरीकैट्स की वजह से यहां पर पूरे दिन रेलम पेल मची रहती है जल्दी निकलने की होड़ में वाहन आपस में गुत्थम गुत्था होते रहते हैं।





### सड़क हुई संकरी निकलते समय फंस रहे वाहन

बीच सड़क पर पड़े बैरिकेट्स की वजह से वाहनों के लिए व पैदल चलने वाले लोगों के लिए जगह कम पड़ रही है सड़क पर इतनी जगह नहीं बचती की लोग यहां से वाहन लेकर लोग आसानी से निकल सके। यहां से निकलने में लोगों को बड़ी मशक्कत करना पड़ती है ऐसे में इस मार्ग पर ई रिक्शा ऑटो अधिकतर निकलते हैं इस कारण सड़क पर जगह कम पड़ जाती है और रोज थोड़ी-थोड़ी देर में पूरे सवारी मार्ग पर जाम के हालात बनते हैं। ऐसे में सड़क पर बड़े बैरिकेड्स की वजह से कई वाहन आवाजाही के दौरान फंस जाते हैं ।

**इन मार्गो पर पड़े हैं बैरिकेट्स-** कोट मोहल्ला चौराहा, चोबीस खम्बा माता मंदिर, गुदरी चौराहा, सराफा, गोपाल मंदिर, कार्तिक चौक, रामघाट सहित पूरे सवारी मार्ग पर बैरिकेड्स सड़क घेरे खड़े हैं।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 11 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में आज पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री लाक्षाकार ने विभाग द्वारा किए गए दस्तावेजों के पंजीयन की जानकारी प्राप्त की। बैठक में उप महानिरीक्षक पंजीयक श्री यू.एस. वाजपेयी, जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू, श्रीमती मंजुलता पटेल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री भास्कर लाक्षाकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें।


### 175 करोड़ रुपये की लागत से होगा ब्रिज का निर्माण

**इंदौर।** शहर के प्रमुख शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए पुराने शास्त्री ब्रिज को तोड़ने से पहले उसके समानांतर नया ब्रिज बनाया जाएगा। इससे निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी और नागरिकों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी।सांसद शंकर लालवानी की लगातार पहल और प्रयासों के परिणामस्वरूप शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को गति मिली है। सांसद श्री लालवानी द्वारा इंदौर की प्रमुख अधोसंरचनाओं को मजबूत करने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर लगातार संबंधित विभागों के साथ चर्चा की जा रही है। शास्त्री ब्रिज का निर्माण कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में वर्तमान ब्रिज के समानांतर नया ब्रिज बनाया जाएगा। योजना के अनुसार नए समानांतर ब्रिज को सिंहस्थ-2028 से पहले यातायात के लिए उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। नया ब्रिज शुरू होने के बाद पुराने शास्त्री ब्रिज को तोड़ा जाएगा।

### 5 .50 लाख रुपये कीमत की 792 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में 10 सितम्बर गुरूवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम बसंदरा वृत्त सांवेर में एक मकान की तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान मौके से कुल 792 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। बरामद मदिरा की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 5.50 लाख रुपये है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बरामद मदिरा मध्यप्रदेश में बिक्री के लिए रखी गई थी। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र जोशी, पवन टीकेकर एवं श्रीमती निधि शर्मा के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती जया मुजाल्दे एवं जयेश वास्केल तथा आबकारी अमले द्वारा की गई।

### 10 ग्राम कम मिठाई देने वाले फर्म पर 5 हजार रुपए का जुर्माना



**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने आज नापतौल विभाग के कार्यों और अब तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। विभाग द्वारा बताया गया कि अप्रैल माह से अब तक 175 प्रकरण बनाए गए है। इसमें रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहारों के दौरान विभाग द्वारा तत्परता से कार्य किया गया। विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा से कम गैस सप्लाई करने पर कार्यवाही की गई। ऑनलाइन शॉपिंग व्यापार के बिग बास्केट द्वारा एमआरपी से अधिक चार्ज करने पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह रक्षाबंधन के दौरान अधिकांश प्रकरण सामने आए है। इसमें 10 ग्राम मिठाई कम देने पर फर्म पर 5 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह ऑटोमोबाइल पार्ट्स पर अधिक चार्ज करने के मामले में 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। बैठक में उपनियंत्रक श्री संजय पाटणकर, नापतौल निरीक्षक खेमराज चौधरी, कपिल कदम सहित के. एस. ठाकुर, शरद शर्मा एवं एम.एम. राजपूत उपस्थित रहें। बैठक में संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर एक व्यवस्थित विभागीय रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के पूरे विस्तार को समझें और उसके उपरांत ही योजना तैयार करें। इसके अलावा उन्होंने शॉपिंग मॉल्स में खाद्य पदार्थो के बिकने वाली वस्तुओं की पैकिंग का सत्यापन प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि नापतौल विभाग द्वारा पहली बार में नोटिस और सुधार के लिए समय दिया जाता है। इसके बाद 1 लाख रुपए तक का जुर्माना।

## नैनो न्यूज

- **आगर – अवैध शराब पर कार्रवाई-** ढाबे की आड़ में जमीन में गड्ढा खोदकर छिपाई गई करीब 1.20 लाख रुपए की अवैध शराब आबकारी विभाग ने जब्त की।
- **सुसनेर – क्षेत्रीय गतिविधियों पर नजर-** सुसनेर की आज की उपलब्ध स्थानीय रिपोर्टिंग में बड़ी नई घटना स्पष्ट नहीं मिली; स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रीय गतिविधियों की खबरें अपडेट हो रही हैं।
- **शाजापुर – स्थानीय घटनाक्रम जारी-** शाजापुर की ताजा उपलब्ध रिपोर्टों में स्थानीय प्रशासन और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की जानकारी सामने आ रही है; बड़ी ब्रेकिंग खबर स्पष्ट नहीं मिली।
- **रतलाम – शहर में चोरी की घटना-** रतलाम के वेद नगर में जिम के बाहर खड़ी बुलेट चोरी होने का मामला सामने आया। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।
- **मंदसौर – एटीएम चोरी का मामला-** मंदसौर में बैंक के एटीएम से लाखों रुपए चोरी होने की खबर सामने आई। पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुटी है।
- **देवास में पुलिसकर्मी सम्मानित हुए-** देवास पुलिस के 22 अधिकारी-कर्मचारियों और सात उत्कृष्ट विवेचकों को बेहतर जांच, अपराध खुलासे और साइबर फ्रॉड राशि वापसी के लिए सम्मानित किया गया।

### पीडब्ल्यूडी में अधिकारियों की पदस्थापना को लेकर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच के लिए उज्जैन से बाहर भेजने की मांग

# भोपाल से आला अधिकारियों की टीम कर सकती है जांच

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विभाग में पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ चल रही जांच और उनके स्थानांतरण को लेकर अब नई चर्चा शुरू हो गई है। आरोप है कि कानीपुरा-तराना-पंथ मार्ग से जुड़े जांच प्रकरण में कार्यपालन यंत्री अजय यादव का नाम भी सामने आया है। ऐसे में मांग की जा रही है कि जांच प्रभावित न हो, इसके लिए उन्हें भी उज्जैन से बाहर स्थानांतरित किया जाए।

मामले में गणेश पटेल के उज्जैन से इंदौर पीआईयू स्थानांतरण का हवाला दिया जा रहा है। पूर्व में प्रकाशित खबरों में पटेल के खिलाफ विभिन्न जांच एजेंसियों में प्रकरण लंबित होने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद उनके स्थानांतरण को लेकर सवाल उठे थे। अब इसी आधार पर यह मांग की जा रही है कि जिन अन्य अधिकारियों के खिलाफ जांच प्रकरण लंबित हैं, उन्हें भी जांच पूरी होने तक संबंधित जिले से बाहर पदस्थ किया जाए।

### सिंहस्थ की तैयारियों के बीच उठे सवाल

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 को लेकर बड़े पैमाने पर सड़क, पुल, बायपास और अन्य अधोसंरचना कार्य किए जा रहे हैं। हाल के महीनों में उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना को लेकर भी बड़ी घोषणाएं और भूमिपूजन हुए हैं। ऐसे समय में लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर उठने वाले सवालों को गंभीरता से देखा जा रहा है। मांग उठाने वालों का कहना है कि प्रदेश सरकार सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर लगातार समीक्षा कर रही है और करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ऐसे में जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच लंबित है, उनकी पदस्थापना को लेकर पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है।

### जांच की मांग

मामले में मांग की जा रही है कि कानीपुरा-तराना-पंथ मार्ग सहित संबंधित निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता, स्वीकृति, भुगतान, कायार्देश और निर्माण की वास्तविक स्थिति की जांच की जाए। साथ ही जिन अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में है, उनके कार्यकाल के दौरान लिए गए निर्णयों और विभागीय रिकॉर्ड का भी परीक्षण किया जाए। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि यदि किसी अधिकारी के खिलाफ जांच चल रही है तो उसे जांच से जुड़े उसी क्षेत्र में पदस्थ रखने का औचित्य क्या है? निष्पक्ष जांच के लिए स्थानांतरण एक प्रशासनिक विकल्प हो सकता है, जिससे किसी अधिकारी पर पूर्वाग्रह का आरोप भी न लगे और जांच की विश्वसनीयता भी बनी रहे।

### कार्रवाई की अपेक्षा

अब मांग की जा रही है कि शासन पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए लंबित जांचों की स्थिति स्पष्ट करे। जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच प्रचलित है, उनकी वर्तमान पदस्थापना की समीक्षा की जाए और आवश्यकता होने पर उन्हें जांच पूरी होने तक अन्य जिले या संभाग में पदस्थ किया जाए। हालांकि किसी अधिकारी के खिलाफ जांच चलना अपने आप में दोष सिद्ध होना नहीं है, लेकिन जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना शासन की जिम्मेदारी है।

### जांच प्रभावित होने की आशंका

आरोप लगाने वालों का कहना है कि कानीपुरा-तराना-पंथ मार्ग से संबंधित मामले में यदि संबंधित अधिकारी उसी स्थान पर पदस्थ रहते हैं जहां विभागीय रिकॉर्ड, दस्तावेज और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपलब्ध हैं, तो निष्पक्ष जांच को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं। हालांकि इन आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच के निष्कर्ष के बाद ही होगी, लेकिन निष्पक्षता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को जांच अवधि में अन्यत्र पदस्थ करने की मांग की जा रही है।

### कार्रवाई को लेकर सवाल

उज्जैन लोक निर्माण विभाग में कई अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त एवं अन्य जांच एजेंसियों की कार्रवाई या जांच प्रचलित होने का दावा किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ मामलों में शासन से अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया भी लंबित है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि यदि किसी अधिकारी के खिलाफ गंभीर जांच चल रही है तो जांच पूरी होने तक उसकी पदस्थापना उसी स्थान पर क्यों रखी जाए।

### निगाहें भोपाल स्तर से होने वाली कार्रवाई पर टिकी

उज्जैन-नागदा फोरलेन से जुड़े मामले में अब भोपाल स्तर से भी जांच कराए जाने की संभावना है। मामले में सामने आए दस्तावेजों और विभागीय दावों को लेकर उच्च स्तर पर संज्ञान लिए जाने की स्थिति में भोपाल से वरिष्ठ अधिकारियों की टीम उज्जैन पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर सकती है। जांच के दौरान सड़क निर्माण से संबंधित टेंडर, स्वीकृति, डीपीआर, कायार्देश, प्रगति रिपोर्ट तथा विभागीय रिकॉर्ड की जांच की जा सकती है। इसके साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों से भी स्पष्टीकरण लिया जा सकता है। यदि जांच में विभागीय रिकॉर्ड और जमीनी स्थिति में अंतर पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होने की संभावना है। मामले को लेकर अब निगाहें भोपाल स्तर से होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।

### कोर्ट में मामला, फिर भी बायपास और उज्जैन-जावरा फोरलेन का काम शुरू

# सिंहस्थ 2028 से पहले काम पूरा करने की कवायद

## मुआवजा दर के विरोध में ग्रामीण हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 से पहले सड़क परियोजनाओं को पूरा करने की कवायद तेज हो गई है। न्यायालय में मामले लंबित होने के बावजूद सिंहस्थ बायपास और उज्जैन-जावरा फोरलेन परियोजना के अटके हिस्सों में निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। विभाग का कहना है कि निर्माण में देरी होने पर सिंहस्थ से पहले परियोजनाओं को पूरा करना मुश्किल हो सकता है।

इधर, परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण और मुआवजा दर पर आपत्ति दर्ज कराने वाले ग्रामीण पीछे हटने के मूड में नहीं हैं। ग्रामीण मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि भूमि और मुआवजे से जुड़े मुद्दों का समाधान होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया की जानी चाहिए।

### विभाग ने दिए काम शुरू करने के निर्देश

कानूनी प्रक्रिया जारी रहने के बीच विभाग की ओर से निर्माण एजेंसियों को अटके हिस्सों में भी काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि दोनों परियोजनाएं सिंहस्थ-2028 की यातायात व्यवस्था और कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण हैं। यदि निर्माण कार्य में और देरी हुई तो समय सीमा में परियोजनाएं पूरी करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



### तीन गांवों में मुआवजा दर को लेकर विरोध

उज्जैन-जावरा फोरलेन के लिए भूमि मुआवजा दर को लेकर घट्टिया क्षेत्र के तीन गांवों के ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें भूमि के बदले निर्धारित मुआवजा दर स्वीकार्य नहीं है। इसी को लेकर विवाद न्यायालय तक पहुंचा है और ग्रामीण अब उच्च न्यायालय में अपनी बात रखने की तैयारी कर रहे हैं।

### सिंहस्थ से पहले पूरा करना जरूरी- एमपीआरडीसी

एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि विभाग ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा है। इसके बावजूद सिंहस्थ की समय सीमा को देखते हुए निर्माण कार्य आगे बढ़ाना जरूरी है। जिन हिस्सों में काम रुका हुआ था, वहां भी निर्माण शुरू कराया जा रहा है। अब एक ओर विभाग सिंहस्थ से पहले सड़क परियोजनाओं को पूरा करने की कोशिश में जुटा है, वहीं दूसरी ओर भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर ग्रामीणों की कानूनी लड़ाई जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में परियोजनाओं की रफ्तार और न्यायालयीन प्रक्रिया दोनों पर नजर रहेगी।

# रामलला तक निकलेगी सनातन स्वाभिमान यात्रा

### 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर उज्जैन से अयोध्या के लिए यात्रा का शुभारंभ करेंगे दिग्विजय सिंह

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

विजयादशमी के पावन पर्व पर 20 अक्टूबर 2026 को महाकाल मंदिर उज्जैन से रामलला मंदिर अयोध्या तक ह्यसनातन स्वाभिमान यात्राह्न निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ शिवधाम उज्जैन से होगा और इसका समापन रामधाम अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ किए जाने की बात कही गई है।



यात्रा को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह यात्रा धर्म, आस्था और सामाजिक सद्भाव के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले लोगों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने यात्रा के निमंत्रण के साथ जय सियाराम और यतो धर्मस्ततो जया का संदेश भी दिया है। विजयादशमी के दिन महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू होकर अयोध्या तक पहुंचने वाली इस यात्रा को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव से जोड़कर देखा जा रहा है। यात्रा को लेकर आयोजकों की ओर से आगामी दिनों में मार्ग, पड़ाव और अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी जारी किए जाने की संभावना है।

# उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार

### योजना अब केवल उज्जैन-इंदौर कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्यप्रदेश में मेट्रो नेटवर्क विस्तार के तहत उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की संशोधित डीपीआर करीब 25 हजार करोड़ रुपये की तैयार कर ली गई है। इसे अब कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्णा चैतन्य ने चर्चा में यह जानकारी दी। इस संशोधित प्रस्ताव के साथ उज्जैन मेट्रो का दायरा भी बड़ा हो गया है। योजना अब केवल उज्जैन-इंदौर कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं है, बल्कि पीथमपुर तक मेट्रो नेटवर्क विकसित करने का प्लान भी इसमें शामिल है। इससे प्रदेश के मालवा क्षेत्र के तीन प्रमुख शहरों को एक ही मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ेगा।

### महाकाल से इंदौर तक करीब 45 किमी पहला चरण

प्रोजेक्ट के पहले चरण में उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर/नानाखेड़ा क्षेत्र से इंदौर के लवकुश चौराहा-सुपर कॉरिडोर तक करीब 45 किलोमीटर का कॉरिडोर प्रस्तावित है। डीएमआरसी द्वारा तैयार शुरूआती डीपीआर में 11 स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। हालांकि अंतिम अप्रूवल से पहले रूट, स्टेशन और अलाइनमेंट में बदलाव हो सकते हैं। उज्जैन शहर में मेट्रो के कुछ हिस्से को अंडरग्राउंड करने की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है।

### 10 से बढ़कर 25 हजार करोड़ तक पहुंचा दायरा

प्रोजेक्ट के शुरूआती दौर में करीब 10 हजार करोड़ रुपये की लागत को लेकर चर्चा थी। बाद में योजना का दायरा बढ़ा और उज्जैन-इंदौर के साथ पीथमपुर को जोड़ने का प्रस्ताव सामने आया। अब संशोधित डीपीआर में 25 हजार करोड़ रुपये की लागत प्रस्तावित की गई है। हालांकि यह अभी प्रस्तावित लागत है। कैबिनेट अप्रूवल के बाद ही प्रोजेक्ट की अंतिम लागत, फंडिंग और निर्माण का अगला रोडमैप स्पष्ट होगा।

# नौकरी का लालच या बैंक खातों का खेल?

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर में म्यूल बैंक अकाउंट के जरिए साइबर ठगी की रकम के लेनदेन को लेकर पुलिस की लगातार कार्रवाई के बीच अब गांधीनगर थाना क्षेत्र में भी ऐसे बैंक खातों को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, नौकरी और काम दिलाने का भरोसा देकर कई युवक-युवतियों के बैंक खाते खुलवाए जाने तथा बाद में इन खातों में बड़ी रकम का लेनदेन होने की आशंका है।यह लेनदेन लाखों रुपये का होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कुछ युवाओं को रोजगार अथवा काम दिलाने के नाम पर बैंक खाते खुलवाने के लिए तैयार किया गया। इसके बाद इन खातों के इस्तेमाल और उनमें हुए लेनदेन को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। खातों के बदले कमीशन दिए जाने की बात भी जांच के दायरे में होने की जानकारी सामने आई है।

# शिप्रा आरती विवाद पर देशभर के तीर्थ पुरोहित उज्जैन में हुए एकजुट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मां शिप्रा की आरती को लेकर चल रहा विवाद अब स्थानीय सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा राणोजी की छतरी के घाट पर आरती कराए जाने की व्यवस्था का देशभर के तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया है। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के विभिन्न प्रमुख तीर्थ क्षेत्रों से पहुंचे पुरोहितों ने इसे पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था में हस्तक्षेप बताते हुए अपनी नाराजगी जताई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन श्री क्षेत्र पंडा समिति, उज्जयिनी एवं समस्त पंडा-पुरोहितों की ओर से किया गया। बैठक की शुरूआत मां शिप्रा के पूजन से हुई। उज्जैन के युवा तीर्थ पुरोहितों ने विधि-विधान से शिप्रा पूजन कराया। इसके बाद धर्मसभा एवं कार्यकारिणी की बैठक में शिप्रा आरती की परंपरा, तीर्थ पुरोहितों की भूमिका और धार्मिक व्यवस्थाओं में प्रशासनिक हस्तक्षेप को लेकर चर्चा हुई।

### परंपरा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि तीर्थों की धार्मिक परंपराएं केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे कई पीढ़ियों की आस्था, परंपरा और पुरोहित समाज का योगदान जुड़ा हुआ है। इसलिए स्थानीय धार्मिक परंपराओं को नजरअंदाज कर प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था में बदलाव करना उचित नहीं है। महासभा ने शासन-प्रशासन से मांग की कि धार्मिक अनुष्ठानों और परंपरागत व्यवस्थाओं में तीर्थ पुरोहितों की भूमिका और अधिकारों का सम्मान किया जाए। संगठन का कहना है कि देशभर के लगभग 135 तीर्थ क्षेत्रों के प्रतिनिधि महासभा से जुड़े हैं। यदि उज्जैन के मामले का समाधान बातचीत और ज्ञापन के माध्यम से नहीं हुआ तो आंदोलन को देश के अन्य तीर्थ क्षेत्रों तक ले जाया जाएगा।

### देशभर के तीर्थों से पहुंचे प्रतिनिधि

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इलाहाबाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण तिवारी, मुख्य वरिष्ठ महामंत्री पंडित नवीन नागर, मथुरा से दास जी महाराज, कानपुर से पंडित श्री चंद्रकांत शिफोला, हरिद्वार से पंडित श्रीकांत वशिष्ठ, रामेश्वरम से पंडित अरविंद मुरलीधर, बैजनाथ धाम से पंडित नुनु भाई मिश्र, अयोध्या से पंडित नंदकुमार मिश्रा, बिठूर से पंडित आशुतोष द्विवेदी एवं पंडित अनुज मिश्रा, त्र्यंबकेश्वर से पंडित हेरंभ शिखरे सहित नैमिषारण्य, काशी, कुरुक्षेत्र सहित देश के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए। श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिवेदी ने उज्जैन की ओर से देशभर से आए तीर्थ पुरोहितों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। स्वागत-सम्मान का संचालन अमर डिब्बे वाले ने किया।

**रामघाट क्षेत्र में शिप्रा आरती को लेकर अगस्त से चल रहा है विवाद -** उल्लेखनीय है कि रामघाट क्षेत्र में शिप्रा आरती की व्यवस्था को लेकर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति और तीर्थ पुरोहितों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। अगस्त में मंदिर समिति द्वारा आरती की व्यवस्था संभाले जाने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसका विरोध किया था। प्रशासन की ओर से इसे आरती को अधिक भव्य, व्यवस्थित और बेहतर स्वरूप देने की पहल बताया गया था, जबकि पुरोहित समाज इसे अपनी पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था में हस्तक्षेप मान रहा है। अब देशभर के तीर्थ पुरोहितों के उज्जैन पहुंचने और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद शिप्रा आरती विवाद ने नया रूप ले लिया है।

### 'उज्जैन से शुरू हुई बात दिल्ली तक जाएगी'

बैठक में वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पुरोहितों की परंपरा और सम्मान की अनदेखी की तो उज्जैन से उठी आवाज दिल्ली तक जाएगी। तीर्थ पुरोहितों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि धार्मिक परंपराओं का संचालन उनकी मूल भावना और वैदिक विधि-विधान के अनुरूप ही होना चाहिए। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण तिवारी ने शासन-प्रशासन से मामले में शीघ्र संज्ञान लेने और तीर्थ पुरोहितों की परंपरागत व्यवस्था एवं अधिकारों को सुरक्षित रखने की मांग की।




### 'तीर्थाटन को पर्यटन न बनाएं'

धर्मसभा में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि सत्ता के सलाहकारों द्वारा धर्म की परंपराओं के अर्थ का अनर्थ नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म कभी पर्यटन नहीं है। तीर्थाटन को पर्यटन में बदलने की कोशिश धार्मिक परंपराओं के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि धार्मिक परंपराओं और तीर्थाटन में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। 'धार्मिक पर्यटन' जैसे शब्दों का प्रयोग करते हुए तीर्थों की मूल धार्मिक भावना को बदलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। मां शिप्रा का क्षेत्र तीर्थाटन का क्षेत्र है और इसे केवल पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने धार्मिक परंपराओं के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को अनुचित बताया।

## न्यूज कालम



### अवैध रूप से रखे पीडीएस खाद्यान मामले में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**टांडा।** पिछले दिनों ग्राम पंचायत बडकच्छ की शासकीय उचित मूल्य दुकान का पीडीएस खाद्यान्न दूसरी पंचायत के ग्राम बांकी(टाण्डा) स्थित एक निजी मकान में पाए जाने के मामला को लेकर जाँच में आरोपियों के दोषी पाए जाने पर कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी निलेश जाधव की शिकायत पर टाण्डा थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। थाना टाण्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान ग्राम बड़कच्छ 2212048 की आवंटित संस्था गंगा स्व सहायता की अध्यक्ष सेवन्ती पति नारायण मछार निवासी बड़कच्छ एवं विक्रेता फूलवन्ती पति पूनमसिंह मिनावा निवासी बड़कच्छ के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 में पुलिस थाना टाण्डा में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी। ज्ञात हो कि इस मामले में ग्रामीणों की शिकायत के बाद नायब तहसीलदार कैलाश डामोर मौके पर पहुंचे थे और संबंधित मकान का निरीक्षण किया था। जिसमे अवैध रूप से पीडीएस खाद्यान्न पाया गया था। जाँच के बाद गेंहू के साथ चावल की मात्रा में भी अंतर पाया गया था।अब देखना ये होगा कि आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक होती है। ओर कब तक वो जेल की सलाखों के अंदर होते हैं।पूर्व में भी गंगा स्वयं सहायता समूह द्वारा कम ज्यादा वजन तोलकर देने का आरोप ग्रामीणो द्वारा लगाया गया था। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत बडकच्छ के ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर धार को की गई थी। जांच के बाद सम्बंधित दोषी भी पाए गए थे।

### समाज सेवक राजू शर्मा ने मरणोपरांत अंगदान करने का निर्णय लिया



**खरगोन।** शिवसेना के जिला अध्यक्ष एवं समाज सेवक एवं धर्म के काम में आगे हाथ बढ़ाने वाले राजू शर्मा ने मरणोपरांत अपने शरीर के अंगदान करने का निर्णय लिया है।राजु शर्मा ने इंदौर की संस्था ,मुस्कान के माध्यम से मरणोपरांत अपने शरीर के नेत्रदान हार्ड किडनी लिवर सभी दान करने का निर्णय किया,बाबत भरे गये फार्म में स्पष्ट करते हुए कहा कि मेरे मरने के बाद मेरे दान दिये शरीर के अंग सिर्फ ही सिर्फ हिंदू समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को ही दिया जाए इसे ही अब अंतिम इच्छा बताया है इस बाबत उन्होंने अपनी धर्मपत्नी एवं बच्चों की सहमति ली है। उन्होंने इंदौर की संस्था, मुस्कान का धन्यवाद किया है जिन्होंने खरगोन में प्रेरणादायक कार्य करने का प्लेटफॉर्म देकर । अवसर प्रदान किया उन्होंने खरगोन के समस्त आमजन से निवेदन किया है कि वह भी मरणों परांत अपने अंगदान करे जो कि वह किसी जरूर मंद व्यक्ति के काम आ सके।

### जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं कौशल विकास व रोजगार विभाग के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 10 सितम्बर को दोपहर 1बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 7 बजे बड़वानी सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे । प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल 11 सितम्बर को प्रातः 11.15 बजे ठीकरी में दादा गुरू जी की पदयात्रा में सम्मिलित होंगे । इसके पश्चात दोपहर 2.30 बजे ग्राम भामी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान कार्यक्रम में भाग लेंगे । इसके बाद दोपहर 3.10 बजे ग्राम कासेल में गौशाला, क्रियाशील पंचायत भवन, हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 3.45 बजे राजपुर में निमार्णाधीन सांदीपनी विद्यालय, रानी दुर्गावती सीनियर बालिका छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात 4.30 बजे पिपरी बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का निरीक्षण एवं समीक्षा कर सायं 5.30 बजे पिपरी बुजुर्ग से इन्दौर के लिये प्रस्थान करेंगे ।

### श्वेताम्बर जैन समाज में तप-त्याग और धर्म आराधना से महक उठा पर्युषण पर्व

**सनावद।** श्वेताम्बर जैन समाज में आठ दिवसीय पर्युषण पर्व श्रद्धा, तप और धर्म आराधना के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को पर्व के तीसरे दिन समाजजनों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर आत्मशुद्धि और संयम का संदेश आत्मसात किया। पर्युषण पर्व के लिए थांदला स्वाध्यायी संघ के माध्यम से स्वाध्यायी बंधु सुरेन्द्रजी तांतेड़ (बड़ौदा) एवं सुरेन्द्रजी पितलिया (नागदा जंक्शन) सनावद पहुंचे हैं। उनके सान्निध्य में प्रतिदिन प्रातः रायसी प्रतिक्रमण एवं प्रार्थना तथा सुबह 8.45 बजे से अंतगढ़ सूत्र वाचन और प्रवचन हो रहे हैं। प्रवचन में सुरेन्द्रजी तांतेड़ ने कहा कि मनुष्य को अपनी प्रशंसा अच्छी लगती है, जबकि निंदा उसे बुरी लगती है। निंदा से व्याकुल होने के बजाय उसे अपने अशुभ कर्मों का उदय मानकर धैर्यपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वस्तु के अभाव में दुःख, भोग में सुख और त्याग में आनंद की अनुभूति होती है। त्याग से पुण्य का उपार्जन होता है। पक्खी पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपवास के प्रत्याख्यान लिए। समाज के पूरव पारेख ने चौथे उपवास का प्रत्याख्यान लेकर तप आराधना की। दोपहर में धार्मिक प्रतियोगिताएं तथा शाम को देवसी प्रतिक्रमण का क्रम भी जारी है।

### मंडलेश्वर- महेश्वर को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिलीं दो सौगातें, सोनोग्राफी मशीन स्वीकृत

**मंडलेश्वर।** नगर और महेश्वर तहसील को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। मंडलेश्वर सिविल अस्पताल में लंबे समय से रिक्त चल रहे स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ दीपिका पंवार की पदस्थापना हुई है। वहीं महेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सोनोग्राफी मशीन स्वीकृत हुई है। इससे मंडलेश्वर, महेश्वर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर जांच सुविधा मिल सकेगी। डॉ पंवार की पदोन्नति के बाद नई पदस्थापना मंडलेश्वर सिविल अस्पताल में की गई है। वे इससे पहले जिला अस्पताल में पदस्थ थीं। स्थानांतरण के बाद बुधवार को उन्होंने अस्पताल में कार्यभार ग्रहण कर लिया। बता दें अस्पताल में एमडी मेडिसिन, सर्जन, एनेस्थीसिया, शिशु रोग विशेषज्ञ और दंत चिकित्सक पहले से पदस्थ हैं, लेकिन लंबे समय से स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त था। अब विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना होने से महिला मरीजों और प्रसूताओं को काफी राहत मिलेगी। अब तक अन्य स्थानों और निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती थी। शासन की ओर से प्रदेश के 8 जिलों के 9 अस्पतालों के लिए सोनोग्राफी मशीन स्वीकृत की गई हैं। इनमें खरगोन जिले के महेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी एक मशीन मिली है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मातृ स्वास्थ्य योजना के तहत यह मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक महेश्वर-मंडलेश्वर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सोनोग्राफी जांच के लिए निजी सेंटरों पर जाना पड़ता था।

## नए रेलखंड के लोकार्पण के बाद पहले दिन स्टेशन पर रही चहल-पहल, 36 लोगों ने की यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा(धार)



लंबे समय से जिस रेल सुविधा का टांडा क्षेत्र के लोग इंतजार कर रहे थे, वह सपना अब हकीकत बन गया है। नए रेलखंड के लोकार्पण के बाद बुधवार को यात्री ट्रेन संचालन का पहला दिन रहा। टांडा रोड रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली।

पहली यात्री ट्रेन के आगमन और प्रस्थान को लेकर यात्रियों के साथ उनके परिजनों और स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह नजर आया। पहले दिन टांडा रोड रेलवे स्टेशन से 21 टिकटों पर 36 यात्रियों ने मेमू ट्रेन से सफर किया। यात्री ट्रेन का पहला टिकट थाना प्रभारी संजय रावत और उनकी टीम ने लिया।

पुलिस टीम ने टांडा रोड से डेकाकुण्ड तक यात्रा की। लंबे समय बाद क्षेत्र से यात्री ट्रेन की सुविधा मिलने पर यात्रियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कई यात्रियों ने ट्रेन में बैठने के बाद अपने इस यादगार सफर को मोबाइल कैमरे में भी कैद किया। प्रतापनगर (वडोदरा) से मेमू ट्रेन निर्धारित समय पर रवाना हुई और टांडा रोड रेलवे स्टेशन पर सुबह 9.23 बजे, निर्धारित समय से 12 मिनट पहले पहुंची। वहीं टांडा रोड से प्रतापनगर के लिए ट्रेन निर्धारित समय पर रवाना हुई।

ट्रेन के संचालन के पहले दिन यात्रियों में खासा उत्साह नजर आया। यात्री ट्रेन के निर्धारित समय से पहले ही लोग स्टेशन पहुंचने लगे थे। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही यात्रियों की उत्सुकता बढ़ गई।

पहली बार टांडा रोड से नियमित यात्री ट्रेन में बैठकर सफर करने वाले लोगों के लिए यह पल खास रहा। टांडा रोड रेलवे स्टेशन से यात्री ट्रेन का संचालन शुरू होना क्षेत्र के लिए केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि विकास के नए द्वार खुलने के रूप में देखा जा रहा है। पहले दिन स्टेशन पर दिखाई दी चहल-पहल इस बात का संकेत रही कि लोगों को इस नई रेल सुविधा से काफी उम्मीदें हैं। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे लोगों को ट्रेन के संचालन और समय की जानकारी होगी, यात्रियों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

## 17 को रेवा गुर्जर धर्मशाला में मनेगा विश्वकर्मा पूजन दिवस महोत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



विश्वकर्मा समाज के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस 17 सितंबर को भक्ति भाव और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पूजन दिवस पर विश्वकर्मा युवा संगठन द्वारा एक भव्य पूजन दिवस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव को सफल बनाने के लिए संगठन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग मिल रहा है।

संगठन अध्यक्ष दिलीप कर्मा, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कर्मा और सचिव राजू कर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस समारोह गौरीधाम स्थित रेवा गुर्जर धर्मशाला में आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह शुभ मुहूर्त में होगी, जिसमें समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। मुख्य आयोजन भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के पूजन और महाआरती का होगा। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। कोषाध्यक्ष राकेश कर्मा, सह-सचिव सुनील कर्मा, मीडिया प्रभारी जितेंद्र कर्मा ने बताया कि पूजन दिवस महोत्सव में कई भजन.कीर्तन कार्यक्रम भी होंगे, जो पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे।

## दही हांडी में हिंदू वीर सेना ने रचा इतिहास, 6 पिरामिड बनाकर फोड़ी हांडी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दादा मित्र मंडल द्वारा आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में इस बार रोमांच चरम पर रहा। हिंदू वीर सेना, बुरहानपुर ने 6 पिरामिड बनाकर पहले ही प्रयास में हांडी फोड़कर शानदार जीत हासिल की और नया रिकॉर्ड बनाया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार २१ हजार रुपये रखा गया था। द्वितीय स्थान पर रही टीम का हौसला बढ़ाने के लिए दादा मित्र मंडल ने ११ हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की। वहीं जनसहयोग से प्रोत्साहन राशि बढ़कर 24,600 रुपये हो गई, जिसमें गोविंद राजपूत ने एक हजार, आकाश चौहान ने एक हजार, आकाश क्लॉडिया ने 500 और नितिन दशोरे ने 1100 रुपये का सहयोग दिया। दादा मित्र मंडल द्वारा लगातार चार वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले वर्ष ऑटो स्टैंड पर हुई प्रतियोगिता में हिंदू वीर सेना ने ही जीत हासिल की थी। दूसरे और तीसरे वर्ष अंबेडकर चौराहे पर आयोजित प्रतियोगिता में हनुमान व्यायाम शाला, बुरहानपुर ने लगातार दो बार जीत दर्ज की। चौथे वर्ष फिर हिंदू वीर सेना ने 6 पिरामिड बनाकर इतिहास रच दिया। कार्यक्रम में गजेंद्र पाटिल ने कहा कि दही हांडी की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि इसमें हर व्यक्ति दूसरे का सहारा बनता है। नीचे खड़ा व्यक्ति ऊपर वाले को कंधे पर उठाता है और सबसे ऊपर पहुंचा युवा पूरी टीम की मेहनत से हांडी फोड़ता है। यही भावना समाज में भी होनी चाहिए।

भाजपा मंडल महामंत्री राहुल यादव ने कहा कि पिछले वर्ष उन्होंने तय किया था कि 2026 में नेपानगर की टीम भी हिस्सा लेगी, लेकिन इस बार टीम नहीं उतर सकी। उन्होंने चिंता जताई कि नेपानगर का युवा पारंपरिक खेलों से दूर हो रहा है, जिसका कारण शहर के ऐतिहासिक अखाड़े का निष्क्रिय होना है। प्रथम हिंद केसरी रामचंद्र पहलवान के संरक्षण वाले इस अखाड़े के जीर्णोद्धार से युवा फिर से कुश्ती और पारंपरिक खेलों से जुड़ सकते हैं।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल के सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में राहुल यादव, नितेश वर्मा और दादा मित्र मंडल की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नेपानगर में 33.80 लाख के गार्डन में लापरवाही उजागर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

नगर के वार्ड क्रमांक 11 में केंद्र शासन की अमृत 2.0 ग्रीन स्पेस पार्क योजना के तहत लगभग 33 लाख 80 हजार रुपये की लागत से बनाए जा रहे गार्डन में भारी अनियमितता सामने आई है। ठेकेदार द्वारा अभी तक गार्डन को पूर्ण कर नगरपालिका परिषद को सुपुर्द भी नहीं किया गया है, इसके बावजूद नगरपालिका द्वारा स्व-सहायता समूह से घास कटाई का कार्य कराया जा रहा है, जो शासकीय राशि के दुरुपयोग पर सवाल खड़े करता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गार्डन की वर्तमान स्थिति दयनीय बनी हुई है। चारों तरफ बड़ी-बड़ी घास उगी हुई है। सबसे गंभीर समस्या जल निकासी की है। गार्डन में पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं बनाए जाने से पूरा गार्डन तालाब में तब्दील हो गया है। जगह-जगह पानी भरा होने से गंदगी फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इसी गंदगी के कारण आसपास के क्षेत्र में वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे हैं। नियमानुसार ठेकेदार को गार्डन को पूरी तरह स्वच्छ और साफ-सुथरा कर नगरपालिका को सुपुर्द करना था, लेकिन ठेका कार्य अधूरा होने के बाद भी नगरपालिका द्वारा समूह को घास काटने का काम सौंप दिया गया।

इस संबंध में नगरपालिका परिषद नेपानगर के उप यंत्री प्रकाश बड़वाह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हरित क्रांति अभियान के तहत बगीचों की साफ-सफाई और मच्छर-मक्खियों पर नियंत्रण के लिए समूह को घास कटाई का कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार का काम लगभग-लगभग पूरा हो चुका है और गार्डन में भरे पानी के लिए 10 से 12 दिनों के भीतर मुरम डलवाकर पानी निकासी का रास्ता बना दिया जाएगा।

## लोक अदालत में निपटाएं बकाया कर, अधिभार में पाएं छूट

**बड़वानी।** नगर पालिका परिषद बड़वानी में 12 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बडवानी द्वारा नागरिकों को बकाया करों के भुगतान का विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत जलकर, संपत्तिकर, दुकान किराया एवं नगर पालिका से संबंधित अन्य करों की बकाया राशि पर देय अधिभार में शासन के प्रावधानों एवं ई - नगर पालिका अधिनियम / नियमों के अनुसार वर्ष 2025-26 तक निर्धारित छूट प्रदान की जाएगी। नगर पालिका परिषद बड़वानी ने नगर के समस्त करदाताओं एवं बकायादारों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया जलकर, संपत्तिकर, दुकान किराया एवं अन्य करों की राशि का समय पर भुगतान करें।



## टोकसर मंदिर की दानपेटी पर हाथ साफ करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

नर्मदा परिक्रमा में आने वाले प्रसिद्ध टोकसर मंदिर परिसर की दानपेटी से हुई चोरी का सनावद पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम 3703 रुपए, दानपेटी और वारदात में प्रयुक्त करीब 80 हजार रुपए कीमत की पल्सर बाइक जब्त की है। मामला 9 सितंबर का है। मंदिर परिसर से दानपेटी चोरी होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर पुलिस को कुछ संदिग्ध नजर आए।

मुखबिर तंत्र की मदद से उनकी पहचान मोहित उर्फ रोहित, अमित उर्फ गोल्ड, आदित्य उर्फ आदी और नीरज राठौर के रूप में हुई। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की रकम, दानपेटी और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से तीन के खिलाफ पूर्व में भी चोरी सहित अन्य अपराध दर्ज हैं।

## पुरानी पेंशन समेत कर्मचारियों ने उठाई 27 मांगें,मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम भेजा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की महेश्वर तहसील इकाई ने प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों की न्यायोचित एवं लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भेजा है। संघ ने मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर आदेश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना लागू करने, वेतन विसंगतियां दूर करने, पदोन्नति और नियमितीकरण सहित 27 मांगें रखी गई हैं। संघ ने मांग की है कि प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ लागू की जाए तथा ग्रेच्युटी की सीमा केंद्र के समान 25 लाख रुपए की जाए। प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग भी की गई है। शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कार्य विभाग में नवीन शैक्षणिक संवर्ग की सेवा अवधि नियुक्ति दिनांक से माने जाने की मांग रखी गई है। ज्ञापन में कर्मचारियों के लिए केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान सम्मानजनक वेतनमान, दैनिक वेतनभोगी, संविदा एवं स्थायी कर्मियों के नियमितीकरण तथा रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की मांग की गई है।

सचिवा लयीन संवर्ग के समान वेतनमान देने की मांग भी शामिल है। संघ ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं वेतन विसंगतियों का शीघ्र निराकरण, नेत्र चिकित्सा सहायकों का पदनाम बदलकर नेत्र चिकित्सा अधिकारी करने तथा महिला स्वास्थ्य कार्य कर्ताओं को प्रशिक्षण के बाद पदोन्नति का प्रावधान करने की मांग की है।



## आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, बिक्री, परिहवन एवं संग्रहण पर की कार्यवाही

**बड़वानी ।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री, संग्रहण, चोर्यनयन / निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निदेशों के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अभिलाषा सिंगोरिया वर्मा के नेतृत्व में 09 सितम्बर को आबकारी बल द्वारा वृत राजपुर के राजपुर शहर में ढाबों एवं मछली मार्केट में तथा सेंधवा में ग्राम नवलपुरा एवं बोरली वृत खेतिया में ग्राम निवाली में दबीस देकर देशी मदिरा 7.02 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा 15.66 बल्क लीटर, माल्ट मदिरा 8 बल्क लीटर, हाथभट्टी मदिरा 70 बल्क लीटर जप्त की तथा 440 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर मौके पर फैलाया जाकर नष्ट किया। उक्त कार्यवाही के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत आबकारी विभाग द्वारा कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त की गई मदिरा एवं महुआ लहान की अनुमानित कीमत लगभग 69 हजार 152 रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक दिलीप जायसवाल, कमलेश बामनिया, सुश्री विभा नांदले, आबकारी प्रधान आरक्षक इरफान अली, सुदेश आचार्य, हुकुम पाटीदार, श्रीमती गंगा सोलंकी, आबकारी आरक्षक सुश्री प्रिया सुल्या, श्री इमलेश पवार, उपस्थित थे।




## कथावाचक कमल किशोर नागर को धमकी भरा पत्र, गौभक्तों ने की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**खरगोन।** प्रसिद्ध कथावाचक कमल किशोर नागर और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला गमार्ने लगा है। गुरुवार को संत को मिले धमकी भरे पत्र पर गौभक्तों एवं उनके अनुयायियों ने नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज कराया। बड़ी संख्या में गौभक्त मंडल ने एसडीएम कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। यहां पूर्व विधायक रवि जोशी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि यह धमकी भरा पत्र 4 सितंबर को जिला झाबुआ के भूराडाबरा स्थित श्री गुरुकृपा शबरी गौशाला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित रात्रिकालीन सत्संग कार्यक्रम के दौरान सामने आया। श्रद्धालुओं द्वारा भेंट की गई सामग्री, शाल और श्रीफल आदि के साथ एक धमकी भरा पत्र मिला, जिसमें जान से मारने की धमकी दी गई है। पत्र की भाषा और विषयवस्तु को अत्यंत गंभीर बताते हुए गौ भक्त मंडल, निमाड़ क्षेत्र खरगोन ने इस मामले की तत्काल जांच और दोषी व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। मंडल ने ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि कमल किशोर नागर लंबे समय से धार्मिक और सामाजिक जन-जागरण तथा गौ.संरक्षण के कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

## नेपानगर में सवारी छोड़कर लौट रहे चालक से लूटपाट और मारपीट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

नगर के सात नंबर गेट क्षेत्र में देर रात लूट और मारपीट की वारदात सामने आई है। सवारी छोड़कर लौट रहे चार पहिया वाहन चालक को तीन अज्ञात बदमाशों ने गाड़ी के आगे गाड़ी अड़ाकर रोक लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर लूटपाट की।


पीड़ित युवक शाहरुख मंसूरी ने बताया कि वह सवारी गाड़ी लेकर खेरदा, धर्मपुरी के पास सवारी छोड़ने गया था। वहां से लौटते समय रात करीब सवा 12 बजे नेपानगर के सात नंबर गेट के पास तीन अज्ञात लड़कों ने उसकी गाड़ी के सामने गाड़ी खड़ी कर दी। बदमाशों ने गाड़ी से मोबाइल छीनने की कोशिश की, पैर पकड़कर नीचे खींचा और तीनों ने मिलकर बेरहमी से मारपीट की। शाहरुख ने जैसे-तैसे मोबाइल तो बचा लिया, लेकिन बदमाशों ने उसका पर्स लूट लिया। पर्स में घर से ले गए 1 हजार रुपये और भाड़े के 6 हजार रुपये, कुल 7 हजार रुपये रखे थे। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान एक बाइक सवार राहगीर ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों को भगाया और उसकी जान बचाई। इसके बाद पीड़ित ने डायल 100 पर कॉल किया, लेकिन कॉल नहीं लगा तो उसने डायल 100 के ड्राइवर के निजी नंबर पर संपर्क कर पुलिस को बुलाया। पुलिस मौके पर पहुंची और सात नंबर क्षेत्र में सर्चिंग की, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पुलिस ने पीड़ित को सुबह थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा। पीड़ित ने बताया कि घटना रात 13.40 बजे के आसपास की है। आज सुबह थाने पहुंचकर उसने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दस्तावेज गुम होने की जाहिर सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आलोट के अध्यक्ष श्री हरपालसिंह जी सोलंकी पिता मोहनसिंह जी सोलंकी जाति राजपूत निवासी बड़ा रावला आलोट तह. आलोट ने विक्रेता अहदम खां पिता मोती खां व बाबू हुसैन पिता ईब्राहिम निवासीयान आलोट तह. आलोट ने नगर पंचायत सीमा आलोट वार्ड क्रमांक 13 नगर परिषद आलोट से भूमि सर्वे क्रमांक १३५८ रकबा 1.598,0 हैक्टेयर की भूमि कय की थी जिसका रजिस्टर्ड दस्तावेज क्रमांक 591 ग्रंथ क्रमांक 71 दिनांक 06.06.1967 के माध्यम से खरीदी थी उक्त असल रजिस्टर्ड दस्तावेज कहीं गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज किसी को भी मिले तो वह मेरे कार्यालय कोर्ट परिसर चैम्बर नम्बर 10 आलोट में या विपणन सहकारी संस्था मर्यादित कारगील चौराहा आलोट पर आकर देने की कृपा करे। उक्त दस्तावेज गुम होने की सूचना पुलिस थाना आलोट पर भी दे दी गयी है। उक्त दस्तावेज को लाकर देने वाले को मेरे पक्षकार द्वारा उचित ईनाम दिया जावेगा। यदि रजिस्ट्री के संबंध में कोई जानकारी किसी व्यक्ति को हो तो उक्त दस्तावेज मेरे कार्यालय में 7 दिवस में प्रस्तुत करें। दिनांक 10.09.2026

**युसूफ शाह एडवोकेट**
**कार्यालय चेंबर नंबर 10 कोर्ट परिषद आलोट**
**जिला रतलाम म.प्र. मोबाइल- 99260-57196**

# स्वाद के लिए लगाव जरूरी



आप चाहे जिस किसी क्षेत्र में हों, यदि अपने आप को उसमें पूरी तरह शामिल करके उत्साह से काम नहीं करेंगे, तो आपको आत्मसंतोष नहीं मिलेगा। काम करने की जगह ही नहीं, अपने माता-पिता, पत्नी या पति और बच्चों के प्रति पूरा लगाव न रखें, तो जिंदगी एक ऐसा फंदा या जाल बन जाएगी, जिसमें आप अनजाने ही फंस गए हों। लगाव रखने पर वह स्वर्ग होगा, लगाव के बिना वही नरक बनेगा।

ऐसी किसी एक चीज का नाम बताइए, जिसका पूरी लगाव के बिना आपने स्वाद लिया हो। सोचकर देखिए, अपने मन और शरीर को पूर्ण रूप से लगाए बिना आपने कोई सफलता या उपलब्धि पाई है? आप जिंदगी के किसी भी मुकाम पर हों, आपकी ज्यादातर कामयाबी को तय करने वाला प्रमुख पहलू क्या है? अपने मन और शरीर को आप किस हद तक उस काम में झोंक सकते हैं, यही वह खास पहलू है।

एक नेता के लिए आवश्यक लक्षण क्या-क्या हैं? अपने कार्य में उसे पूरी तरह से जुटे रहना चाहिए। पूर्ण रूप से अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। हार से हौसला खोए बिना, एक नए अवसर के रूप में लेते हुए, उसे स्वीकार करने की मनोदशा होनी चाहिए। जीवन का सबसे सरल पक्ष यही है कि यदि आपका अंतःकरण पूरी तरह से शांत रहे, तो चाहे सफलता हो या हार, जीवन का प्रत्येक पक्ष सरल लगेगा। जिंदगी बिना संघर्ष के सहज रूप से चलेगी। यदि मन में शांति नहीं है, तो हरेक चीज मुश्किल लगेगी। छोटी-छोटी बात भी उलझन से भरी लगेगी। यही सारे पहलू खेल-कूद में भी पाए जाते हैं।

खेल-कूद में दूसरों को अपने में शामिल करने की प्रवृत्ति रहती है। अपने दल का आदमी मानकर दूसरे को किसी तरह के राग-द्वेष से परे होकर मिला लेते हैं। टीम के सभी लोग अपनी विभिन्नताओं को भूलकर एक ही उद्देश्य से, एक ही लक्ष्य को मन में रखकर सक्रिय रहते हैं। दूसरों को अपने साथ मिलाने की प्रकृति स्वयं एक अच्छे समूह के निर्माण का आधार है। हजार घंटों तक आध्यात्मिक उपदेश देने के बजाय केवल एक घंटा खेल-कूद में लगाने पर आप देख सकते हैं कि एक समूह किस तरह अपने को दृढ़ता से स्नेहपाश में बांध रहा है।

खेल का सबसे बड़ा पहलू क्या है? इसमें आधे-अधूरे मन से लगना संभव नहीं है। मैदान में खेला जाने वाला कोई भी खेल हो, जिसमें आपका शरीर और मन लगा रहेगा, सही ढंग का खेल होगा, नहीं तो वह भी नरक बन जाएगा। एक गेंद को उठाकर फेंकना है और अगर उससे पूरा लगाव नहीं है, तो वह आसानी से संभव नहीं होगा। जिंदगी भी खेल की तरह है। जीवन को संपूर्ण बनाने के लिए उत्साह और लगन पूर्ण रूप से आवश्यक हैं। आधी-अधूरी जिंदगी बिताना यातना ही है।



## सम्पादकीय

# अवैध निर्माण पर प्रहार

जर्जर और अवैध भवनों को ध्वस्त करने की कोई भी कार्रवाई स्वागतयोग्य है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम को शहर के कई हिस्सों में अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और इस दिशा में मुस्तैदी से काम होना ही चाहिए। दिल्ली में सत्य निकेतन भवन के ढहने से हुई सात छात्रों की मौत को भुलाया नहीं जा सकता। इससे पुख्ता सबक लेने की जरूरत है। कहीं ऐसा न हो कि रात गई, बात गई जैसा कुछ फिर दोहराया जाए। गहरा अफसोस, भवन ढहने से मौत दिल्ली के लिए विरल बात नहीं है। यहां हर साल भवन गिरने से 1,000 से ज्यादा लोग जान गंवाते हैं, आगजनी की वजह से करीब 4,000 लोगों की जान जाती है। गौर करने की बात है, साल 2023 में दिल्ली में नगर नियोजन या निगरानी के अभाव में 6,054 और साल 2024 में 5,971 लोगों की जान गई थी। ये आंकड़े झकझोरते हैं, पर क्या शासन-प्रशासन की नींद टूट गई है?

अभी भवन ढहने का जो हादसा हुआ है, उसमें महज एक मंजिल की इजाजत थी और पांच मंजिला निर्माण हो चुका था। बगैर कंक्रीट पीलर के न जाने कितने भवन दिल्ली में खड़े हैं? ऐसे भवनों को गिराने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं है। क्या ऐसे भवनों को मजबूती या वैधता देने के लिए यथोचित अभियांत्रिक प्रयास हो सकते हैं? जिन भवनों को अंदर या बाहर से मजबूत बनाया जा सकता है, उन्हें बचाया जाए और बाकी तमाम जर्जर-जोखिम भरे भवनों को जल्द से जल्द ध्वस्त करने में हिचकना नहीं चाहिए। जर्जर भवनों को ध्वस्त करने का आदेश बीच में ही वापस नहीं लेना चाहिए। अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी से इस आदेश को अंजाम देना चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने उचित ही सभी वरिष्ठ एमसीडी अधिकारियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद रहने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा असुरक्षित भवनों के निर्माण और मंजूरी की जांच के आदेश भी सराहनीय हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को कठघरे में खड़ा करने में कोई हर्ज नहीं है। पीजी आवासों, विशेष रूप से मुखर्जी नगर, राजेंद्र नगर, लक्ष्मी नगर, सत्य निकेतन और साकेत जैसे छात्रों के रिहायशी इलाकों में भवनों की सुरक्षा की जांच युद्ध स्तर पर होनी चाहिए। असुरक्षित भवनों को ढहा देने में ही समाज व देश की सुरक्षा है। अगर सरकार नए पेइंग गेस्ट कानून बनाने की योजना बना रही है, तो यह किसी खुशखबरी से कम नहीं है।

## शिकागों दिवस पर विशेष

# 11 सितंबर 1893- शिकागो के मंच से विश्व ने सुना भारत का शाश्वत दर्शन

कभी-कभी इतिहास में कोई एक क्षण सदियों की मौन साधना को स्वर दे देता है। 11 सितंबर 1893 का दिन ऐसा ही एक क्षण था। अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद का विशाल मंच सजा था और दुनिया के अनेक धर्मों एवं सभ्यताओं के प्रतिनिधि वहाँ उपस्थित थे। उसी



अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

मंच पर भारत का एक युवा संन्यासी खड़ा हुआ। उसके पास न कोई राजनीतिक सत्ता थी, न किसी साम्राज्य का समर्थन और न पश्चिमी दुनिया में कोई स्थापित पहचान। उसके पीछे था तो केवल भारत का हजारों वर्षों का चिंतन, उसकी तपस्या से अर्जित दार्शनिक दृष्टि और समूची मानवता को एक परिवार मानने वाली उसकी सांस्कृतिक चेतना। जब उस संन्यासी ने कहा अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों तो यह केवल एक संबोधन नहीं था, यह भारत की आत्मा का विश्व से आत्मीय संवाद था। उस दिन स्वामी विवेकानंद ने केवल हिंदू धर्म का परिचय नहीं दिया था। उन्होंने विश्व के सामने उस भारत का दर्शन रखा था, जिसने जीवन के सबसे गहरे प्रश्नों पर हजारों वर्षों तक विचार किया है। यह वह भारत था, जिसके लिए धर्म किसी संकीर्ण पहचान का नाम नहीं, बल्कि सत्य की खोज की यात्रा है, जिसके लिए विविधता विभाजन नहीं, अस्तित्व की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है और जिसके लिए मनुष्य केवल शरीर नहीं, बल्कि चेतना का एक विराट आयाम है। 11 सितंबर 1893 भारतीय इतिहास में इसलिए स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है कि उस दिन भारत ने अपनी सांस्कृतिक और दार्शनिक पहचान को किसी संकोच के साथ नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ विश्व के सामने रखा। यह केवल एक भाषण की सफलता नहीं थी, यह उस सभ्यता की वैचारिक प्रतिष्ठा का क्षण था, जिसे औपनिवेशिक मानसिकता ने लंबे समय से पिछड़ेपन और अंधविश्वास के चश्मे से देखने का प्रयास किया था।

1893 का भारत राजनीतिक पराधीनता, सामाजिक चुनौतियों और आत्महीनता के दौर से गुजर रहा था। ऐसे समय में भारत के एक युवा संन्यासी का अमेरिका की धरती पर जाकर विश्व धर्म संसद के मंच से अपनी सभ्यता का परिचय कराना असाधारण घटना थी। स्वामी विवेकानंद के मन में यह भाव दृढ़ हो चुका था कि भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक विरासत को विश्व के सामने रखा जाना चाहिए। मार्ग में अनेक कठिनाइयाँ आईं, आर्थिक संकट सामने आए, परिचय और संसाधनों का अभाव रहा, किंतु वे अपने संकल्प से विचलित नही हुए। शिकागो (अमेरिका) में जब विश्व धर्म संसद का आयोजन हुआ, तब स्वामी विवेकानंद वहाँ किसी राजनीतिक शक्ति या बड़े संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित नहीं थे। वे एक ऐसे देश के स्वर बनकर खड़े हुए थे, जिसके पास उस समय राजनीतिक सत्ता नहीं थी, लेकिन जिसके पास हजारों वर्षों की ज्ञान- संपदा थी। उनके पीछे उपनिषदों की विचार-परंपरा, वेदांत का दर्शन, करूणा, संतों की समन्वयकारी चेतना और भारतीय मनीषा की विराट परंपरा थी।

जब उन्होंने अपने संबोधन का आरंभ अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों कहकर की, तो यह केवल श्रोताओं को संबोधित करने का तरीका नहीं था। यह भारतीय दर्शन की आत्मीय दृष्टि की उद्घोषणा थी। इसमें मनुष्य को उसकी जाति, पंथ, भाषा या भौगोलिक सीमा से पहले मनुष्य मानने का भाव था। कुछ शब्दों ने सभागार में बैठे लोगों को जिस तरह प्रभावित किया, वह इस बात का प्रमाण था कि सच्चा संवाद औपचारिक संबोधनों से नहीं, हृदय से निकलता है। स्वामी विवेकानंद ने विश्व के सामने हिंदू धर्म का जो स्वरूप रखा, वह संकीर्णता से मुक्त था। उन्होंने इसे किसी एक मत, एक पुस्तक तक सीमित परंपरा के रूप में प्रस्तुत नहीं किया। भारतीय दर्शन के मूल में निहित उस विचार को उन्होंने सामने रखा, जिसके अनुसार सत्य की खोज के अनेक मार्ग हो सकते हैं। विविधता को स्वीकार करना और विभिन्न आध्यात्मिक मार्गों का सम्मान करना भारतीय चिंतन की विशिष्ट पहचान रही है। भारतीय दर्शन की यही व्यापकता उसे विश्व की महान दार्शनिक परंपराओं में विशिष्ट स्थान देती है। उपनिषदों ने मनुष्य को अपने भीतर सत्य की खोज के लिए प्रेरित किया। वेदांत ने आत्मा और परम सत्य के संबंध पर चिंतन किया। योग ने शरीर, मन और चेतना के अनुशासन का मार्ग दिखाया।भारतीय चिंतन ने प्रश्न पूछने, तर्क करने और सत्य की खोज को कभी बंद नहीं किया। यहाँ दर्शन केवल ग्रंथों में बंद बौद्धिक विमर्श नहीं था, वह जीवन को समझने और उसे बेहतर बनाने का प्रयास था। स्वामी विवेकानंद ने इसी विराट भारतीय दर्शन को पश्चिमी जगत की भाषा में समझाने का कार्य किया। उन्होंने भारत को अतीत की स्मृतियों में कैद सभ्यता के रूप में नहीं, बल्कि मानवता के लिए आज भी उपयोगी विचारों वाली जीवंत संस्कृति के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भारतीय अध्यात्म पलायन का मार्ग नहीं, बल्कि आत्मबल और आत्मबोध का मार्ग है।

फ्रांसीसी साहित्यकार रोमा रोलां ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और शिकागो में उनके प्रभाव का वर्णन करते हुए उनकीतेजस्विता, प्रभावशाली व्यक्तित्व, गंभीर वाणी और ओजपूर्ण अभिव्यक्ति का उल्लेख किया है। उनके अनुसार, यह युवा भारतीय संन्यासी जब विश्व धर्म संसद में सामने आया तो उसके व्यक्तित्व और वाणी के प्रभाव से अनेक अन्य प्रतिनिधियों का आकर्षण फीका पड़ गया। भारत का यह संदेशवाहक अमेरिका पर गहरी छाप छोड़ने में सफल रहा। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने भी स्वामी विवेकानंदजी के शिकागो भाषण के प्रभाव का उल्लेख किया है। प्रारंभ में उन्हें सबसे अंत में बोलने का अवसर दिया जाता था, क्योंकि वहाँ उन्हें बहुत कम लोग जानते थे। लेकिन उनके विचारों और वक्तृत्व ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि लोग उनके भाषण सुनने के लिए सभा के अंत तक प्रतीक्षा करने लगे।यह किसी राजनीतिक शक्ति का परिणाम नहीं था। यह ज्ञान, व्यक्तित्व और विचार की शक्ति थी। शिकागो में स्वामी विवेकानंदजी की सफलता को भारतीय दिग्विजय कहा गया है।लेकिन यह दिग्विजय किसी भूभाग पर अधिकार की नहीं, बल्कि विचार और संस्कृति की दिग्विजय थी। भारत ने उस दिन किसी दूसरे धर्म या सभ्यता को पराजित करने का दावा नहीं किया था। उसने अपनी उस परंपरा का परिचय दिया था, जो विविधता में एकता देखती है और मानवता को संघर्ष से ऊपर उठकर सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाती है।यही कारण है कि स्वामी विवेकानंद का शिकागो संदेश आज भी प्रासंगिक है। दुनिया आज विज्ञान और तकनीक के स्तर पर अभूतपूर्व रूप से आगे बढ़ चुकी है, लेकिन धार्मिक संघर्ष, असहिष्णुता, हिंसा, मानसिक तनाव और सामाजिक विभाजन जैसी समस्याएँ अभी भी हमारे सामने हैं। मनुष्य ने प्रकृति पर नियंत्रण बढ़ाया है, लेकिन अपने भीतर की अशांति पर विजय अभी भी अधूरी है।

## बुढ़ापा

कस्बे के भव्य नगर भवन के मुख्य द्वार पर विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल और रंगारंग सम्मान समारोह का आयोजन चल रहा था जहाँ शहर भर के तमाम रईस और हुक्मरान अपनी चमचमाती गाड़ियों में उतरकर भीतर जा रहे थे क्योंकि पुण्य कमाने का सबसे सुलभ रास्ता एयरकंडीशंड हॉल से होकर गुजरता है। सभागार के बाहर मुख्य सीढ़ी के ठीक बगल में ईंटों की टूटी मुंडेर पर धनीराम काका सुबह नौ बजे से ही आकर चुपचाप बैठ गए थे मानो वे व्यवस्था के गाल पर एक जीवित और सड़ा हुआ मुँहासा हों। सफेद खद्दर का धोती कुर्ता पहने और अपने कांपते हाथों में मखमल की परत वाला एक पुराना खाली लाल डिब्बा थामे धनीराम काका दिन भर उस मंच की चकाचौंध को एकटक निहारते रहते थे जहाँ नैतिकता के थोक व्यापारी फुटकर में भाषण बेच रहे थे। नगर भवन में हर साल इसी तारीख को बुजुर्गों के सम्मान में बड़े बड़े भाषण दिए जाते थे, शॉल ओढ़ाए जाते थे और चांदी की चमक वाले मोमेंटो बांटे जाते थे ताकि समाज को यकीन रहे कि उसने अपनी जिम्मेदारी का कफन सिल लिया है पर धनीराम काका को मंच के किसी स्वागत गान से कोई सरोकार नहीं दिखता था क्योंकि वे जानते थे कि गीतों के सुर अक्सर स्वार्थ की ताल पर फटे होते हैं। जब भी कोई नया स्वयंसेवक या नेताजी के साथ आया कार्यकर्ता अपनी छाती फुलाए उधर से गुजरता तो वह इस वृद्ध को उस खाली डिब्बे पर उँगलियाँ फेरते देखकर हैरत में पड़ जाता था क्योंकि हमारे देश में खाली हाथ और खाली डिब्बे को सिर्फ राजनीति ही पवित्र मानती है। नगर भवन का पुराना चायवाला बंसी जब भी हाथ में केतली लिए बाहर निकलता तो काका बहुत ही धीमे और कांपते स्वर में पूछते कि क्यों रे बंसी आज उस बड़े मंच से मेरे उस मोमेंटो की कोई घोषणा हुई क्या या आज भी सिर्फ मंच पर भाषणों की माला ही पहनाई जा रही है क्योंकि माला पहनने और पहनाने में गर्दन का उपयोग बुद्धिमत्ता के बजाय चापलूसी के लिए अधिक होता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 सितंबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:16 सूर्यास्त 18:31
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - अमावस्या 08:57 उपरांत एकम
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 13:16 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - साध्य 17:02 उपरांत शुभ
करण - नाग
चन्द्रमा - सिंह में है। 19:07 पर कन्या में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 28 तारिख

**मेष-** काम में मेहनत और नेतृत्व क्षमता का अच्छा इस्तेमाल कर पाएंगे। वरिष्ठों का सहयोग मिल सकता है।

**वृषभ-** व्यापारिक योजनाओं को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाएं। नए सौदे में शर्तें ध्यान से देखें।

**मिथुन-** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और अटका धन मिलने की संभावना है।

**कर्क-** पुराने मतभेद बातचीत से दूर किए जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय रहेगा।

**सिंह-** चंद्रमा के सिंह में होने से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता मजबूत रह सकती है। अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखें।

**कन्या-** नई जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिल सकता है। कारोबार में नई रणनीति बनाने का अच्छा समय है।

**तुला-** बड़े जोखिम से पहले सोच-विचार करें। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

**वृश्चिक-** कठिन काम भी मेहनत से पूरे किए जा सकते हैं। अधिकारियों से संवाद अच्छा रखें।

**धनु-** जोखिमभरे सौदों से बचें और पुराने आर्थिक दायित्वों को व्यवस्थित करें। पैसों के मामले में सतर्क रहें।

**मकर-** लेनदेन संभलकर करें। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। सिरदर्द या तनाव हो सकता

**कुंभ-** रचनात्मक काम करने वालों को पहचान मिल सकती है। नौकरी से जुड़े नए विकल्प सामने आएंगे।

**मीन-** तकनीकी क्षेत्र में नए प्रोजेक्ट और संपर्क मिल सकते हैं। आय-व्यय में संतुलन रहेगा।

## समसामयिक

# पौधारोपण के जरिये धरती की तपिश को ठंडा करने का संकल्प लेवे

राजस्थान के डूंगरपुर जिले के हर गांव में अब सबसे पुराने पेड़ को



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

जननी वृक्ष का दर्जा दिए जाने की पहल वृक्ष के सम्मान में प्रशंसनीय है।पेड़ों की सुरक्षा और इनकी देखभाल इस योजना में बरगद, खेजड़ी पीपल, आम, महुआ, नीम, सेमल, गुलर, मोलश्री,रायणी, अर्जुन ,इमली ,कल्पवृक्ष आदि को ( मदर ट्री ) जननी के रूप में चयन किया गया है। ऐसी योजना हर प्रदेश में लागु होना चाहिए। वृक्षों को प्राचीन समय से लोग पूजते आ रहे है पर्यावरण के हित में कई संस्थाएं कार्य कर रही है।कई संस्थाए वृक्षारोपण का पुनीत कार्य करती है।उन्हें बीमार वृक्षों की ओर ध्यान देना होगा।ताकि वृक्ष जो सेकड़ो वर्ष पुराने है उनका इलाज कर उनको सुरक्षित किया जा सके। वृक्षों को प्राचीन समय से लोग पूजते आ रहे है ,इसके पीछे भीषण गर्मी मे ठंडी सुखद छाँव प्राप्त होना, शुद्द हवा उदर- पोषण,धार्मिक आस्था ,सांसारिक जीवन के अंतिम पड़ाव में दाहसंस्कार में उपयोगी बनना पृथ्वी के तापमान को कम करना व वर्षा के बादलों को अपनी और आकर्षित कर वर्षा कराना रहो बीमार वृक्षो की सुरक्षा और इनकी देखभाल हेतु वृक्षों का चयन किया जाना चाहिए है । जहां अधिक नमी रहती हो, वहां जामुन का पौधा रोपण ,बीज रोपण किया जाना चाहिऐजामुन औषधीय गुणों से भरा पेड़ होता है। खासकर नदी नालों के किनारे, जलाशयों के किनारे इसके पेड़ लगाना उपयुक्त होता है`नदी नालो के किनारे लगे पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकते है। जामुन के पेड़ जड़े एवं लकड़ी की विशेषता यह होती है कि यह जल को शुद्ध करने काम करती है। मधुमेह वालों के लिए जामुन एवं जामुन की गुटली का चूर्ण फायदेमद होता है। मांडू( धार ) की खरसानी इमली को जीआई टैग मिलने से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे वही इसकी पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी, विलुप्त होती प्रजातियों के पौधो के संरक्षण की दिशा में पुनीत पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश में 'लाडली लक्ष्मी उत्सव' के निमित्त 'एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नाम' अभियान के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया था। पर्यावरण की दृष्टि से पुनीत कार्य की पहल निसंदेह प्रशंसनीय है। यह अभियान बेटियों के उज्जवल भविष्य और पर्यावरण संरक्षण के दोहरे उद्देश्य को साकार करने की अनूठी पहल है। इस अभियान के द्वारा मध्य प्रदेश में न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि बालिकाओं के प्रति सम्मान की भावना भी प्रबल होगी। विगत वर्ष मध्यप्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान वृक्षारोपण के हित में अभियान चलाया गया था। ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्कूल कॉलेज, अस्पताल आदि की बाउंड्री पर फेंसिंग मेहंदी की झाड़ी,अन्य पौधो की होना चाहिए। ये ध्वनि प्रदूषण को अवशोषित कर सकें। साथ ही सड़कों के किनारों के दोनों और हरे वृक्ष लगाने से भी ध्वनि की तीव्रता को कम किया जा सकता है`ध्वनि प्रदूषण को कम करने का संकल्प लेवे ताकि बढ़ती ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने से शरीर स्वस्थ बना रहकर हम सभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर सके। मप्र के अलावा दूसरे राज्यों में इसे संरक्षित करना आवश्यक है। ताकि खुरासानी इमली, हर जगह उपलब्ध हो सके। वर्तमान में 14 वीं शताब्दी में मांडव लाई गई खुरासानी इमली कुछ क्षेत्र में इसके पेड़ है। इसके बीज को शासकीय नर्सरी में रोपण करने से पौधे हर नर्सरी में संरक्षित होकर दूसरे स्थान पर रोपण हेतु तैयार मिलेंगे। जिसे पौधारोपण कर्ता अपनो की स्मृति में गोद लेकर उसकी अच्छी देखभाल कर बड़ा कर इन्हें विलुप्त होने से बचा सकेंगे। शासन द्वारा पौधे गोद लेने के सम्बंध में सुविधा दी जाना चाहिए।ताकि संरक्षित करने की प्रणाली से अन्य को प्रेरणा मिल सकेगी।

# स्ट्रोक के बाद कमजोरी और बिगड़े संतुलन से मिलेगी राहत!

फिजियोथेरेपी के महत्व और इसके स्वास्थ्य संबंधी फायदों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आमतौर पर लोग फिजियोथेरेपी को केवल कमर दर्द घुटनों के दर्द कंधे की समस्या या हड्डियों से जुड़ी परेशानियों से जोड़कर देखते हैं लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार इसका दायरा इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। सही समय पर और विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार की गई फिजियोथेरेपी हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाए रखने के साथ ही स्ट्रोक के बाद मरीज के रिहैबिलिटेशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

स्ट्रोक के बाद मरीज को कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई लोगों में हाथ और पैरों में कमजोरी आ जाती है जबकि कुछ मरीजों को चलने फिरने में परेशानी होने लगती है। शरीर का संतुलन बिगड़ना और रोजमर्रा के सामान्य कामों को करने में कठिनाई भी स्ट्रोक के बाद होने वाली समस्याओं में शामिल हो सकती है। ऐसे समय में मरीज की स्थिति के अनुसार शुरू किया गया फिजियोथेरेपी और रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम उसकी मूवमेंट और बैलेंस को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि स्ट्रोक के बाद रिहैबिलिटेशन को केवल अस्पताल तक सीमित नहीं



रखना चाहिए। मरीज के उपचार और उसकी शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए घर पर भी सुरक्षित तरीके से एक्सरसाइज और गतिविधियां जारी रखना उपयोगी हो सकता है। हालांकि किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज बिना डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह के शुरू नहीं करनी चाहिए। हर स्ट्रोक मरीज की स्थिति अलग हो सकती है इसलिए उसके लिए रिहैबिलिटेशन का तरीका भी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार तय किया जाना जरूरी है।

फिजियोथेरेपी का मुख्य उद्देश्य केवल दर्द कम करना नहीं है बल्कि शरीर की कार्यक्षमता और मूवमेंट को बेहतर बनाने में मदद करना भी है। स्ट्रोक के बाद शरीर के प्रभावित हिस्सों को दोबारा सक्रिय करने के लिए नियमित और सही अभ्यास महत्वपूर्ण हो सकता है। एक्सरसाइज और रिहैबिलिटेशन की मदद से मरीज को शरीर की गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण पाने और संतुलन सुधारने में सहायता मिल सकती है। इससे धीरे-धीरे रोजमर्रा के कामों को करने में भी मदद मिल सकती है।

आज फिजियोथेरेपी का क्षेत्र तेजी से तकनीक आधारित भी होता जा रहा है। मोशन एनालिसिस सेंसर बेस्ड मॉनिटरिंग वियरेबल डिवाइस डिजिटल एक्सरसाइज प्रोग्राम और रोबोटिक रिहैबिलिटेशन जैसी तकनीकों का उपयोग बढ़ रहा है। इन आधुनिक तरीकों की मदद से मरीज की गतिविधियों को बेहतर तरीके से समझने और उसकी प्रगति पर नजर रखने में सहायता मिल सकती है।

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर विशेषज्ञ कम मूवमेंट वाली लाइफस्टाइल को भी बड़ी समस्या मानते हैं। आज के समय में घंटों तक ऑफिस में बैठे रहना बढ़ता स्क्रीन टाइम और एक्सरसाइज की कमी शरीर को धीरे-धीरे कमजोर कर सकती है। शारीरिक गतिविधि कम होने से कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए केवल बीमारी या दर्द होने के बाद ही नहीं बल्कि स्वस्थ रहने के लिए भी हर उम्र के लोगों को अपनी दिनचर्या में नियमित शारीरिक गतिविधि को शामिल करना चाहिए।

## धर्म-आस्था

# दूसरों का बुरा सोचना और करना सबसे बड़ा अधर्म

मनुष्य ने घड़ी बनाई है, लेकिन समय नहीं बनाया। कैलेंडर मनुष्य ने बनाया है, लेकिन सूर्योदय, सूर्यास्त, चंद्रमा की कलाएं और ऋतुओं का परिवर्तन प्रकृति के नियमों से होता है। भारत की प्राचीन सभ्यता की विशेषता यही रही है कि उसने समय को केवल घड़ी की सुइयों और तारीखों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सूर्य, चंद्रमा, तिथि, पक्ष, नक्षत्र और ऋतुचक्र के माध्यम से उसे समझने का प्रयास किया। आज हम आधुनिकता के नाम पर अपनी अनेक परंपराओं को बिना समझे पुराना या अवैज्ञानिक घोषित कर देते हैं। रात 12 बजे तारीख बदलना आधुनिक नागरिक और प्रशासनिक व्यवस्था के लिए आवश्यक और उपयोगी है, लेकिन धार्मिक काल-गणना का आधार हमेशा केवल यही नहीं रहा है। भारतीय परंपराओं में अनेक धार्मिक कार्यों के लिए सूर्योदय, तिथि और विशेष मुहूर्त का महत्व होता है। इसलिए धार्मिक समय को केवल आधुनिक घड़ी और कैलेंडर के आधार पर समझना हमेशा पर्याप्त नहीं है।

सबसे बड़ी समस्या आधुनिक समाज की यह बनती जा रही है कि हम हर चीज को अपनी सुविधा के अनुसार बदलना चाहते हैं। समय नहीं है तो पूजा छोटी कर दो, नियम कठिन है तो नियम बदल दो और परंपरा समझ में नहीं आती तो उसे अंधविश्वास घोषित कर दो। निश्चित रूप से समाज में मौजूद गलत प्रथाओं और अंधविश्वासों का विरोध होना चाहिए, लेकिन हर पुरानी परंपरा को बिना समझे गलत मान लेना भी बुद्धिमानी नहीं है। **हर पुरानी चीज अंधविश्वास नहीं होती और हर नई चीज प्रगति नहीं होती।**

सनातन परंपरा को केवल मंदिर, तिलक और पूजा-पाठ तक सीमित कर देना भी उचित नहीं है। सनातन जीवन, प्रकृति, समय, कर्म, सत्य और कर्तव्य के प्रश्नों पर विचार करने की परंपरा है। भारतीय ज्ञान-परंपरा में दर्शन, योग, आयुर्वेद, गणित और खगोल जैसे विषयों का विकास हुआ। इसका अर्थ यह नहीं कि हर धार्मिक मान्यता आधुनिक विज्ञान द्वारा सिद्ध हो चुकी है, लेकिन यह अवश्य है कि भारत की प्राचीन ज्ञान-परंपरा को बिना अध्ययन किए मूर्खता कहकर खारिज कर देना बौद्धिक ईमानदारी नहीं है।

व्रत और उपवास का अर्थ भी केवल भूखा रहना नहीं है। क्योंकि उपवास दो शब्दों से बना हे उप + वास यानी कि व्रत के साथ इन्द्रियों पर भी उस दिन काबू रखना है।यदि पेट खाली हो लेकिन मन क्रोध, ईर्ष्या, लोभ और द्वेष से भरा हो तो केवल भोजन का त्याग व्यक्ति को धार्मिक नहीं बना सकता। वास्तविक व्रत आत्मसंयम, विचारों की शुद्धि और अपने व्यवहार को बेहतर बनाने का प्रयास है। भूखा रहना आसान है, लेकिन अपने क्रोध और लोभ पर नियंत्रण रखना कठिन है। धर्म का सबसे बड़ा शत्रु आधुनिकता नहीं, बल्कि पाखंड है। कोई व्यक्ति पूजा करे लेकिन दूसरों के साथ अन्याय करे, रिश्वत ले, कमजोर का शोषण करे या समाज में नफरत फैलाए, तो केवल धार्मिक पहचान उसे धार्मिक नहीं बना सकती। धर्म का वास्तविक स्वरूप व्यक्ति के चरित्र और कर्मों में दिखाई देना चाहिए। धर्म का पहला मंदिर मनुष्य का चरित्र है। धर्म का अर्थ केवल नारे लगाना नहीं है। सच्चा धर्म अपने देश, इतिहास, भाषाओं और सभ्यता को समझने तथा उनका सम्मान करने में है। धर्म से प्रेम का अर्थ यह नहीं कि हम अपनी गलतियों को स्वीकार न करें, लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि अलग दृष्टिकोण से अपनी हर परंपरा को हीन समझने लगें। सच्चा धर्म अंधभक्ति नहीं, बल्कि ज्ञान आधारित आत्मसम्मान है।

आज भारत को दो प्रकार की मानसिक गुलामी से बाहर निकलना होगा–पहली, यह मानना कि जो पश्चिमी है वही आधुनिक है और जो भारतीय है वह पुराना है; दूसरी, अपनी परंपराओं को बिना समझे केवल इसलिए स्वीकार करना कि पूर्वज ऐसा करते थे। हमें न अंधा गर्व चाहिए और न अंधी शर्म। हमें चाहिए अपनी सभ्यता के प्रति ज्ञान, विवेक और आत्मसम्मान।

भारत को अपनी जड़ों से जुड़ना है, लेकिन पीछे नहीं जाना। हमें विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष और आधुनिक विकास में दुनिया के साथ आगे बढ़ना है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक पहचान खोकर नहीं। हमें आधुनिक बनना है, लेकिन आत्मविहीन नहीं; वैज्ञानिक बनना है, लेकिन अपनी ज्ञान-परंपरा से अनजान नहीं।

अंततः धर्म केवल मंदिर में नहीं है, केवल व्रत में नहीं है और केवल तिलक में भी नहीं है। धर्म हमारे विचारों, व्यवहार और कर्मों में होना चाहिए।

**- प्रतीक संघवी**

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,49,800 रवा- 1,49,600 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## सरकारी कर्मचारी से 1 लाख हड़पने वाला अनूपपुर से गिरफ्तार

**अकोदिया।** शाजापुर जिले की पोलायकलां पुलिस ने सरकारी कर्मचारियों को मनचाही जगह ट्रांसफर का झांसा देकर ठगने वाले फर्जी अफसर को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का उपसंचालक बताकर लोगों को ठगता था। पुलिस ने आरोपी को 8 महीने बाद अनूपपुर जिले के कोतमा से पकड़ा है। 12 दिसंबर 2025 को केस में एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी ने एक सरकारी कर्मचारी से संपर्क कर खुद को एनएचएम का बड़ा अफसर बताया और ट्रांसफर कराने का भरोसा दिया। झांसे में आए कर्मचारी से उसने काम कराने के नाम पर करीब 1 लाख रुपए अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन जमा करवा लिए। जब काफी समय बीतने के बाद भी ट्रांसफर नहीं हुआ, तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## सीईओ ने मोहन बड़ोदिया में विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**शाजापुर।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने बुधवार को जनपद पंचायत क्षेत्र का अचानक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कई विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत सिमरोल शाजापुर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के तहत चल रहे कामों को देखा। सीईओ ने कस्टम हायरिंग सेंटर मियावाकी प्लांटेशन और डगआउट पॉन्ड का भी निरीक्षण किया। सीईओ ने कस्टम हायरिंग सेंटर को एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के जरिए ठीक से चलाने के निर्देश दिए। इससे किसानों को खेती के औजार आसानी से मिल सकेंगे। उन्होंने मियावाकी प्लांटेशन को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## अवैध शराब जब्त, 12 केस दर्ज, आर्टिगा कार भी पकड़ी

**खातेगांव।** सागर में जहरीली शराब की घटना के बाद अवैध शराब के खिलाफ सख्ती बढ़ गई है। देवास जिले में भी पुलिस और आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और परिवहन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पिछले दो दिनों में जिले के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए 11.50 लाख रुपए की अवैध शराब और दूसरी सामग्री जब्त की गई है। इस दौरान कुल 12 मामले दर्ज किए गए हैं। आबकारी विभाग और पुलिस की टीमों ने कन्नौद इलाके के सोनखेड़ी, हरिजन बस्ती, सीकलीगर मोहल्ला, सतवास, पीपलकोटा, खातेगांव और नेमावर समेत कई जगहों पर कार्रवाई की।

## 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की ब्लॉक स्तरीय बैठक

**शाजापुर।** मोहन बड़ोदिया शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई। मकसद छात्रों की समस्याओं, सुझावों और उनकी आवाज को मंच देना है। बैठक दोपहर 2 बजे कुमारिया खास स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हुई। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर सिंह बकानी शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक पदाधिकारी, मंडलम पदाधिकारी, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस और विभिन्न मोर्चा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में 'छात्रों की गूंज' अभियान की तैयारियों और विद्यार्थियों तक पहुंचने के तरीकों पर चर्चा की गई।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवास में अर्पित जाज के परिवार से मिले, बोले-

# शिक्षा व्यवस्था ठीक होती तो बेटा न जाता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

दिल्ली के सत्य निकेतन में 6 सितंबर को इमारत गिरने से देवास के छात्र अर्पित जाज की मौत हो गई थी। बुधवार रात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी उनके घर पहुंचे।

वे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के साथ कैला देवी क्षेत्र के जय बजरंग में अर्पित के घर गए। परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने अर्पित के पिता भूपेंद्र जाज और माता पुष्पा जाज से बात की।

पटवारी ने अर्पित की मां के सिर पर हाथ रखकर कहा कि इस दुख की घड़ी में वे सब उनके साथ हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी भी परिवार से बात करना चाहते थे, लेकिन बात नहीं हो पाई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करीब 15 मिनट तक अर्पित के घर पर रहे। परिजनों ने उन्हें दिल्ली में हुई घटना और बेटे को ढूंढने में आई मुश्किलों के बारे में भी बताया।

इस दौरान जीतू पटवारी ने कहा कि हमारी गलतियों के कारण एक बेटा मौत के मुंह में चला गया। अगर प्रदेश में अच्छी शिक्षा व्यवस्था और हॉस्टल होते, तो उसे दिल्ली नहीं जाना पड़ता। उन्होंने कहा कि देश में स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल की स्थिति चिंता का विषय है।

पटवारी ने आगे कहा कि इस घटना ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। शिक्षा व्यवस्था के हालात दयनीय और बदतर हैं। इसी कारण कटनी और देवास के बेटों की जान गई।

उन्होंने सरकार की लापरवाही को इसका दोषी बताया। पटवारी ने कहा कि इस घटना से सरकार को सोचना पड़ेगा। राहुल गांधी भी शिक्षा की बात करते हैं। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए देश को सोचना होगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीएम मोहन यादव को निर्णय लेना पड़ेगा। जहरीली शराब के पीछे बीजेपी के लोग होते हैं। बीजेपी के लोगों को कुछ नहीं बिगड़ता है। कौन सा ऐसा जिला है जहां शराब के कारोबार में बीजेपी के लोग नहीं हैं। प्रदेश देख रहा है कि समझ रहा है सबक सीखेगा।



### सागर शराब कांड पर बोले-हत्या का मुकदमा चले

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर में शराब से मौतों के मामलों को लेकर कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि प्रदेश में ऐसी कौन सी जगह है जहां अवैध शराब नहीं बिकती है। ऐसी कौन सी जगह है जहां शराब के धंधे में बीजेपी के नेता नहीं है। उन्होंने कहा- मैं सागर को लेकर दावे से कहा रहा हूं कि सौ से ज्यादा मौतें हुई हैं। इसकी लेकर सीबीआई जांच होना चाहिए। एसपी कलेक्टर और जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा चलना चाहिए।

### साक्षरता दिवस पर लिया संपूर्ण साक्षरता का संकल्प

# मोहम्मदखेड़ा स्कूल में छात्रों को दिलाई शपथ, चेतना केंद्रों पर भी हुए कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संपूर्ण साक्षरता का संकल्प दिलाया गया। वहीं शिक्षा विभाग के एईओ केंद्र सहित क्षेत्र में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक चेतना केंद्रों पर भी साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने गांव, शहर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को संपूर्ण साक्षर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों से कहा गया कि वे अपने घरए परिवार, पड़ोस और समाज में ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो अभी तक अक्षर ज्ञान से वंचित हैं तथा उन्हें साक्षर बनाने में सहयोग करें।



### स्काउट मास्टर ने दिलाई शपथ

कार्यक्रम में शपथ स्काउट मास्टर विक्रम सिंह कुशवाह ने दिलाई। इस दौरान विद्यालय के सहयोगी संतोष पाठक, ब्रजमोहन भसनेरिया, जुनेद कादरी, घनश्याम दांगी, नीता परमार, अमित परमार, ममता चौधरी, जय प्रकाश इंदौलिया, सीमा मालवीय, ब्रजलाल मालवीय, हरिओम पाटीदार, प्रेम पांचाल, विवेक शर्मा, देवीलाल गुजराती, विष्णु मेवाड़ा, रेणुका कारपेंटर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अक्षर साथी बनकर निभाएं जिम्मेदारी

विद्यार्थियों एवं साक्षर साथियों को अक्षर साथी बनकर राष्ट्र को संपूर्ण साक्षर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया गया। सामाजिक चेतना केंद्रों पर उपस्थित लोगों ने भी सामूहिक रूप से अपने गांव, मोहल्ले एवं शहर को पूर्ण साक्षर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### आत्म-शुद्धि के महापर्व पर्युषण का शंखनाद

# आठ दिनों तक बहेगी धर्म और भक्ति की अविरल सरिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

क्षमा, संयम और स्वयं से साक्षात्कार के सर्वोच्च जैन पर्व पर्वाधिराज पर्युषण का मंगलवार 8 सितंबर से शाजापुर में अत्यंत भक्ति-भाव के साथ शुभारंभ हो गया है। सांसारिक भागदौड़ के बीच आत्मा को निर्मल बनाने और पापों के विसर्जन का संदेश देने वाले इस आठ दिवसीय महापर्व के चलते पूरा नगर जैन धर्म की आस्था और आध्यात्म से सराबोर हो उठा है। स्थानीय श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित इस महापर्व के दौरान प्रतिदिन नगर के जैन मंदिर व जैन उपाश्रय में दर्शन, पूजन, प्रवचन, भजन-भक्ति और प्रतिक्रमण जैसे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान समाजजनों द्वारा श्रद्धापूर्वक संपन्न किए जाएंगे। चौबीस जिनालय युक्त भव्य जैन मंदिर में तीर्थकर प्रतिमाओं के विशेष पक्षाल-पूजन के साथ पर्व का श्रीगणेश हुआ। इस दौरान प्रवचनकार सौरभ नारेलिया ने श्रद्धालुओं को पर्व का मर्म समझाते हुए कहा कि रग-रग में बसे हुए पापों का विसर्जन करने वाले पर्व का नाम ही पर्युषण पर्व है। इस मौके पर दोपहर में पूजन, शाम को प्रतिक्रमण व रात्रि के समय मंदिर में प्रभु की भक्ति के आयोजन सम्पन्न हुए। पर्व के दौरान होने वाले विशेष आयोजनों के अंतर्गत पर्युषण के चौथे दिवस 11 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 1.30 बजे स्थानीय जैन उपाश्रय से कल्पसूत्र का चलसमारोह निकाला जाएगा।

जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर पुनः जैन उपाश्रय पहुंचेगा। यहां कल्पसूत्र वाचन प्रारंभ किया जाएगा। इसके उपरान्त पर्व के पांचवे दिवस 12 सितंबर शनिवार को समाजजनों द्वारा चौबीसवें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव नगर में विशाल शोभायात्रा निकालकर धूमधाम सहित मनाया जाएगा।



### रैपिड किट से दूध की मिलावट की जांच

## खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए दूध, घी और केक के नमूने, जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

**शुजालपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए शुजालपुर में खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जांच अभियान चलाया। टीम ने दुग्ध शीत केंद्र और बेकरी से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे हैं। जांच के दौरान दूध की मौके पर प्राथमिक जांच रैपिड मिल्क टेस्टिंग किट से की गई। किट की सहायता से दूध में यूरिया, स्टार्च, नमक, न्यूट्रलाइजर, डिटर्जेंट, सोडा सहित अन्य संभावित अपद्रव्यों की प्रारंभिक पहचान की जा सकती है। इसके लिए स्ट्रिप के रंग में होने वाले बदलाव को पैकेट पर उपलब्ध रंग-चार्ट से मिलाया जाता है। प्रक्रिया में अलग से किसी रसायन के इस्तेमाल की जरूरत नहीं होती। संयुक्त दल ने दुग्ध शीत केंद्र शुजालपुर.चितौड़ा से मिश्रित दूध एवं घी के नमूने लिए। इसके अलावा सतगुरु बेकरी शुजालपुर मंडी से बटूर स्कॉच केक का नमूना भी संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित खाद्य प्रतिष्ठान या विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई कलेक्टर शाजापुर ऋ जु बाफ ना के निर्देशन और शुजालपुर एसडीएम के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार की गई। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा, केप्ल कुम्भकार तथा राजस्व विभाग के कस्बा पटवारी रिक्की छाबड़ा शामिल रहे।

## 6 दूध डेयरियों की जांच एक में दूध की गुणवत्ता पर आशंका, सैंपल भोपाल भेजे



**देवास।** देवास खाद्य विभाग, राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने गुरुवार को उज्जैन रोड स्थित दूध डेयरियों की जांच की। उज्जैन से आई चलित प्रयोगशाला की मदद से करीब छह डेयरियों में दूध की रैपिड किट से जांच की गई। इस दौरान एक डेयरी के दूध में गड़बड़ी की आशंका होने पर सैंपल लिए गए। जांच टीम ने संदिग्ध दूध के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भोपाल भेजा है। अधिकारियों के अनुसार रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार हरिओम ठाकुर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि जांच के दौरान ज्यादातर दुकानों पर दूध तय मानकों के अनुरूप मिला। अधिकारियों ने बताया कि डेयरियों में मौजूद अन्य दूध उत्पादों की भी जांच की गई। इनमें सुक्रोज की मात्रा की जांच भी शामिल रही। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों और भोपाल से मिलने वाली सैंपल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सजा पूरी कर घर पहुंचा किसान

# विरोधी पक्ष ने मकान-जमीन पर कब्जा कर परिवार को निकाला

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

सोयतकलां थाना क्षेत्र के ग्राम खेजड़िया खेड़ी निवासी किसान बालू पिता गुलाबजी ने अपने मकान और कृषि भूमि पर विरोधी पक्ष द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया है। मामले में उन्होंने एसडीओ (राजस्व) के कार्यालय में तहसीलदार रामेश्वर दांगी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में बालू ने बताया कि वह अपराध धारा 302 के मामले में केंद्रीय जेल उज्जैन में सजा काट रहा था। 15 अगस्त 2026 को सजा पूरी होने के बाद जेल से बाहर आया। उसका आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में पत्नी, दो पुत्र, पुत्री और बहू के साथ मारपीट कर उन्हें मकान से निकाल दिया गया।

इसके बाद विरोधी पक्ष के लोगों ने मकान पर कथित रूप से कब्जा कर उसमें रखा घरेलू सामान और कृषि उपयोग में आने वाले मोटर, पंप, केबल, वायर, पाइप सहित अन्य सामान अपने कब्जे में ले लिया।



### 8 बीघा कृषि भूमि पर कब्जा

बालू ने करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर भी जबरन कब्जा कर फसल बोने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया कि इस संबंध में पूर्व में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद मकान और जमीन से कथित कब्जा नहीं हटाया गया। बालू ने तहसीलदार से मामले की जांच कर अवैध कब्जा हटाने और नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### सांदीपनि विद्यालय में डीईओ का औचक निरीक्षण

# सख्त लहजे में कहा, बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, बसों में लगें सीसीटीवी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल सांदीपनि विद्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर अचानक व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंच गईं। विद्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए डीईओ ने जहां शैक्षणिक माहौल की बारीकी से पड़ताल की, वहीं बच्चों की सुरक्षा को लेकर कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और बस संचालकों को दो टूक निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा, इसलिए स्कूल की सभी बसों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। डीईओ कीर ने स्कूल में चलने वाली निःशुल्क बस सेवा के सुचारू संचालन को लेकर संबंधित एजेंसियों के प्रबंधन, बस चालकों और परिचालकों की क्लास ली। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बसों के संचालन में शासन के अनुबंध और यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बस चालक मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाए। साथ ही, स्कूल आने-जाने के दौरान विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### वार्षिक परीक्षा जैसी गंभीरता तिमाही में भी दिखे

निरीक्षण के दौरान डीईओ ने आगामी परीक्षाओं को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तिमाही परीक्षाओं को महज औपचारिकता न मानें, बल्कि इन्हें वार्षिक परीक्षा की तरह ही पूरी शुचिता और गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाए। डीईओ ने स्पष्ट किया कि सांदीपनि विद्यालय मध्य प्रदेश शासन की एक बेहद महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। विद्यालय में शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पूरी तरह से इस योजना की मूल अवधारणा के अनुरूप ही किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके अलावा, उन्होंने स्कूल परिसर और कक्षाओं में साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद करने के निर्देश भी दिए।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विजय कुमार शर्मा पिता श्री शंकरलालजी शर्मा, निवासी 73, द्रविड़ मार्ग, क्षीरसागर, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 297, स्थित विद्यापति नगर, नानाखेड़ा, सांवेर रोड़, उज्जैन में है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर है। जिसकी लंबाई-12.00 मीटर एवं चौड़ाई-6.00 मीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में सड़क कालोनी, पश्चिम मे भूखण्ड/भवन क्रमांक 288, उत्तर में-भूखण्ड/भवन क्रमांक 298 व दक्षिण में भूखण्ड/भवन क्रमांक 296 मिला है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। शेष राशि अदा कर उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के अनुबंध पत्र/विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

दिनांक 10/09/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो.न. 9826266570**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भगवानसिंह पिता मदनलाल जाति बलाई आयु 49 वर्ष निवासी रोजवास तह. तराना जिला उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मेरे पक्षकार के पिता मदनलाल जी की मृत्यु हो चुकि है तथा उनकी चल अचल संपत्ति पर सायर बाई पति स्व. मदनलाल के नाम से दर्ज है तथा मेरे पक्षकार की माता सायर बाई की मानसिक स्थिति व सोचने समझने की क्षमता क्षीण हो चुकी है और सायरबाई वृद्ध एवं बीमार रहती है। सायरबाई के नाम से ग्राम रोजवास तह. तराना जिला उज्जैन में सर्वे नंबर 104/2 रकबा 0.25 हे. तथा सर्वे नंबर 106/2 रकबा 0.30 हे. कुल कीता 02 कुल रकबा 0.55 हे. की भूमि स्थित है। जो मेरे पक्षकार की माता सायरबाई के नाम से है। परन्तु मेरे पक्षकार की माता सायरबाई की मानसिक स्थिति क्षीण हो चुकी है तथा सायरबाई 75 वर्षिय वृद्ध महिला है, उपरोक्त अचल संपत्ति पैतृक संपत्ति होकर हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत उक्त भूमि मे मेरे पक्षकार का हक हिस्सा व स्वत्व निहित है। मेरे पक्षकार की माता सायरबाई के नाम से स्थित ग्राम रोजवास तह. तराना जिला उज्जैन में कृषि भूमि सर्वे नंबर 104/2 रकबा 0.25 हे. तथा सर्वे नंबर 106/2 रकबा 0.30 हे. कुल कीता 02 कुल रकबा 0.55 हे. को बिना मेरे पक्षकार की अनुमति से कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यक्तियों का समूह के द्वारा किसी भी प्रकार से कोई अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, बिकी लेख, सौदा चिट्ठी इत्यादि मेरे पक्षकार की माता सायरबाई से ना करें क्योकि वह मानसिक रुप से अस्वस्थ है। यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यक्तियों का समूह के द्वारा किसी भी प्रकार से कोई अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, बिकी लेख, सौदा चिट्ठी इत्यादि की जाती है तो वह मेरे पक्षकार की बिना अनुमति से मेरे पक्षकार की माता सायरबाई के स्वत्व के मुकाबले प्रभावशून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारक नही होगी। सूचित हो ।।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार की माता सायरबाई की मानसिक स्थिति खराब होने से मेरे पक्षकार की बिना अनुमति के उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को कोई भी व्यक्ति कय नही करे व अन्य प्रकार से अपने पक्ष में अंतरण नही करावे व वित्तीय संस्थान इत्यादि व अन्य व्यक्ति अपने पक्ष में भारग्रस्त ना करे। सूचित हो ।

दिनांक 10/09/2026

**अरुण राठौर (एडवोकेट)**
**कोर्ट परिसर, तराना जिला उज्जैन**
**मोबाईल नं.-7509021829**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी सहाबुद्दीन अंसारी पिता निजामुद्दीन अंसारी निवासी-16 यादव नगर कॉलोनी आगर रोड, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 31 व 32 स्थित गलपुरा निमनवासा तहसील व जिला उज्जैन में है। जिसका कुल संयुक्त क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट अर्थात 111.52 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुःसीमा पूर्व की ओर :- भूखण्ड क्रमाकं 27 व 28 मिला है। पश्चिम की ओर : रास्ता मिला है। उत्तर की ओर :- शेष भूमि विक्रेता की मिली है। दक्षिण की ओर : भूखण्ड क्रमांक 30 मिला है। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र कराया जाना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 10-09-2026 स्थान उज्जैन

**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र नानाखेडा उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 97706-66658**

## नाम जन्म दिनांक परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी नं. 15562740M पूर्व एसीपी हवलदार घनश्याम पाटीदार भारतीय सेना से 31.01.2017 से सेवा निवृत्त हूं। मेरी धर्मपत्नी का नाम मेरे सेवा अभिलेख में रीना (REENA) एवं जन्म दिनांक 14.07.1984 दर्ज है जोकि गलत है। आधारकार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों के अनुसार मेरी धर्मपत्नी का नाम रीना पाटीदार (REENA PATIDAR) एवं जन्म दिनांक 01.01.1985 है, जोकि सत्य व सही है।

**रीना पाटीदार (REENA PATIDAR) पताः ग्राम परसुलिया कला पोस्ट गेलाना तह. सुसनेर जिला आगर-मालवा, म.प्र.**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री मंजीत बाघवंशी पिता श्री नारायण सिंह बाघवंशी निवासी-25/2, प्रकाश नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्रीहोल्ड राईट्स का भूखण्ड क्रमांक C-23/22, श्रेणी E.W.S जिसका कुल क्षेत्रफल 50.00 वर्गमीटर स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की श्री महाकाल वाणिज्य केन्द्र योजना, उज्जैन (म.प्र.) जिसके उत्तर/पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक C-23/21, दक्षिण/पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक C-23/23, पश्चिम/उत्तर में-9.00 मीटर चैड़ी सड़क एवं पूर्व/दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक C-23/16 है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो ।

दिनांकः-10.09.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

**उज्जैन नागरिक सहकारी पेढ़ी मर्यादित**
**प्रधान कार्यालय - 1, सुभाष मार्ग, इन्दौर गेट उज्जैन 456001**
**शाखा - 'आराधना भवन' 12, बहादुरगंज, उज्जैन 456006**
**फोन (0734) 2552039 (0734) 2563353**
**क्रमांक : साधारण सभा/2025-26/38 दिनांकः 11/09/2026**

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की 47वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27/09/2026 रविवार को प्रातः 10 बजे अ.भा. ऋषिश्वर ब्राह्मण समाज धर्मशाला, बहादुरगंज, उज्जैन पर आयोजित की गई हैं। साधारण सभा की सूचना नियमानुसार दिनांक 11/09/2026 को डाक से भेजी जा चुकी हैं। जिन सदस्यों को विषय सूची के अनुसार प्रस्ताव-सुझाव प्रस्तुत करना हो, वह दिनांक 19.09.2026 तक संस्था में कार्यलयीन समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी सदस्य को किन्ही अपरीहार्य कारणों से सूचना प्राप्त नहीं हो तो कृपया इस सूचना के आधार पर वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**नोट**

1. गणपूर्ति के आभव में सभा 30 मिनट (आधा घंटा) के लिए स्थगित की जाकर उसी दिनांक एवं स्थान पर सभा की कार्यवाही प्रारंभ कि जावेगी, जिसमें गणपुर्ति आवश्यक नहीं होगी।
2. जिन सदस्यों का पता परिवर्तन हो गया हैं, वे संस्था कार्यालय में नया पता दर्ज करावे तथा अपनी के.वाय.सी. की जानकारी पुर्ण करे।
3. वित्तीय पत्रक अवलोकनार्थ प्रधान कार्यालय सुभाष मार्ग इंदौर गेट उज्जैन में उपलब्ध हैं।
4. एजेंडा की विषय सूची संस्था के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

**संचालक मंडल की आज्ञा से**
**चेतन प्रेमनारायण यादव**
**अध्यक्ष**
**उज्जैन नागरिक सहकारी पेढ़ी मर्यादित**

## न्यूज-कॉलम

### नर्मदा परिक्रमा संस्मरण प्रसंग आज

**मंदसौर।** पूर्व कलेक्टर ओमप्रकाश श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी भारती श्रीवास्तव की हाल ही में संपन्न हुई नर्मदा परिक्रमा के उपलक्ष्य में च्श्री नर्मदा यात्रा संस्मरण प्रसंगज् का आयोजनअष्टमूर्ति ग्रुप द्वारा आज 11 शुक्रवार शाम 6 बजे गांधी चौराहा स्थित नगर पालिका सभागार में आयोजित होगा। जिसमें राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति के डॉ. घनश्याम बटवाल, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, ब्रजेश जोशी, अजय सिखवाल, प्रद्युम्न शर्मा, महेश शर्मा, अजय तिवारी एवं राजीव शर्मा ने नगर के सुधिजनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### आज बैंककर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**मंदसौर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर अपनी तीन सूत्रीय मांगों के समर्थन में देशभर के 8 लाख से अधिक बैंककर्मी आज 11 सितंबर, शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। यूनियनों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 28 सितंबर से 3 दिवसीय और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। हड़ताल के तहत बैंक कर्मी आज प्रातः 10.30 बजे गांधी चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के समक्ष एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन और सभा करेंगे।

### रतलाम से फैमिली रेस्टोरेंट का संचालक इरफान गिरफ्तार

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र के झिरन्या गांव में एक स्वागत समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीती देर रात रतलाम (क्रड्डह्लद्यड्डद्व) से नकाबपोश मुख्य आरोपी इरफान अंसारी पिता रईस अंसारी समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी इरफान अंसारी रतलाम में सालाखेड़ी पुलिस चौकी के सामने स्थित फैमिली रेस्टोरेंट का संचालक है। खास बात यह है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी इरफान अंसारी खुद को सोशल मीडिया के माध्यम से क्रस्स् (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) के अनुषंगिक संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बताने के साथ भाजपा नेताओं और पुलिस अफसरों के साथ फोटो खिंचवाकर लोगों को प्रभावित कर डिस्प्यूट प्रॉपर्टी के काम करता है। उल्लेखनीय है कि करीब दो सप्ताह पहले झिरन्या गांव में निकले एक जुलूस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में एक युवक मुंह पर नकाब बांधकर सार्वजनिक रूप से हवाई फायरिंग करता दिखाई दे रहा।

# भाजपा 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




भारतीय जनता पार्टी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोक सेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। अभियान को लेकर रंगोली सभागार में कुशाभाऊ ठाकरे एवं सूरजमल जैन मंडल की कार्यशाला आयोजित हुई, इन्हें मुख्य वक्ता के रूप में कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी को बिना अवकाश लिए सतत कार्य करने वाला इतिहास पुरुष बताया।

ठाकरे मंडल की कार्यशाला का शुभारंभ वंदे मातरम का गान कर किया गया। इसमें मंत्री श्री काश्यप के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, इंदौर ग्रामीण प्रभारी शैलेन्द्र डागा एवं मंडल प्रभारी पदमा जायसवाल मंचासीन रहीं। अध्यक्षता ठाकरे मंडल के अध्यक्ष आदित्य डागा ने की। आरंभ में मंडल प्रभारी श्रीमती जायसवाल ने सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने पार्टी स्तर पर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी दी। मंत्री श्री काश्यप ने प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में देश को मिली उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने रतलाम शहर के चौतरफा विकास पर भी प्रकाश डाला।

इसके बाद सूरजमल जैन मंडल की कार्यशाला हुई, जिसमें मंत्री श्री काश्यप के साथ जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी मंचासीन रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी ने की। मंडल कार्यशाला में नव मनोनीत भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्यों का स्वागत भी किया गया। इस दौरान मंडल, जिला, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# एटीएम को काटकर नकदी उड़ाने वाले तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

## 6 लाख रू., ऑक्सीजन सिलेंडर जब्त



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले की गरोठ पुलिस ने भानपुरा रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को गैस कटर से काटकर नकदी उड़ाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में शामिल 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 6 लाख रू. नकद, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार, 2 ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस कटर, एटीएम के कटे हुए पाट्र्स और मोबाइल फोन जप्त किए हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विनोद कलोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विगत 29-30 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने एटीएम को गैस कटर से काटकर नकदी चुरा ली है।

शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के लगभग एक हजार सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर की सूचना पर विभिन्न प्रदेशों में दबिश देकर तीन मुख्य आरोपियों समीर खान निवासी कोटा (राजस्थान), शहजाद मेवाती निवासी नूंह (हरियाणा) और मानपाल लोधी निवासी कासगंज (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया, जबकि इनका एक साथी शिवकुमार लोधी फिलहाल फरार है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे भीड़भाड़ से दूर बिना गार्ड वाले एटीएम की रेकी करते थे। वारदात के दौरान फर्जी एटीएम कार्ड से रसीद फंसाकर कैश ब्लॉक कर देते थे ताकि आम नागरिक एटीएम का उपयोग न कर सकें।

इसके बाद स्प्रे छिड़ककर सीसीटीवी कैमरों को अंधा कर दिया जाता था और महज कुछ ही मिनटों में गैस कटर से मशीन काटकर कैश ट्रे निकाल ली जाती थी। यह गिरोह पूर्व में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. और म.प्रत्र में करोड़ों रुपये की एटीएम कटिंग की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पकड़े गए आरोपियों पर विभिन्न राज्यों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।



# पर्यावरण की रक्षा के लिए भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमाएं स्थापित करें

## गणेशोत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर।** आगामी गणेश उत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नगर की समस्त गणेश उत्सव समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों की बैठक जनपद पंचायत हॉल में आयोजित की गई। बैठक में विहिप जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने कहा कि मंदसौर में प्रतिवर्ष लगभग 90 से 95 पंडाल लगाए जाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि भगवान गणेश की प्रतिमाओं के मूल स्वरूप के साथ कोई छेड़छाड़ न की जाए और फिल्मी या अप्राकृतिक डिजाइनों से बचा जाए। उन्होंने विसर्जन यात्राओं में फिल्मी गीतों के स्थान पर केवल भक्तिमय भजन बजाने और पंडालों में धार्मिक कथाएं व सांस्कृतिक प्रसंग आयोजित करने का आह्वान किया। साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए मिट्टी की प्रतिमाएं स्थापित करने और निर्धारित स्थलों पर ही विसर्जन करने का संदेश दिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने सुरक्षा संबंधी निर्देश देते हुए पंडालों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त स्वयंसेवकों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पंडालों के कारण यातायात प्रभावित न हो। बैठक में विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मंडलोई, जिला धर्म प्रसार प्रमुख शंकर शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा आदि भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन बजरंगदल जिला विद्यार्थी प्रमुख गोपाल कुमावत टांक ने किया।

## न्यूज कालम



### पुलिस ने अवैध शराब निर्माण हेतु 1100 लीटर महुआ लहान जप्त किया

**नीमच।** पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रतलाम रेंज रतलाम व पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन मे चलाए जा रहे अवैध शराब के धरपकड़ अभियान में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मनासा श्रीमती शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन मे थाना कुकडेश्वर की टीम को करीब 1100 लीटर महुआ लहान नष्ट करने में सफलता मिली है। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 8 सितम्बर को थाना प्रभारी उनि मंगलसिंह राठौर मय थाना कुकड़ेश्वर, मनासा व रामपुरा बल के साथ अवैध शराब की धरपकड़ हेतु थाना कुकड़ेश्वर के ग्राम तलाऊ व बरखेड़ा मे हाथ भट्टी की कच्ची शराब के निर्माण के संभावित स्थानो पर दबिश देकर करीब 1100 लीटर महुआ लहान नष्ट कर जंगल मे बनी अवैध भट्टियो को नष्ट किया गया। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना कुकडेश्वर, थाना मनासा, थाना रामपुरा की संयुक्त टीम का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

### पिपलिया चौपाटी पर सर्विस रोड़ दे रहा दुर्घटनाओं को निमंत्रण



**पिपलिया मंडी।** पिपलिया मंडी चौपाटी पर फोरलेन रोड़ से पूर्व दिशा में बना सर्विस रोड पर विगत दिनों पाईप लाईन डालने को लेकर रोड का खुदाई कार्य किया था, पाईप लाईन का काम तो हो गया, लेकिन उक्त रोड़ आधा अधुरा बनाकर छोड़ दिया। जिससे उक्त रोड पर आयेदिन टू व्हीलर चालक दुर्घटनाओ के शिकार हो रहे हैं।उपरोक्त विषय में पूर्व में भी फोरलेन निमार्ता कंपनी को समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया था लेकिन कंपनी ने अभी तक ध्यान नही दिया। जिससे जिससे आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। ऐसा सुनने में आया है कि एक सप्ताह में अगर काम शुरू नहीं हुआ तो लोग आंदोलन भी कर सकते हैं।

### समरसता संकल्प यात्रा का निनोरा ग्राम पंचायत में हुआ भव्य स्वागत



**पिपलिया मंडी।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के उपलक्ष में पिपलिया मंडी भाजपा मंडल के तत्वाधान मेंआयोजित समरसता संकल्प यात्रा गांव बरखेड़ा पंथ से प्रारंभ होकर खात्याखेड़ी अयोध्या बस्ती पिपलिया मंडी खोखरा ननोरा बालागुड़ा होते हुए बही पार्श्वनाथ पहुंची। इस बीच ग्राम पंचायत निनोरा में सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शक्तावत के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गवाही से लगातार नदारद रहने पर उप निरीक्षक का वेतन व पेंशन रोकने के आदेश

**मंदसौर।** एनडीपीएस मामलों के विशेष न्यायाधीश मुनेंद्र सिंह वर्मा के न्यायालय ने गवाही के लिए बार-बार समन और वारंट जारी होने के बावजूद अनुपस्थित रहने वाले उप निरीक्षक राजू सिंह अहिरवार का वेतन और पेंशन रोकने के सख्त आदेश जारी किए हैं। मामला थाना सुवासरा के से जुड़ा है, जिसमें 23 किलो 600 ग्राम अवैध डोडाचूरा जप्त किया गया था। उक्त मामले में जप्ती अधिकारी रहे उप निरीक्षक राजू सिंह अहिरवार (वर्तमान में जिला ग्वालियर में पदस्थ) की गवाही हेतु न्यायालय द्वारा 17 से अधिक बार गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके थे। उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण के शीघ्र निराकरण के निर्देशों के बावजूद साक्षी के उपस्थित न होने पर न्यायालय ने इसे जानबूझकर गवाही से बचना माना। न्यायालय ने 9 सितंबर के अपने आदेश में कोषालय अधिकारी ग्वालियर को साक्षी का वेतन अथवा पेंशन बिना अदालती अनुमति के आहरित न करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि साक्ष्य के अभाव में यदि मामले पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित पुलिस अधिकारी की होगी।

### अवैध रेत के बड़े भंडार पर छापा, 5 डंपर और 3 ट्रैक्टर जब्त

**नीमच।** गिरदोड़ा गांव में मुख्य सड़क और दुकानों के आसपास अवैध रूप से जमा की गई रेल के खिलाफ जिला खनिज विभाग ने सोमवार शाम बड़ी कार्रवाई की। दिन में सोशल मीडिया पर अवैध रेत भंडारण का वीडियो न वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और शाम होते-होते खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंच गईष गिरदोडा में मुख्य सड़क के किनारे और दुकानों के पास बडी मात्रा में रेत के ढेर लगाए गए थे। वीडियो सामने आने के बाद जिला खनिज अधिकारी जगन सिंह भिंडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस कार्रवाई मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने जिस तेजी से कार्रवाई की, उससे अवैध गतिविधियों पर निगरानी और शिकायतों की त्वरित कार्रवाई का संदेश गया है। दौरान अवैध रूप से भंडारित रेत मिलने पर विभाग ने जब्ती की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 5 डंपर रेत और 3 रेत से भरे ट्रैक्टर जब्त किए गए। अवैध परिवहन जगन सिंह गिंडे ने बताया कि अवैध रेत का परिवहन और भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार स'त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोमवार शाम गिरदोडा में अवैध रेत भंडारण के मामले में कार्रवाई की।

### बैंकों में राष्ट्रव्यापी हडताल आज

**नीमच।** यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आव्हान पर आज देशभर में बैंकों में हडताल रहेगी। इस तारतम्य में नीमच जिले की सभी बैंकों में भी हडताल रहेगी। इस हडताल में ए.आई.बी.ई.ए., ए.आई.बी.ओ.ए., एन.सी.बी.ई., ए.आई.बी.ओ.ए., बी.ई.एफ.ई., आई.एन.बी.ई.एफ और आई.एन.बी.सी.सहित बैंकों की अन्य यूनियन के सदस्य भी हडताल पर रहेंगे। बैंक कर्मचारी नेताओं ने बताया कि इन्हीं मुद्दों को लेकर नीमच जिले की बैंकों के कर्मचारी, अधिकारी भी हडताल पर रहेंगें और अपनी मांगों के समर्थन में पंजाब नेशनल बैंक की टैगोर मार्ग शाखा के समक्ष एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे।

### सांसद श्री गुप्ता दक्षिण अफ्रीका में आयोजित संसदीय सम्मेलन भाग लेंगे



**मंदसौर।** क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता को केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका) में आयोजित होने वाले 69वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए नामांकित किया गया है। यह नामांकन लोकसभा अध्यक्ष द्वारा किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 19 सितंबर तक आयोजित होगा, जिसमें राष्ट्रमंडल देशों के जनप्रतिनिधि संसदीय लोकतंत्र, सुशासन और समसामयिक विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। इस सम्मेलन में सांसद सुधीर गुप्ता की भागीदारी को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जहाँ उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े विचारों को रखने का अवसर मिलेगा।

# अच्छी वर्षा की कामना को लेकर गधे से कराई बुवाई



**मंदसौर।** नगर के वार्ड नंबर 26 चंद्रपुरा क्षेत्र में बारिश न होने से चिंतित नागरिकों ने इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए एक अनूठी परंपरा का निर्वहन किया। क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर स्थानीय श्मशान घाट परिसर में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर गधों से सांकेतिक बुवाई की।क्षेत्रीय मान्यता के अनुसार श्मशान घाट में बुवाई करने से वर्षा के योग बनते हैं और क्षेत्र में समृद्धि आती है। इस दौरान फसलों को जीवनदान मिलने और आमजन को राहत मिलने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। आयोजन में क्षेत्रीय प्रतिनिधि शैलेंद्र गिरी गोस्वामी, संजय पंवार, सोहनसिंह भदोरिया सहित दुलीचंद माली, नितिन सिंह, गोपाल पंवार, मोहनलाल, दीपक माली, दिनेश सिंह, मांगीलाल, पप्पू मालवीय, मनोहर सिंह, अनुराग सिंह एवं भीम सिंह सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### डिप्टी कलेक्टर व परियोजना अधिकारी ने न. प. जावद का किया निरीक्षण

**नीमच।** डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण नीमच द्वारा बुधवार को नगर परिषद जावद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्थाओं के साथ विभिन्न योजनाओं एवं प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण में सीएम हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रकरणों में नियमानुसार समयबद्ध कार्यवाही करते हुए योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- पंकज बहरानी क्रेता- इन्द्रजीत साहू पता- ब्लाक बी-07 फ्लेट 906 गुलमर्ग परिसर कनाड़िया इन्दौर पिन- 9000077886 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नीना कासलीवाल क्रेता- राजेश चौहान पिता अम्बारामजी चौहान पता- 57 तिलक नगर इन्दौर पिन- 1002919044 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मनोहर गोयल सुचीता नीमा क्रेता- श्रीमती मनोहर गोयल पति ओमप्रकाश पता- 597 ब्रजेश्वरी ग्रेटर इन्दौर पिन- 1001334707 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नवलसिंह प्रेमचंद कदम क्रेता- मनोज सक्सेना पिता शशिकांत देव सक्सेना पता- 310 ग्रीन वैली यूनीट इन्दौर पिन- 1001339302 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-17**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- तुलसीराम पिता जगन्नाथ मौर्य क्रेता- जितेन्द्र पिता विक्रम वार्ड 52 पता- 61 अजय बाग कालोनी इन्दौर पिन- 1001321440 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-17**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रणजीत पिता मुन्नालाल सिलावट क्रेता- प्रताप पिता वीनूभाई पटेल वार्ड 63 पता- सी-4 प्रकोष्ठ स्कीम नं. 31 नवलखा काम्पलेक्स इन्दौर पिन- 1004686506 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**नाम बदलने की सूचना**

"मैं ABDUL HUDAIN MUNIMJIWALA निवासी मकान नं. 447 वार्ड नं. 6 तहसील सुवासरा, सुवासरा मंडी मन्दसौर (म.प्र.) 458888, आज की तारीख से मैं अपना नाम बदलकर ABDUL HUSAIN MUNIM कर रहा हूं। इसलिये, मैं आम जनता को सूचित करता हूं कि इस तारीख से मुझे मेरे नए नाम ABDUL HUSAIN MUNIM से जाना और पहचाना जाए।

**भवदीय,**

**ABDUL HUSAIN MUNIM**
**S/O SHUJAUDDIN**
**निवासी मकान नं. 447 वार्ड नं.6 तहसील सुवासरा, सुवासरा मंडी मन्दसौर (म.प्र.) 458888**

**कार्यालय नगर परिषद् डीकेन, जिला नीमच (म.प्र.)**
**Ph. 07420257532 Email ID- cmodiken@mpurban.gov.in**

**क्रमांक- 2258/रोड / निर्माण /2026** — **डीकेन दिनांक 09.09.2026**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त केन्द्रिकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in/mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_UAD_526512_1 | आदिम जाति कल्याण योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 शेख गुर्जर के मकान से कल्लू मामा के मकान तक व फोरुलाल नायक के मकान से बिहारीलाल भील के मकान तक सीसी रोड निर्माण | 03 माह<br>29.95 लाख | 5,000/-<br>22,466/- | 24.09.2026<br>17.30 |

निविदा शर्तें :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन mptenders.gov.in/mpurban.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**(श्रवण कुमार पाटीदार)** अध्यक्ष न.प. डीकेन — **(रोहित केशवास)** उपयंत्री न.प. डीकेन — **(जे.एल. पाटीदार)** मुख्य नगरपालिका अधिकारी न.प. डीकेन



## तराना में राज्य कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**तराना।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की तराना तहसील इकाई ने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों और मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई कर्मचारी हितेषी घोषणाओं के क्रियान्वयन क्रियान्वयन हेतु ज्ञापन नायब तहसीलदार सुश्री टीना मालवीय के माध्यम से शासन को दिया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी,जिला उपाध्यक्ष नवीन चौहान और अशोक मालवीय, प्रभारी बीईओ और मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सह सचिव बीएस तोमर, तहसील अध्यक्ष मांगीलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ ब्रह्मानंद पाटीदार, राजेंद्र परमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे । ज्ञापन का वाचन मांगीलाल यादव ने किया एवं संचालन सुनील देवड़ा गाइड ने किया ।

## श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत प्रसंग सुनाया



**बड़नगर।** नगर के श्री गुजराती रामी माली समाज धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का अद्भुत प्रसंग सुनाया गया। हरिद्वार से पधारे भागवताचार्य गुरुदेव श्री हेमंत कश्यप महाराज के श्रीमुख से जैसे ही भगवान श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला का वर्णन हुआ, पूरा पंडाल बोल गोवर्धन महाराज की जय के जयकारों से गूंज उठा। कथा प्रसंग में गुरुदेव ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र के अहंकार को तोड़ने के लिए ब्रजवासियों को इंद्र की पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत और गौ-धन की पूजा करने की प्रेरणा दी।

## जामुनिया सोसायटी में किसानों को दिया प्रशिक्षण

**सुसनेर** सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर के तत्वावधान में बुधवार को जामुनिया सोसायटी कार्यालय में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में प्रशिक्षक सुयश शर्मा ने किसानों को सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली, शासन की कृषि कल्याणकारी योजनाओं, फसल ऋण, समर्थन मूल्य पर खरीदी, खाद-बीज की उपलब्धता एवं उन्नत कृषि तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सोसायटी प्रबंधक हेमराज यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सोसायटी के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सारंगपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

**सारंगपुर।** सारंगपुर-संडावता रोड पर मंगलवार को सडक हादसा हो गया। नवीन ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे 22 साल के युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। लीमा चौहान थाना पुलिस के मुताबिक भाटखेडी बालाजी गांव का कमल पिता स्वर्गीय मांगीलाल भंडारी पैदल भंडारे में जा रहा था। इसी दौरान सारंगपुर-संडावता रोड पर नवीन ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। कमल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमल को सिविल अस्पताल सारंगपुर ले गई। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## तिलभांडेश्वर की सवारी का किया स्वागत

**तराना।** बाबा तिलभांडेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली गई। सोमवार को निकली सवारी में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच लगाकर सवारी का स्वागत किया गया। इसी दौरान प्रत्यूष जोशी व अक्षत सोलंकी मित्र मंडली के दौरान स्वागत किया गया।

### माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान विराजे घर - घर गणेश विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण में दिया संदेश

# माटी गणेश निर्माण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल को बढ़ावा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना**



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड तराना, द्वारा विकासखंड स्तरीय माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शर्मा परिसर तराना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समन्वयक जय दिक्षित विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण शर्मा विश्व हिन्दु परिषद प्रांत परावर्तन प्रमुख बजरंग दल उज्जैन ग्रामीण जिला संयोजक जीवन सिं पटेल , विकासखण्ड समन्वयक संदीप मालवीय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जय दिक्षित ने कहा कि,मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सतत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं उसी क्रम में माटी गणेश का निर्माण हमारी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सुंदर पहल है।

गणेश उत्सव को प्रकृति के अनुकूल बनाते हुए अधिक से अधिक लोगों को मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद से जुड़े कार्यकर्ता इस संदेश को गांव-गांव और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं।

विकासखण्ड समन्वयक संदीप मालवीय ने प्राचीन परम्पराओं का स्मरण करते हुए कहा कि,हमारे सभी व्रत एवं त्यौहार पर्यावरण एवं प्रकृति से जुड़े हुए हैं ओर वे इनके संरक्षण का संदेश देते हैं, ।विकासखंड समन्वयक ने प्रशिक्षण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माटी गणेश निर्माण से पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों में रचनात्मकता, स्वावलंबन और भारतीय संस्कृति के प्रति भाव जागृत होता है। उन्होंने सभी नवांकुर संस्थाओं,समितियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अभियान को व्यापक रूप देने का आह्वान किया।

### मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण की विधि का प्रशिक्षण दिया

प्रशिक्षक तनिष्का रावल उषागौर ने प्रतिभागियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण की विधि का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्राकृतिक सामग्री के उपयोग तथा पर्यावरण हितैषी गणेश उत्सव के महत्व की जानकारी देते हुए प्रतिमा निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं को समझाया। प्रशिक्षण में नवांकुर संस्था मोहिनी सेवा समिति मंजु जैन , प्रताप भाटी , परामर्शदाता होकम पटेल , ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश रावल ने किया तथा आभार प्रताप भाटी द्वारा व्यक्त किया।

# श्रीचंद्र प्रभु के महोत्सव की तैयारियां शुरू

### 19 सितंबर से अखंड रामायण पाठ, 20 को पूजन-अभिषेक व पूर्णाहुति

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**



सराफा चौक स्थित श्री बड़ा उदासीन आश्रम अखाड़ा में बुधवार को श्रीमहंत सरस्वतीदास महाराज की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें उदासीन संप्रदाय के प्रथम आचार्य श्रीचंद्र प्रभु के 532वें जन्म नक्षत्र महोत्सव को श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाने को लेकर कार्यक्रम तय किए गए।

बैठक में बताया गया कि 19 सितंबर को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। यह पाठ लोककल्याण एवं विश्व शांति की मंगलकामना के साथ आयोजित किया जाएगा। 20 सितंबर को पूजन-अभिषेक, पूर्णाहुति, आरती, पुष्प समर्पण एवं अरदास के धार्मिक आयोजन होंगे।

महोत्सव के अवसर पर सुबह 11 बजे अखाड़ा परिसर में आयोजन होगा। इसके साथ ही भोजन प्रसादी शांति वाटिका, नयापुरा में रखी गई है।

उदासीन संप्रदाय के भक्तों एवं धमार्नुरागियों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रीचंद्र प्रभु के ज्ञान, वैराग्य और समत्व के संदेश को जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

बैठक में पं. आशुतोष भट्ट, गोवर्धन जोशी, रामनिवास नवहाल, अभय सोनी, विपिन सारस्वत, महेश शुक्ला, सतीश शर्मा, किशन सोनी, गोपाल सोनगरा, मुकेश परमार, ईश्वर सोनी, देवेंद्र सोनी, प्रणेश सोनी, ऊषा सोनी एवं अशोक सोनी उपस्थित रहे।

### अद्वैत भाव और लोककल्याण का संदेश

उदासीन संप्रदाय की संत परंपरा में श्रीचंद्र प्रभु का जन्म नक्षत्र महोत्सव साधना, वैराग्य, आत्मज्ञान और अद्वैत भाव के स्मरण का पर्व है। उदासीन दर्शन संसार में रहते हुए भी मोह-माया एवं आसक्ति से ऊपर उठकर आत्मस्वरूप का चिंतन करने तथा मानव सेवा एवं लोककल्याण को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा देता है।

### पीड़ित ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की

# बैंक कर्मचारियों पर किश्त वसूली को लेकर मारपीट व पत्थरबाजी के आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर**

नरबदिया बाजार क्षेत्र में किश्त की राशि वसूली को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मधु जैन निवासी नरबदिया ने सुसनेर थाने में आवेदन देकर एयू बैंक के कर्मचारियों पर मारपीट, पत्थरबाजी और दुकान में तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए हैं।

आवेदन में बताया गया कि 8 सितंबर को शाम करीब 3:50 बजे बैंक के 8 से 10 कर्मचारी किश्त की राशि लेने के लिए दुकान पर पहुंचे थे। दुकानदार द्वारा करीब 15 हजार रुपए की मासिक किश्त जमा की जाती है।बारिश के कारण उस समय राशि कम होने पर दुकानदार ने शाम तक पूरी राशि जमा करने की बात कही, लेकिन आरोप है कि कर्मचारियों ने उसकी बात नहीं मानी और विवाद करने लगे। परिवार का आरोप है कि इसके बाद बैंक कर्मचारी घर के सामने भी एकत्रित हो गए और पत्थरबाजी करने लगे। मधु जैन ने बताया कि युवक को बचाने के लिए फाटक बंद करने का प्रयास किया, इसी दौरान उनके सिर पर पत्थर लगने से चोट आई और खून बहने लगा। परिवार ने किसी तरह युवक को घर के अंदर रोककर स्थिति को संभाला।

आवेदन में बैंक कर्मचारियों पर बार-बार ब्याज की राशि वसूलने तथा संपत्ति सीज करने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। परिवार का कहना है कि मूल राशि जमा की जा चुकी है और ब्याज की राशि को लेकर विवाद बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से घटना की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा शासन-प्रशासन से मामले में राहत दिलाने की मांग की है।

# कर्तव्यों का पालन करने से मनुष्य विकारों पर विजय प्राप्त कर सकता-जैन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर**

श्वेतांबर जैन समाज के परम पवित्र पर्यूषण महापर्व का बुधवार को दूसरा दिन पूरे श्रीसंघ में अभूतपूर्व धर्म-उल्लास, अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्ना हुआ। इस पावन अवसर पर स्थानीय जैन समाज जिनालयों में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रभु भक्ति, जप-तप और विधिवत अनुष्ठानों में सहभागिता की। पूरे नगर का वातावरण जिनवाणी के सुमधुर स्वरों और धार्मिक भजनों से गुंजायमान रहा।

यह आठ दिवसीय महापर्व परम पूज्य हृदयरत्न महाराज साहब की पावन निश्रा में अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जा रहा है।

### 11 वार्षिक कर्तव्यों का महत्व

पर्युषण महापर्व के द्वितीय दिवस पर भीवंडी से पधारे हुए वीर सैनिक किनाल जैन, सिद्धार्थ जैन एवं पारसमल जैन के सान्निध्य में धर्मसभा का आयोजन हुआ। अपने ओजस्वी प्रवचन में श्रावकों ने पर्युषण आराधना के 11 कर्तव्यों का विस्तृत एवं प्रेरणादायी विवेचन किया तथा सभी श्रावक-श्राविकाओं को उन्हें जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

# झोंकर में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मुस्लिम समाज थाने पहुंचा, कार्रवाई की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी**

मक्सी थाना क्षेत्र के ग्राम झोंकर में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश देखने को मिला। मामले को लेकर बुधवार को झोंकर के मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग मक्सी थाने पहुंचे और पुलिस को आवेदन देकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं गिरफ्तारी की मांग की।

मुस्लिम समाज द्वारा पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया गया कि झोंकर निवासी नितिन इंद्रिया पाटीदार पिता राजेश इंद्रिया पाटीदार द्वारा गत दिनों आपत्तिजनक एवं गुस्ताखी भरी टिप्पणी की गई। समाजजनों का कहना है कि टिप्पणी से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

आवेदन में मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस से मांग की कि मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया जाए और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की जाए। समाजजनों ने पुलिस को मामले से संबंधित जानकारी एवं उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करने की भी मांग की।

### पुलिस ने दिया कार्रवाई का भरोसा

मामले को लेकर एसआई मनोहर चौहान ने बताया कि ग्राम झोंकर में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर मुस्लिम समाज की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच में तथ्य सामने आने के बाद संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मामले के बाद पुलिस ने भी स्थिति पर नजर बनाए रखी है। समाजजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

# अवैध शराब बेचते तीन जगह पकडे, 100 पाव देशी शराब जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर**

अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, धारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने रविवार को सारंगपुर क्षेत्र के तीन गांवों में कार्रवाई की। गुलावता, धामंदा और पटाडिया में अवैध रूप से शराब बेचते पाए जाने पर विभाग ने तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान कुल 100 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7500 रुपए बताई गई है।

आबकारी विभाग के अनुसार कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सारंगपुर वृत्त प्रभारी अंकित चौहान ने गश्त के दौरान कार्रवाई की। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायत की जांच के दौरान भी टीम ने संबंधित क्षेत्रों मंर पहुंचकर स्थिति की जांच की।

### मदिरा दुकान का भी किया निरीक्षण

कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम ने क्षेत्र की मदिरा दुकान का निरीक्षण भी किया। यहां उपलब्ध मदिरा का परमिट के अनुसार सत्यापन किया गया और दस्तावेजों तथा उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। विभाग ने अवैध शराब की बिक्री पर निगरानी बढ़ाने की बात कही है। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक शिवम पचाया ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया।

# कांग्रेस ने महेश परमार को बनाया सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव का प्रभारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर**

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तराना विधायक महेश परमार को सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले ने 8 सितंबर को नियुक्ति पत्र जारी किया। पार्टी की ओर से नियुक्त प्रभारी महेश परमार को सुसनेर पहुंचकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही आपसी सहयोग, समन्वय और आम सहमति के आधार पर अध्यक्ष पद के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन कर उसका प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में चुनावी तैयारियों पर मंथन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर**



आगामी नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को सुसनेर में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, चुनावी तैयारियों और कार्यकताओं की भूमिका को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में संभाग प्रभारी लता वानखेड़े, जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, जिला प्रभारी जयदीप पटेल, नगर परिषद चुनाव प्रभारी अनिल जैन, रवि सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय तथा आगर विधायक मधु गहलोत सहित जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान आगामी नगर परिषद उपचुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों की जानकारी ली गई तथा कार्यकताओं के साथ विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

मंच पर पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सकलेचा, चिंतामण राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. भवानी शंकर वर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश भट्ट, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजपाल सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाने तथा चुनाव को लेकर निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की बात कही। साथ ही नगर परिषद उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों के साथ मैदान में जुटने का संदेश दिया गया। भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक को आगामी नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव की तैयारियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा चुनावी गतिविधियों को गति देने को लेकर चर्चा की।



## संत रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती पर निकाली भव्य कलश वंदन यात्रा

**खाचरौद।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता मंच, नागदा ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित कलश वंदन यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विधिवत कलश पूजन कर समरसता संकल्प लिया गया। यात्रा का शुभारंभ अम्बेडकर नगर, वार्ड क्रमांक 5 से हुआ। कलश यात्रा पुराना थाना लक्ष्मीनाथ चौक चबूतरा चौराहा अनंत नारायण मंदिर गणेश देवली निमाड़वास विक्रम मार्ग मुकुंदपुरा होते हुए रविदास मंदिर, रतलाम रोड पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं नगरवासी शामिल हुए। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर तथा हाथों में भगवा ध्वज लेकर संत रविदास महाराज के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। पूरे यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का वातावरण दिखाई दिया। इस पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से संत रविदास महाराज जी के सामाजिक एकता, समानता, समरसता एवं मानव कल्याण के प्रेरणादायी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों को ब्रह्मांड पर एक शैक्षिक कार्यक्रम में दी ज्ञानवर्धक जानकारियां



**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद के सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों को बुधवार को अंबिका एंटरप्राइजेस के संचालक राधेश्याम पाटीदार द्वारा ₹ब्रह्मांड₹ पर एक शैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरिक्ष में इसरो चंद्रयान मिशन चंद्रमा की यात्रा मंगल ग्रह अलौकिक जीवन की संभावना आदि के बारे में रोचक ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई इस दौरान विद्यालय की कक्षा नौवीं दसवीं 11वीं 12वीं के स्कूली छात्र-छा त्राओं ने जानकारी को गंभीरता से सुना पाटीदार ने बताया स्कूली छात्रों के समग्र विकास तथा उन्नयन एवं उत्थान के लिये उनकी कंपनी 'पोलाद स्टीलर₹ समय-समय पर स्कूलों में भ्रमण कर उन्हें शैक्षणि क जानकारी के साथ-साथ अन्य जानकारियां भी देती हैं

## जीरापुर तहसील के कर्मचारियों ने सौंपा 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी



**जीरापुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, तहसील जीरापुर के द्वारा सोमवार दिनांक 08/09/2026 को तहसीलदार जीरापुर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ ने बताया कि प्रदेश के अधिकारी/कर्मचारी एवं पेंशनरों की न्यायोचित एवं लंबित मांगों पर शासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, कर्मचारी आयोग गठित करने तथा दो से अधिक संतान की बाध्यता समाप्त करने की घोषणा के बाद भी आज दिनांक तक आदेश जारी नहीं हुए हैं। जिससे प्रदेश के समस्त वर्ग के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद जी वर्मा, जिला संगठन मंत्री फूल सिंह वर्मा, आराधना शर्मा, कैलाश शर्मा, जगदीश राठौर, भगवान सिंह गुजराती, महेश भावसार, रश्मि उपाध्याय, रजनी साहू, प्रमिला उसपरिया, संगीता शर्मा, गायत्री भावसार सहित तहसील एवं विकासखंड जीरापुर के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में संघ ने शासन से मांग की है कि उक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र आदेश जारी किए जाएं, अन्यथा संघ को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## नागर को धमकी भरा पत्र प्राप्त होने के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन दिया



**तराना।** गौ-भक्त मंडली तराना-माकड़ोन क्षेत्र के द्वारा गुरुवार को एसडीएम को संत पं. कमल किशोरजी नागर को धमकी भरा पत्र प्राप्त होने के संबंध में ज्ञापन दिया गया। जिसमे बताया कि 4 सितंबर को श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला, भूराडाबरा, जिला झाबुआ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर रात्रिकालीन भव्य सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया था।उल्लेखनीय है कि संत नागर धर्मांतरण एवं गौ-तस्करी जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जनजागरण एवं गौ-संरक्षण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे हैं। इसी क्रम में इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष धार्मिक एवं सामाजिक जनजागरण के बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं । उक्त रात्रिकालीन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान की गई सामग्री, शाल एवं श्रीफल आदि के बीच एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र की भाषा एवं विषयवस्तु को देखते हुए मामला अत्यंत गंभीर एवं सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक प्रतीत होता है। उक्त धमकी भरे पत्र को गंभीरता से लेते निष्पक्ष जाँच करवाकर पत्र भेजने/रखने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हो ।वहीं उक्त पत्र मे पूज्य नागर जी को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी गई है, इस हेतु संत नागर एवं उनके सुपुत्र सहित श्री हाटकेशवर धाम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में तुरंत निर्णय लिया जावें एवं उक्त विषय को गंभीरता पुर्वक लें।



# उज्जैन के प्राचीन गणेश मंदिर

# जहां गणपति की आराधना में सदियों का इतिहास भी दिखाई देता है!

महाकाल की नगरी उज्जैन को केवल ज्योतिर्लिंग और धार्मिक परंपराओं के लिए ही नहीं, बल्कि प्राचीन मंदिरों और उनसे जुड़ी लोक आस्थाओं के लिए भी जाना जाता है। इन्हीं में भगवान गणेश के प्राचीन मंदिर विशेष स्थान रखते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर जब शहर गणपति की आराधना में डूबता है, तब इन पुराने मंदिरों में सदियों पुरानी आस्था और परंपरा का एक अलग ही स्वरूप दिखाई देता है।

उज्जैन के प्रमुख गणेश स्थलों में चिंतामन गणेश मंदिर का नाम सबसे पहले लिया जाता है। यह मंदिर शहर से करीब सात किलोमीटर दूर जवास्या क्षेत्र में स्थित है। पर्यटन विभाग के अनुसार यहां भगवान गणेश की प्रतिमा को स्वयंभू माना जाता है। मंदिर में गणेशजी के साथ रिद्धि-सिद्धि की भी पूजा होती है। मंदिर की प्राचीनता का अंदाजा यहां मौजूद पत्थर के नक्काशीदार स्तंभों से लगाया जाता है, जिन्हें परमारकालीन स्थापत्य परंपरा से जोड़ा जाता है। चिंतामन गणेश मंदिर की सबसे खास बात यहां गणेशजी के तीन स्वरूपों की मान्यता है–चिंतामन, इच्छामन और सिद्धिविनायक। श्रद्धालुओं के बीच चिंतामन को चिंता दूर करने वाला, इच्छामन को मनोकामना पूर्ण करने वाला और सिद्धिविनायक को सफलता प्रदान करने वाला स्वरूप माना जाता है। इन मान्यताओं के कारण वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है।

मंदिर से जुड़ी कई पौराणिक मान्यताएं भी प्रचलित हैं। हालांकि इन कथाओं को धार्मिक परंपरा और लोकविश्वास के रूप में देखा जाता है, लेकिन यही कथाएं मंदिर की लोकप्रियता और श्रद्धालुओं की आस्था को मजबूत करती हैं। गणेश चतुर्थी के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक वातावरण बनता है और दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

महाकाल मंदिर के समीप स्थित बड़े गणेशजी का मंदिर भी उज्जैन की धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला प्रशासन की वेबसाइट के अनुसार यहां भगवान गणेश की विशाल और आकर्षक प्रतिमा स्थापित है। मंदिर परिसर में पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है।

बड़े गणेशजी का मंदिर अपनी भव्य प्रतिमा के कारण विशेष पहचान रखता है। पुराने समय से ही उज्जैन आने वाले श्रद्धालु महाकाल दर्शन के साथ गणेशजी के दर्शन को भी धार्मिक यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते रहे हैं। मंदिर से जुड़ी संस्कृत और ज्योतिष शिक्षा की परंपरा भी इसकी विशिष्टता को बढ़ाती है।

उज्जैन के इन गणेश मंदिरों की खासियत केवल उनकी धार्मिक मान्यताओं तक सीमित नहीं है। इनके माध्यम से शहर की स्थापत्य कला, लोक परंपराएं और पीढ़ियों से चली आ रही श्रद्धा भी दिखाई देती है। गणेश चतुर्थी आधुनिक उत्सव का रूप भले ले चुकी हो, लेकिन इन प्राचीन मंदिरों में आज भी पूजा-पद्धति और आस्था की वह निरंतरता दिखाई देती है, जिसने उज्जैन को सदियों से धार्मिक नगरी के रूप में पहचान दी है।

यही वजह है कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर उज्जैन के प्राचीन गणेश मंदिर केवल दर्शन के केंद्र नहीं रहते, बल्कि वे शहर के धार्मिक इतिहास और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत तस्वीर बन जाते हैं।समय के साथ गणेश चतुर्थी मनाने का तरीका बदला है, लेकिन उज्जैन में गणपति के प्रति श्रद्धा आज भी उसी तरह कायम है। प्राचीन मंदिरों में जहां पारंपरिक पूजा-पद्धति और धार्मिक अनुष्ठानों का महत्व बना हुआ है, वहीं शहर के अलग-अलग हिस्सों में सार्वजनिक गणेश उत्सव भी धार्मिक और सामाजिक एकजुटता का माध्यम बन गया है।

गणेश स्थापना के साथ ही मंदिरों और पंडालों में सुबह-शाम आरती, भजन और विशेष पूजन शुरू हो जाते हैं। कई स्थानों पर स्थानीय कलाकार और कारीगर गणेश प्रतिमाओं तथा सजावट के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इससे उत्सव केवल धार्मिक आयोजन न रहकर शहर की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन जाता है।

उज्जैन की विशेषता यह है कि यहां धार्मिक पर्यटन और स्थानीय परंपराएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु महाकाल दर्शन के साथ गणेश मंदिरों में भी पहुंचते हैं।

गणेश चतुर्थी के दौरान इन मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की आवाजाही शहर की धार्मिक विरासत को और जीवंत कर देती है।

प्राचीन मंदिरों की यह परंपरा नई पीढ़ी को भी उज्जैन के इतिहास और संस्कृति से जोड़ती है।

यही कारण है कि गणेश उत्सव हर वर्ष नए उत्साह के साथ लौटता है, लेकिन उसकी जड़ें आज भी शहर की पुरानी धार्मिक परंपराओं में मजबूती से जुड़ी हुई हैं।

## गणेश दर्शन से शुरू होती यात्रा

उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गणेश मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं, बल्कि शहर की धार्मिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। चिंतामन गणेश और बड़े गणेशजी जैसे मंदिरों में गणेश चतुर्थी पर विशेष उत्साह दिखाई देता है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों को दूर कर शुभ कार्यों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही विश्वास इन प्राचीन मंदिरों को आज भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनाए हुए है।



## महाकाल की नगरी में शिव आराधना

भारत की धार्मिक परंपरा में उज्जैन का स्थान सदियों से विशेष रहा है। क्षिप्रा तट पर बसी यह नगरी भगवान शिव के महाकाल स्वरूप के कारण देश-विदेश में श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। यहां शिव आराधना केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, बल्कि शहर की जीवनशैली, पर्व-परंपराओं और लोक आस्था का अभिन्न हिस्सा है।

बाबा महाकाल को उज्जैन का अधिपति माना जाता है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव स्वयंभू ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान हैं। यही विश्वास लाखों श्रद्धालुओं को वर्षभर उज्जैन खींच लाता है। महाकाल मंदिर में होने वाली दैनिक पूजा और आरतियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र हैं। उज्जैन में शिव आराधना का सबसे जीवंत स्वरूप श्रावण-भादौ के दौरान दिखाई देता है। इस अवधि में मंदिर परिसर से लेकर शहर की गलियों तक हर ओर शिव भक्ति का वातावरण रहता है। श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं, बिल्वपत्र अर्पित करते हैं और भगवान महाकाल से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।महाकाल की सवारी उज्जैन की धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। परंपरागत रूप से बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकलते हैं और हजारों श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए मार्गों पर उमड़ते हैं। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयकारों के बीच निकलने वाली सवारी में धर्म के साथ लोक संस्कृति की भी झलक दिखाई देती है।




### नैनो न्यूज

- **ईशान किशन ने दम दिखाया** ईशान ने दलीप ट्रॉफी फाइनल में 270 रन बनाकर वापसी मजबूत की।
- **शेल्टन ने अल्कारेज हराया** बेन शेल्टन ने पांच सेटों में अल्कारेज को हराकर बड़ा उलटफेर किया।
- **साबालेंका सेमीफाइनल में** साबालेंका ने नोसकोवा को हराकर यूएस ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई।
- **तियाफो सेमीफाइनल में पहुंच** फ्रांसेस तियाफो ने वापसी कर मिशेलसन को पांच सेटों में हराया।
- **पाकिस्तान 133 पर ढेर** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान पहली पारी में सिमटा।
- **भारत-ऑस्ट्रेलिया तैयार** भारत-ए टीम में रुतुराज और देवदत्त को कप्तानी जिम्मेदारी मिली।
- **हार्दिक पर फैसला** ऑस्ट्रेलिया-ए सीरीज में हार्दिक पंड्या की भूमिका फिटनेस पर निर्भर रहेगी।
- **सुप्रीम कोर्ट का सवाल** सुप्रीम कोर्ट ने खेल कानून से बीसीसीआई बाहर रखने पर जवाब मांगा।


## शेल्टन ने अल्कारेज को हराकर मचाया बड़ा उलटफेर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने यूएस ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज को पांच सेट के रोमांचक क्वार्टरफाइनल में हरा दिया। शेल्टन ने 4 घंटे 28 मिनट चले मुकाबले में 6-7, 6-1, 6-3, 1-6, 7-6 के अंतर से जीत दर्ज की। मुकाबला स्थानीय समयानुसार तड़के 3:33 बजे समाप्त हुआ, ज ो

यूएस ओपन इतिहास का सबसे देर से खत्म होने वाला मैच बन गया। शेल्टन ने निर्णायक सेट में जबरदस्त धैर्य दिखाया और टाईब्रेक में अल्कारेज को 10-7 से मात दी। अल्कारेज ने पहला सेट जीतकर शानदार शुरूआत की थी, लेकिन इसके बाद शेल्टन ने आक्रामक खेल के स ा थ ा मुकाबले ् ा र पकड़ ब ना ली। पांचवें सेट में द ो न ो

खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर प्रदर्शन किया।
मुकाबले के दौरान अल्कारेज को शारीरिक परेशानी का भी सामना करना पड़ा। वह एक समय उल्टी करते नजर आए और कलाई में भी परेशानी की बात सामने आई। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और मुकाबले को निर्णायक टाईब्रेक तक पहुंचाया। हालांकि शेल्टन न ा

अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखते हुए करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल कर ली।
इस जीत के साथ शेल्टन सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका सामना हमवतन फ्रांसिस टियाफो से होगा। टियाफो ने भी एलेक्स माइकेलसन को पांच सेट में हराकर अंतिम चार में जगह बनाई है।
इससे यूएस ओपन पुरुष वर्ग में एक अमेरिकी खिलाड़ी का फाइनल में पहुंचना तय हो गया है।
अमेरिकी पुरुष टेनिस के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश को 2003 के बाद पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम खिताब का इंतजार है।
शेल्टन की जीत ने घरेलू प्रशंसकों की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ा दी हैं।इस मुकाबले की खास बात यह रही कि शेल्टन ने दबाव के बावजूद अपना आक्रामक खेल लगातार जारी रखा।




## भारत ने जूनियर एशिया कप में धमाका किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने एशिया कप में चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक हॉकी खेली और लगातार गोल करते हुए मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। इस शानदार जीत से भारत ने टूनामेंट में अपनी खिताबी दावेदारी मजबूत कर दी है। अब सेमीफाइनल में टीम के सामने कड़ी चुनौती होगी।जोड़ने के लिए ये 50 शब्द उपयुक्त रहेंगे। ताजा रिपोर्ट के अनुसार कप्तान अनमोल एक्का ने अकेले छह गोल किए और टूनामेंट में उनके कुल गोल 14 हो गए।

## तिलक वर्मा की 99 रन की पारी, दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन का दबदबा

**चेन्नई।** दलीप ट्रॉफी 2026 के फाइनल में ईस्ट जोन ने खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में ईस्ट जोन ने पहली पारी में विशाल 708 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ जोन की टीम 336 रन पर सिमट गई। इस तरह ईस्ट जोन को पहली पारी में 372 रन की बड़ी बढ़त मिल गई है।

साउथ जोन की ओर से तिलक वर्मा ने शानदार 99 रन की पारी खेली, लेकिन वह अपने नौवें प्रथम श्रेणी शतक से केवल एक रन दूर रह गए। तिलक को ऑफ स्पिनर कुनैन कुरैशी ने कैच एंड बोल्ड किया। उनकी पारी ने साउथ जोन को शुरूआती झटकों से उबरने में मदद की, लेकिन टीम ईस्ट जोन की विशाल बढ़त को कम करने में सफल नहीं हो सकी। ईस्ट जोन के लिए यह फाइनल बेहद खास है। टीम 14 साल बाद दलीप ट्रॉफी के फाइनल पहुंची है और अ ब ा उसके पास लंबे इंतजार के बाद खिताब जीतने का शानदार मौका है।

टीम की कप्तानी विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन कर रहे हैं। किशन ने फाइनल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए म ो 270 रन की विशाल पारी खेली, जिसने ईस्ट जोन को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

ईस्ट जोन की इस सफलता में युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा है। टीम ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन सेंट्रल जोन को प्रभावशाली अंदाज में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। अब फाइनल में भी टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में साउथ जोन पर दबाव बनाए रखा है।

साउथ जोन के सामने अब मुकाबला बचाने की बड़ी चुनौती है। उसके बल्लेबाजों को दूसरी पारी में मजबूत प्रदर्शन करना होगा, जबकि ईस्ट जोन के गेंदबाज खिताब पक्का करने के लिए जल्द विकेट हासिल करने की कोशिश करेंगे। मैच में अभी एक दिन का खेल बाकी है और ईस्ट जोन खिताब से बेहद करीब नजर आ रहा है।




**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ में ई-केवाईसी न कराने से 27,771 संबल कार्ड बंद

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में संबल योजना से जुड़े 27,771 मजदूरों के कार्ड बंद हो गए हैं। तय तारीख तक ई-केवाईसी (ई-केवायसी) न कराने की वजह से श्रम विभाग ने यह कदम उठाया है। हालांकि, राहत की बात यह है कि केवाईसी पूरा कराते ही ये कार्ड दोबारा चालू हो जाएंगे। बुधवार को झाबुआ के सहायक श्रम अधिकारी मनोज कुमार बेनावत ने बताया कि जिले में करीब 2 लाख 93 हजार संबल कार्ड बने हुए हैं। इनमें से 27,771 मजदूरों ने 13 जून 2026 की आखिरी तारीख तक ई-केवाईसी नहीं कराया था, जिसके चलते उनके कार्ड अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा भवन निर्माण से जुड़े करीब 4 हजार कार्ड भी ई-केवाईसी न होने से अटक गए हैं।

### टांडा में आजादी के बाद पहली बार दौड़ी ट्रेन

**धार।** धार जिले के टांडा में आजादी के बाद पहली बार ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। टांडा से जोबट होते हुए गुजरात के प्रतापनगर तक ट्रेन चलने के साथ ही जिले के आदिवासी क्षेत्र में रेल का सपना पूरा हुआ है। अब सबकी नजर धार शहर तक रेल पहुंचने पर है। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत धार, पीथमपुर और आसपास के इलाकों में काम जारी है। धार तक ट्रैक बिछने का काम आगे बढ़ चुका है। पीथमपुर से धार के बीच ट्रायल भी हो चुका है, लेकिन ट्रेन चलाने से पहले कई जरूरी काम पूरे करना बाकी हैं। ट्रैक बिछने के बाद भी ओवरब्रिज सहित दूसरे निर्माण कार्य अभी अधूरे हैं। कई जगहों पर काम चल रहा है और इसकी गति भी धीमी है। रेलवे ने साल 2026 में धार होते हुए इंदौर तक रेल सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन अभी की स्थिति को देखते हुए यह लक्ष्य पूरा करना चुनौतीपूर्ण दिखाई दे रहा है।

### एसपी से मिले डायल-112 पायलट सुपरवाइजर का किया समर्थन

**धार।** धार जिले के डायल-112 पायलटों ने अपने जिला सुपरवाइजर मनोज परमार के समर्थन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। पायलटों ने मनोज परमार पर विकास जाट द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया। पायलटों ने कहा कि मनोज परमार ने आज तक किसी भी पायलट से पैसे नहीं मांगे। उन्होंने पैसे न देने पर किसी तरह का दबाव नहीं बनाया और न ही ट्रांसफर की धमकी दी। पायलटों के मुताबिक, ड्यूटी के दौरान किसी कर्मचारी को कोई व्यक्तिगत परेशानी होने पर सुपरवाइजर को बताया जाता है, जिसका समाधान करने में वे मदद करते हैं।

### आदिवासी 'नवई' पर्व

## किसानों ने देवी-देवताओं को चढ़ाई नई फसल



**पीपलखूंटा और कोदली समेत कई गांवों में पारंपरिक उत्सव मनाया**

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के आदिवासी इलाकों में नई फसल के स्वागत का प्रमुख पर्व नवई पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रंभापुर के पास श्री हनुमंत निवास आश्रम, पीपलखूंटा में एक सप्ताह से आयोजन चल रहा है। गुरुवार को पेटलावद क्षेत्र के कोदली समेत कई गांवों में भी नवई पर्व मनाया गया। दूर-दूर से किसान मक्का के भुट्टे, भिंडी, किकोड़, करेला, काचरी, ककड़ी और अन्य नई फसलें लेकर पहुंच रहे हैं। भील जनजाति की परंपरा के अनुसार किसान अपनी उगाई पहली फसल खाने से पहले देवी-देवताओं को अर्पित करते हैं। पीपलखूंटा आश्रम में किसानों ने हनुमानजी को भोग लगाकर श्रीफल और अगरबत्ती चढ़ाई। आश्रम के महंत 1008 दयारामदासजी महाराज ने बताया कि किसान पहली उपज का कुछ हिस्सा प्रभु को समर्पित कर रहे हैं। कोदली गांव में सावन माता, बाबा खेड़ापति देव, लालबाई-फूलबाई, हनुमान वीर और माता शीतला समेत स्थानीय देवी-देवताओं को नया अनाज चढ़ाया गया।

## नैनो न्यूज

- **परिवहन समिट आज से शुरू-** इंदौर में दो दिवसीय पैसेंजर ट्रांसपोर्ट विजन समिट शुरू हो रही है। निजी निवेश और आधुनिक परिवहन तकनीक पर चर्चा होगी।
- **निवेशकों को मिलेंगे नए अवसर-** परिवहन क्षेत्र की कंपनियां समिट में नई तकनीक और कारोबारी समाधान प्रदर्शित करेंगी। निजी क्षेत्र के लिए निवेश के अवसर बढ़ेंगे।
- **पीपीपी मॉडल पर रहेगा जोर-** समिट में सार्वजनिक परिवहन को पीपीपी मॉडल से मजबूत करने पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। इससे निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।
- **परिवहन एक्सपो में तकनीक प्रदर्शन-** इंदौर में आयोजित एक्सपो में आधुनिक परिवहन तकनीकों और नए समाधानों का प्रदर्शन होगा। कारोबारियों को नई तकनीक की जानकारी मिलेगी।
- **एसएमई आईपीओ बाजार में सक्रियता-** आज देश में चार एसएमई आईपीओ खुले हैं। छोटे कारोबारों में निवेश के नए विकल्प मिलने से निवेशकों की गतिविधियां बढ़ीं।
- **विदेशी बिकवाली से बाजार प्रभावित-** विदेशी निवेशकों ने 583 करोड़ रुपए की बिकवाली की, जबकि घरेलू निवेशकों ने 1509 करोड़ रुपए का निवेश किया।
- **तेल महंगा होने से चिंता-** कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंचीं। इससे परिवहन और औद्योगिक कारोबार की लागत पर दबाव बढ़ सकता है।
- **इंदौर कारोबारियों की नजर बाजार पर** शेयर बाजार की अस्थिरता के बीच इंदौर के कारोबारी निवेश संबंधी फैसलों में सतर्कता बरत रहे हैं। वैश्विक संकेतों पर नजर है।

### योजना क्रमांक 77 को करीब 50 साल से खत्म नहीं किए जाने से नाराज प्रभावित भूखंडधारक और रहवासी पहुंचे इंदौर विकास प्राधिकरण

# बड़ी संख्या में लोगों ने आईडीए अधिकारियों का घेराव कर विरोध जताया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



योजना क्रमांक 77 को करीब 50 साल से खत्म नहीं किए जाने से नाराज प्रभावित भूखंडधारक और रहवासी गुरुवार को इंदौर विकास प्राधिकरण पहुंचे। अयोध्यापुरी रहवासी संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने आईडीए अधिकारियों का घेराव कर विरोध जताया। लोगों का कहना था कि वे सालों से योजना से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला।

लोगों के आक्रोश की जानकारी मिलने पर कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे। प्रभावित लोगों ने कलेक्टर को घेरकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, हम सालों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हो रही। हमारा जीवन नर्क हो गया है। आखिर हमें न्याय कब मिलेगा? रहवासियों ने योजना क्रमांक 77 को तत्काल खत्म अथवा डि-नोटिफाई करने की मांग रखी।

इसके बाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में आईडीए ने 16 जुलाई 2001 को संकल्प क्रमांक 324 पारित किया। संघ के अनुसार, गीता नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था की भूमि को छोड़कर बाकी भूमि को योजना क्रमांक 77 से मुक्त किया जा चुका है। अयोध्यापुरी रहवासी संघ ने योजना को खत्म करने के लिए मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम, 2019 का हवाला दिया है। संघ का कहना है कि संशोधित प्रावधानों में ऐसी पुरानी योजनाओं को व्यपगत करने का प्रावधान है, जिनमें विकास कार्य शुरू नहीं हुआ या योजना के क्रियान्वयन के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए। संघ के अनुसार, योजना क्रमांक 77 में उस समय करीब 67.16 लाख रुपए खर्च हुए थे, जो कुल योजना लागत के 10 प्रतिशत से कम बताए गए हैं। इसलिए नियमानुसार आवश्यक प्रतिपूर्ति लेकर योजना को व्यपगत किया जा सकता है।

**कांग्रेस नगर अध्यक्ष भी पहुंचे, कहा अन्याय हो रहा-** पीड़ितों के प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से कहा कि भाजपा के शासन में उनके साथ लगातार अन्याय हो रहा है।

### 50 से ज्यादा भू-स्वामियों को एनओसी भी जारी

रहवासियों ने दावा किया कि योजना में आज तक कोई अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो सका है। वहीं, पिछले करीब 23 वर्षों में योजना के तहत 50 से अधिक भू-स्वामियों को एनओसी जारी किए जा चुके हैं। इन एनओसी के आधार पर कई निजी परियोजनाओं का विकास भी पूरा हो चुका है। प्रभावित लोगों का सवाल है कि जब जमीन के कई हिस्सों को योजना से मुक्त किया जा चुका है और एनओसी भी जारी किए जा चुके हैं, तो पूरी योजना को औपचारिक रूप से समाप्त करने में देरी क्यों की जा रही है।

### लोगों ने रखीं ये प्रमुख मांगें

योजना क्र. 77 को तत्काल व्यपगत/डि-नोटिफाई किया जाए। 2019 के संशोधित अधिनियम के तहत प्रक्रिया पूरी की जाए। नियमानुसार आवश्यक प्रतिपूर्ति लेकर योजना समाप्त की जाए। 1996 के हाईकोर्ट के फैसले और पहले जारी एनओसी के अनुरूप लंबित कार्रवाई पूरी हो। अयोध्यापुरी सहित प्रभावित कॉलोनियों के करीब 7 हजार परिवारों को नियमितीकरण में राहत दी जाए। वर्षों से लंबित मामले में अब अंतिम और स्पष्ट निर्णय लिया जाए। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने 50 साल बहुत हुए- अब और नहीं और योजना क्रमांक 77 को समाप्त करो जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश जताया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी मामले में हस्तक्षेप कर जल्द समाधान कराने की मांग की।

### 1976 में बनी थी योजना, 1996 में हाईकोर्ट ने भू-अर्जन निरस्त किया

- रहवासियों के मुताबिक, ग्राम छोटी खजरानी और खजराना क्षेत्र में इंदौर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट ने वर्ष 1976 में आवासीय विकास योजना क्रमांक 77 प्रस्तावित की थी। योजना में शामिल भू-स्वामियों की आपत्तियों पर व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर हुई थीं।
- मामले में हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने 26 सितंबर 1996 को योजना के तहत धारा 50(7) की अधिसूचना और भू-अर्जन की पूरी कार्रवाई निरस्त कर दी थी। रहवासियों का कहना है कि इस फैसले के खिलाफ प्राधिकरण ने किसी न्यायालय में अपील भी नहीं की।

### 18 कॉलोनियों के करीब 7 हजार परिवार प्रभावित

रहवासियों का कहना है कि योजना क्रमांक 77 की लंबित स्थिति का असर सिर्फ अयोध्यापुरी तक सीमित नहीं है। अयोध्यापुरी सहित करीब 18 कॉलोनियों के लगभग 7 हजार परिवार इससे प्रभावित बताए जा रहे हैं। योजना के कारण इन क्षेत्रों में नियमितीकरण और नागरिक अधोसंरचना से जुड़े कई काम प्रभावित हो रहे हैं।

### महिला को अस्पताल ले गया बिजनेसमैन, फिर लाश छोड़कर भागा, मुंह से निकल रहा था झाग

# कारोबारी संग होटल में रुकी ब्यूटिशियन की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

तिलक नगर स्थित एलएक्स होटल के कमरे में 32 वर्षीय ब्यूटिशियन सोनाली शर्मा की मौत हो गई। डेडबॉडी बिस्तर पर पड़ी थी और मुंह से झाग निकल रहा था। वह पाइप कारोबारी दीपक खंडेलवाल के साथ होटल में रुकी थी। जहर खाने से मौत की आशंका है।

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक, सुंदर नगर निवासी सोनाली बुधवार दोपहर 2 बजे दीपक खंडेलवाल के साथ होटल पहुंची थी। दोनों ने कमरा किराए पर लिया था। कुछ घंटे बाद दीपक कमरे से निकलकर होटल स्टाफ के पास पहुंचा।



कारोबारी ने होटल स्टाफ को बताया कि- मेरी दोस्त की तबीयत खराब है। उसे अस्पताल ले जाना है। इसके बाद दीपक महिला को अक्षत अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दीपक महिला को छोड़कर भाग निकला। सोनाली के पिता ने पुलिस को बताया- वह पिंक सिटी पार्लर में काम करती थी। इसी पार्लर में उसकी दीपक खंडेलवाल से पहचान हुई थी। पिता के मुताबिक, दीपक पहले भी दो बार सोनाली के घर आ चुका था।

### पति करीब एक साल से अलग रह रहा था

पुलिस के अनुसार, सोनाली अपने पति से अलग रहती थी, क्योंकि पति कुछ काम नहीं करता था। उसका पति भी करीब एक साल से अलग रह रहा है। वह ड्राइवर है और मूल रूप से ब्यावरा का रहने वाला है। सोनाली की दो बेटियां हैं, एक 8 और दूसरी 14 साल की है।

### पार्लर जाने की बात कहकर निकली थी

पिता के मुताबिक, बुधवार को सोनाली पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह दीपक के साथ होटल पहुंची। शाम को दीपक के कमरे से निकलने के बाद होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोनाली जिस हालत में मिली थी, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। फिलहाल जहर खाने से मौत की आशंका है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

## कांग्रेस का दावा-'छात्रों की गूंज' के लिए 1.50 लाख रजिस्ट्रेशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 19 सितंबर को प्रस्तावित राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस और प्रशासन आमने-सामने हैं। 11 दिन से प्रयासरत कांग्रेस को अब तक कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिली है। अनुमति का लेटर कलेक्टर, नगर निगम, पुलिस और इंदौर डबलपमेंट अथॉरिटी के बीच घूम रहा है।

उधर, कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि अनुमति मिले या न मिले, कार्यक्रम होकर रहेगा। वहीं प्रशासन वैधानिक प्रक्रिया के तहत निर्णय लेने की बात कह रहा है। पार्टी ने दावा किया है कि बुधवार को 24 घंटे में 50 हजार के साथ 1.50 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

कांग्रेस ने नेहरू स्टेडियम में पहले हुए बड़े आयोजनों का हवाला देते हुए अनुमति नहीं देने पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने 8 फरवरी 2026 को भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला के यूथ वॉक कार्यक्रम और 10 नवंबर 2024 को 5 हजार महिलाओं के सामूहिक तलवारबाजी प्रदर्शन का उदाहरण दिया है। कांग्रेस का तर्क है कि जब स्टेडियम में पहले बड़े आयोजन हो चुके हैं तो राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए अनुमति में दिक्कत क्यों आ रही है।

## ट्रांसपोर्ट नगर में फुटपाथ पर व्यक्ति का शव मिला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे 50 वर्षीय हम्माल गोल्डी का शव फुटपाथ पर खून से लथपथ मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस के मुताबिक, पत्थरों से वार कर उसकी हत्या की गई है। घटना के बाद से उसका साथी बंटी फरार है। टीआई संतोष दूधी के मुताबिक, सुबह एफआरवी को ट्रांसपोर्ट नगर में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो गोल्डी का चेहरा पूरी तरह खून से सना हुआ था। पुलिस के मुताबिक, गोल्डी ट्रांसपोर्ट नगर में हम्माली के साथ ट्रकों की चौकीदारी भी करता था। वह कई सालों से इसी इलाके में रहता था और फुटपाथ पर ही सोता था। गोल्डी के साथ उसका साथी बंटी भी रहता था। घटना के बाद से बंटी फरार है, इसलिए पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



## सेंट्रल जेल में एनडीपीएस के आरोपी पर हमला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**




इंदौर के सेंट्रल जेल में एनडीपीएस एक्ट के मामले में बंद विचाराधीन कैदी पर एक अन्य कैदी ने खाना बांटने वाले डंके से हमला कर दिया। आरोपी ने कैदी के सिर और नाक पर वार किए। घटना के बाद जेल अस्पताल में उसका प्राथमिक इलाज कराया गया और मेडिकल कराया गया। सेंट्रल जेल प्रबंधन की शिकायत पर एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी कैदी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सेंट्रल जेल अधिकारियों की शिकायत के अनुसार, जूना पीठा निवासी शाकीर उर्फ मेडिकल पुत्र नासिर एनडीपीएस के मामले में विचाराधीन कैदी है। शाकीर ने जेल प्रशासन को बताया कि वह बैरक नंबर 2 के पास घूम रहा था। इसी दौरान कैदी पुष्पेंद्र पुत्र लक्ष्मी किशोर वहां आया और बिना किसी कारण के उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर पुष्पेंद्र वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह खाना बांटने वाला डंका लेकर वापस आया।

पुष्पेंद्र ने आते ही शाकीर के सिर और नाक पर डंके से वार करना शुरू कर दिया। हमले में घायल होकर शाकीर जमीन पर गिर गया। इसके बाद वार्ड का संतरी और अन्य कैदी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।

संतरी और अन्य कैदियों ने पुष्पेंद्र को पकड़ लिया और शाकीर को बचाया। जेल प्रशासन के अनुसार, हमले की सही वजह अभी पता नहीं चल सकी है।

# जियोफाइनेंस ऐप में जुड़े 2 नए फीचर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी जियो फाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड ने आज जियोफाइनेंस ऐप पर जियोफाइनेंस+ और जियोफाइनेंस360 लॉन्च करने की घोषणा की।

इन दोनों नए फीचर्स को इस तरह तैयार किया गया है कि ग्राहक अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर तरीके से समझ सकें और उसमें सुधार कर सकें। साथ ही, हर लेनदेन पर बेहतर रिवॉर्ड के जरिए उन्हें ज्यादा वैल्यू और फायदे मिल सकें।

जियोफाइनेंस+ एक खास और अपनी तरह का पहला मेंबरशिप प्रोग्राम है, जो जियोफाइनेंस मार्केटप्लेस पर उपलब्ध चुनिंदा फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स पर ग्राहकों को एक्सक्लूसिव फायदे देता है।




जियोफाइनेंस+ की एक बड़ी खासियत इसका वैल्यू बैक मॉडल है। इसके तहत एलिजिबल ट्रांजेक्शन पर प्लेटफॉर्म को मिलने वाले कमीशन का एक हिस्सा ग्राहकों को सीधे फायदे के रूप में वापस दिया जाता है। इससे जियोफाइनेंस ऐप पर किए जाने वाले फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन ग्राहकों के लिए और ज्यादा फायदेमंद हो जाते हैं।

# 20 वर्षीय युवती ने जैन दीक्षा लेने का लिया फैसला

### परिवार के विरोध पर हाई कोर्ट का आदेश जीवन का फैसला खुद लेने के लिए स्वतंत्र

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 20 वर्षीय युवती के जैन दीक्षा लेने के फैसले को उसके धार्मिक और मौलिक अधिकार से जुड़ा मामला मानते हुए उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बालिग व्यक्ति को अपनी पसंद के अनुसार धर्म का पालन करने और धार्मिक जीवन अपनाने का अधिकार है। इस अधिकार से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता।

युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि वह श्वेतांबर जैन धर्म से प्रभावित है और सांसारिक जीवन छोड़कर जैन साध्वी के रूप में दीक्षा लेना चाहती है। हालांकि, उसके माता-पिता और अन्य रिश्तेदार उसके इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। युवती ने आशंका जताई कि परिवार के सामाजिक प्रभाव के कारण उसकी स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है और उसे अपनी धार्मिक इच्छा के अनुसार जीवन अपनाने से रोका जा सकता है।

### कोर्ट बोला बालिग अपने जीवन का फैसला लेने के लिए स्वतंत्र

मामले की सुनवाई जस्टिस संदीप एन. भट्ट की एकल पीठ ने की। कोर्ट ने युवती के माता-पिता की भावनाओं और उनकी पीड़ा के प्रति सहानुभूति जताई, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि युवती बालिग है और अपने जीवन से जुड़े फैसले खुद लेने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने कहा कि किसी बालिग नागरिक को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने और धार्मिक जीवन अपनाने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। उसके मौलिक और धार्मिक अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है।

### सुरक्षा के लिए थाने में आवेदन देने के निर्देश

हाई कोर्ट ने युवती को अपनी सुरक्षा के लिए संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष आवेदन देने के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी को आवेदन मिलने के बाद उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस तरह कोर्ट ने युवती के दीक्षा लेने के व्यक्तिगत फैसले में हस्तक्षेप करने के बजाय उसके धार्मिक स्वतंत्रता और सुरक्षा के अधिकार को प्राथमिकता दी।


**तुरंत आवश्यकता**

आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक

अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749










**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**

जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।

पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर (M.A. Astrologer)

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान

नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन

नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक

मोबाइल- 9827007312, 98277-33384

(web.www.jyotishdham.in)






स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com